
शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा - 12


सरकार ने लगायी रोक, 30 सितंबर तक विदेश नहीं जाएगी भारत की चीनी - 12


पति की मौत पर भावुक किताब लिखी, खुद की निकली उसकी कातिल - 13


लगातार शून्य पर आउट होने से नर्वस था, रन नहीं बनने से बेचैन हो जाता हूं : कोहली - 14



आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.20
सूर्यास्त 06.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 05:11 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 15 मई 2026, वर्ष 6, अंक 79, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## न्यायमूर्ति स्वर्णकांता ने केजरीवाल के खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही की शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- दिल्ली हाईकोर्ट की जज ने कहा- कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय उन्हें बदनाम करने के लिए सुनियोजित अभियान चलाया, अब दूसरी पीठ करेगी सुनवाई

दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, दुर्गेश पाठक, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज और अन्य के खिलाफ आबकारी नीति मामले के संबंध में उनके विरुद्ध सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने के लिए आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू की।

न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय उन्हें बदनाम करने के इरादे से सोशल मीडिया पर एक सुनियोजित अभियान चलाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आरोपियों को आरोपमुक्त किए जाने के खिलाफ सीबीआई की याचिका पर अब दूसरी पीठ सुनवाई करेगी। न्यायाधीश ने अवमानना के आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए कई पोस्ट पर आपत्ति जताई, जिनमें उन पर 'राजनीतिक निष्ठा' का आरोप लगाया गया था और वाराणसी के एक शैक्षणिक संस्थान में दिए गए उनके भाषण के 'संपादित' वीडियो को पोस्ट करके कथित तौर पर उन्हें निशाना बनाया गया था। न्यायमूर्ति शर्मा ने कहा, अरविंद केजरीवाल ने मेरे द्वारा मामले से खुद को अलग करने से इनकार करने के बाद कानूनी उपायों का सहारा लेने के बजाय मेरी प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश की। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की आड़ में अदालत के अधिकार को कम करने के जानबूझकर किए गए प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है।'

## 42 महीने के उच्च स्तर पर थोक महंगाई दर, 8.3% पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

पश्चिम एशिया संकट के कारण थोक मुद्रास्फीति में जबर्दस्त उछाल




- ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि का असर
- थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी

पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3% पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी। थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है।

वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई। पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.62 प्रतिशत रही जबकि पिछले महीने यह 3.39 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली श्रेणी में, एलपीजी में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 10.92 प्रतिशत रही। पेट्रोल में महंगाई दर 32.40 प्रतिशत रही, जो पिछले महीने 2.50 प्रतिशत थी।

### वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत वृद्धि

डीजल में महंगाई दर अप्रैल में 25 .19 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 3 .26 प्रतिशत थी। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में 50 प्रतिशत की वृद्धि के बावजूद सरकार ने अब तक पेट्रोल और घरेलू एलपीजी की कीमतों को स्थिर रखा है ताकि उपभोक्ताओं को कीमतों में बढ़ोतरी के असर से बचाया जा सके। वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में हालांकि वृद्धि की गई है। इसका असर अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति की 3 .48 प्रतिशत की दर में स्पष्ट नजर आया।

## ब्रीफ न्यूज

### सतीशन होंगे केरल के मुख्यमंत्री, राज्यपाल को समर्थन पत्र सौंपा



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित वीडी सतीशन ने गुरुवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मुलाकात कर समर्थन पत्र सौंपा। शपथ समारोह 18 मई को होने की संभावना है। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख सनी जोसेफ और राज्य की कांग्रेस प्रभारी दीपा दासमुंसी सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। सतीशन को कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में सर्वसम्मति से चुने गए।

### रिलायंस कम्युनिकेशंस धोखाधड़ी मामले में सात परिसरों में तलाशी

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह की कंपनी रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के मामले में सात परिसरों में तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई ने कहा कि मुंबई, गुरुग्राम और बेंगलुरु में कंपनी के तत्कालीन सीईओ, सीएफओ और निदेशकों के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली गई जिन्होंने 2015-2017 की अवधि के दौरान अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए और इस संबंध में जांच जारी है।

## भारत पश्चिम एशिया और होर्मुज संकट से निपटने में हर योगदान देने को तैयार

### ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में बोले जयशंकर, कहा- व्यावहारिक रास्ते खोजने होंगे

- भारत ने की बैठक की अध्यक्षता, ईरान रूस, ब्राजील और समूह के कई सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को पश्चिम एशिया के संकट और होर्मुज में तेल आपूर्ति तथा समुद्री स्थिरता पर इसके प्रभाव पर गंभीर चिंता जताते हुए ब्रिक्स देशों से भू-राजनीतिक उथल-पुथल से बेहतर ढंग से निपटने के लिए व्यावहारिक तरीके खोजने का आग्रह किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यह टिप्पणी यहां आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में की जिसमें ईरान, रूस, ब्राजील और समूह के कई अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया।

उन्होंने किसी देश विशेष का नाम लिए बिना कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संबंध संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आधारित होने चाहिए और किसी संघर्ष के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सतत मार्ग प्रदान करते हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत तनाव कम करने की कोशिशों में अच्छा योगदान देने और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों को समर्थन देने के लिए तैयार है। साथ ही, उन्होंने कहा कि शांति टुकड़ों में नहीं हो सकती और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करना, आम लोगों की रक्षा करना और सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाने से बचना जरूरी है। विदेश मंत्री ने होर्मुज और लाल सागर से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करने की भी जोरदार वकालत की और गाजा में लड़ाई के गंभीर मानवीय असर पर चिंता जताई। ब्रिक्स दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जो वैश्विक आबादी का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी का करीब 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है।



**नई दिल्ली :** ब्रिक्स की बैठक में शामिल हुए विदेश मंत्रियों के साथ एस जयशंकर।

### भारत की मेजबानी में हुई बैठक के कई मायने

भारत की मेजबानी में हुई यह बैठक इसलिए और भी जरूरी हो गई है क्योंकि यह प्रभावशाली समूह पश्चिम एशिया संकट के आर्थिक नतीजों, खासकर ऊर्जा आपूर्ति में भारी रुकावटों और व्यापार तथा शुल्क पर अमेरिका की नीति से जूझ रहा है। जयशंकर ने कहा, पश्चिम एशिया में संघर्ष पर खास ध्यान देने की जरूरत है। लगातार तनाव, समुद्री यातायात के लिए जोखिम और ऊर्जा ढांचे में रुकावटें स्थिति की नाजुकता को दिखाती हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि होर्मुज और लाल सागर समेत अंतर्राष्ट्रीय जलमार्गों से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन वैश्विक आर्थिक भलाई के लिए अहम हो गया है।

### रूस के विदेश मंत्री लावरोव ने मोदी से कई मुद्दों पर की चर्चा

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने भारत आए सभी देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने लावरोव के साथ बैठक में भारत के उस दृढ़ रुख को दोहराया कि संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का बेहतर मार्ग है। मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के उद्देश्य से किए जा रहे प्रयासों के प्रति भारत का निरंतर समर्थन दोहराया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिलकर प्रसन्नता हुई। हमारी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर हुई प्रगति के बारे में जानकारी देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, हमने यूक्रेन और पश्चिम एशिया की स्थिति समेत विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।



- पीएम ने भारत आए विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

## दिल्ली : महिला का अपहरण कर चलती बस में गैंगरेप

नई दिल्ली, एजेंसी

- सड़क पर फेंककर भागे दरिंदे नांगलोई में हुई वारदात, ड्राइवर और कंडक्टर गिरफ्तार

दिल्ली में एक बार फिर से निर्भया जैसा कांड हो गया। यहां के मंगोलपुरी इलाके में काम से घर लौट रही 30 वर्षीय एक शादीशुदा महिला को एक निजी स्लीपर बस के अंदर घसीटकर ले जाया गया और चालक व परिचालक ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बस से बाहर फेंक दिया गया। इस बाबत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 14 साल बाद फिर से हुई इस खौफनाक वारदात ने लोगों को हिलाकर रख दिया है।

साल 2012 के निर्भया सामूहिक दुष्कर्म कांड की याद दिलाने वाली यह घटना 11 मई को हुई। पुलिस सूत्रों ने घटना का ब्यौरा देते हुए बताया कि महिला मंगोलपुरी इलाके की एक फैक्टरी में काम करने के बाद घर लौट रही थी और सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड के पास पहुंचते ही उसने आरोपियों में से एक को बस के दरवाजे के पास खड़ा देखा और उससे समय पूछा। इसके बाद आरोपी ने उसे बस के अंदर खींच लिया और बस को नांगलोई की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। विवाहिता और तीन बच्चों की मां के बयान के अनुसार, दोनों पुरुषों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय महिला पर हमला हुआ उस समय बस नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास खड़ी थी। बस को जब्त कर लिया गया है। डीसीपी विक्रम सिंह ने कहा, रानी बाग थाने में हमें एक महिला के साथ गैंगरेप की सूचना मिली। घटना की जानकारी सबसे पहले पीसीआर कॉल से मिली जिसमें उसने आरोप लगाया था कि दो व्यक्तियों ने यौन उत्पीड़न किया है।

### महिला को पीटा, चेहरे और हाथ पर आई चोट

पीड़िता के पति ने बताया कि घटना के दौरान महिला को पीटा गया था और उसके चेहरे और हाथों पर चोटें आई थीं। उन्होंने कहा, महिला के एक रिश्तेदार ने उसे एस ब्लॉक के पास छोड़ा था। हमें पता चला कि उसे जबरदस्ती बस के अंदर ले जाया गया और दो लोगों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। हमें पुलिस से पूरा सहयोग मिल रहा है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस पीड़ित को बस के अंदर घसीटे जाने के क्षण से लेकर बस जहां जहां गई उस पूरे मार्ग का नक्शा बनाने की योजना बना रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के समय वहां कोई और मौजूद था या नहीं।

## 16 राज्यों व 3 केंद्रशासित प्रदेशों में होगी एसआईआर

नई दिल्ली, एजेंसी

- यहां 36.73 करोड़ वोटर्स, 30 मई से 23 दिसंबर के बीच होगा वेरिफिकेशन, पंजाब-उत्तराखंड और मणिपुर में अगले साल चुनाव

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे दौर की शुरुआत की घोषणा की।

निर्वाचन आयोग ने कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा।

पंजाब, झारखंड, कर्नाटक और तेलंगाना उन विपक्ष शासित राज्यों में हैं जहां एसआईआर की प्रक्रिया संचालित होगी। एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। उनकी सहायता के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट होंगे। हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में यह कवायद संपन्न हो जाएगी। एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम इस समय जारी जनगणना में मकानों की गिनती की प्रक्रिया में लगे कर्मियों के अनुरूप तय किया गया है।



### एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें : ज्ञानेश

एसआईआर के इस चरण को लेकर अपने संदेश में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें और अपने फॉर्म भरें। एसआईआर इस उद्देश्य के साथ किया जा रहा है कि सिर्फ पात्र मतदाताओं के नाम सूची में रहें और कोई भी अपात्र नाम नहीं रहे।

## यूसीसी: प्रदेश में हलाला का पहला मामला आया सामने

- तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न के केस में हलाला भी चार्जशीट में शामिल

**देहरादून।** हरिद्वार पुलिस ने तीन तलाक, दहेज उत्पीड़न और मारपीट के साथ ही पहली बार हलाला को भी अपराध में शामिल करते हुए गुरुवार को न्यायालय में चार्जशीट फाइल की है। उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू होने के बाद इसे राज्य के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर भी अहम कानूनी कार्रवाई माना जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह प्रकरण थाना बुग्गावाला क्षेत्र से संबंधित है। पीड़िता ने इसी साल 4 अप्रैल को अपने पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर संगीन आरोप लगाते हुए थाना बुग्गावाला में शिकायत दी थी। आरोप था कि शादी के बाद से लगातार उसका उत्पीड़न किया जा रहा था। उसने पति पर तीन तलाक देने, दहेज प्रताड़ना व मारपीट करने और घर से निकालने के आरोप लगाए थे। यह भी आरोप था कि पति द्वारा उसके साथ जबरन हलाला कराया गया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पति, ससुर, जेठ, देवर समेत परिवार के अन्य सदस्यों को नामजद किया। विवेचना में हलाला और तीन तलाक से संबंधित तथ्य भी सामने आए, जिसके बाद मामले में उत्तराखंड यूसीसी एक्ट के प्रावधान भी जोड़े गए। जांच के दौरान देहरादून निवासी एक अन्य व्यक्ति का नाम भी प्रकाश में आने पर उसे भी मामले में शामिल किया गया।

## जिनपिंग ने ताइवान मुद्दे पर ट्रंप को दी चेतावनी

**बीजिंग।** ईरान युद्ध, ऊर्जा सुरक्षा व व्यापार जैसे व्यापक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बीच चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को राष्ट्रपति ट्रंप को चेतावनी दी कि ताइवान मुद्दे को गलत तरीके से संभालने से दोनों देशों के बीच टकराव और यहां तक कि संघर्ष की स्थिति पैदा हो सकती है।



बीजिंग में दो घंटे तक हुई वार्ता के पहले दौर के समापन के बाद, ट्रंप ने जिनपिंग और उनकी पत्नी को 24 सितंबर को व्हाइट हाउस में आमंत्रित किया। बैठक के बाद जिनपिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंधों के निर्माण के एक नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है। सरकारी मीडिया के अनुसार, जिनपिंग ने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। एजेंसी शिन्हुआ ने जिनपिंग के हवाले से कहा कि अगर स्थिति को सही ढंग से संभाला गया तो द्विपक्षीय संबंध कुल मिलाकर स्थिर रहेंगे, अन्यथा, टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है, जिससे द्विपक्षीय संबंध गंभीर खतरे में पड़ जाएंगे। (संबंधित देश-दुनिया पर)

## होर्मुज में एक और भारतीय जहाज 'हाजी अली' डूबा

**नई दिल्ली।** ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में गुजरात का एक और मालवाहक जहाज डूब गया। हाजी अली नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार से हमला हुआ। हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया। गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार ने बताया कि हाजी अली जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था। सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हो गया। क्रू मेंबर्स ने बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी।

**दो टैंकरों ने पार किया होर्मुज :** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे दो टैंकर ने होर्मुज को पार कर लिया है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि 'सिमी' नामक एलपीजी टैंकर 13 मई को जलडमरूमध्य पार कर गया, जबकि 'एनवी सनशाइन' टैंकर ने गुरुवार को सुरक्षित रूप से इस मार्ग को पार किया।

आयोजन

मुख्यमंत्री ने 307 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को प्रदान किए नियुक्ति पत्र

## नियुक्ति नहीं, यह जनसेवा का संकल्प पत्र : धामी

- कहा- साढ़े चार वर्षों में राज्य में 32 हजार से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में 307 नव नियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि, यह नियुक्ति पत्र केवल रोजगार का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की सवा करोड़ जनता की सेवा का संकल्प पत्र हैं।

मुख्यमंत्री ने समारोह में 243 चिकित्सा अधिकारियों, 42 फार्मासिस्ट, उद्यान विभाग के अन्तर्गत 22 प्रयोगशाला सहायकों एवं मशरूम पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



आयुष्मान योजना में प्रदेश में अब तक 62 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित करने के साथ करीब 12 लाख मरीजों का 2200 करोड़ से अधिक का कैशलेस उपचार किया जा चुका है। राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और संचालन तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में राज्य में 5 मेडिकल कॉलेज संचालित जबकि 2 निर्माणाधीन हैं। 9 नर्सिंग कॉलेज और 3 नर्सिंग स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हल्द्वानी में आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण प्रगति पर है। दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन एवं हेली एंबुलेंस सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता से हो रही है। प्रदेश में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इसका परिणाम है कि पिछले साढ़े चार वर्षों में 32 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं। सरकार कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने के लिए भी प्रतिबद्ध है। समारोह में कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी, स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल और कैबिनेट मंत्री खजान दास ने भी विचार रखे।

## स्टेट ब्रीफ

### कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला पर केस दर्ज

**देहरादून :** नर्सिंग बेरोजगारों के आंदोलन के दौरान पानी की टंकी पर चढ़कर आत्मदाह की धमकी देने और सरकारी कार्यों में बाधा डालने के आरोप में उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला सहित अन्य लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसपी सिटी प्रमोद कुमार ने गुरुवार को बताया कि, विगत मंगलवार ज्योति रौतेला चार अन्य नर्सिंग बेरोजगारों के साथ परेड ग्राउंड स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गयी थीं जहां उन्होंने स्वयं पर पेट्रोल छिड़ककर माचिस निकाल ली थी और आत्मदाह का प्रयास किया था।

### डीजीपी ने ऑपरेशन प्रहार की समीक्षा की

**देहरादून :** डीजीपी दीपम सेठ ने गुरुवार को एक माह से राज्य में अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान ऑपरेशन प्रहार की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि पूरे प्रदेश में इस दौरान 1,400 से अधिक अपराधी गिरफ्तार किए गए। डीजीपी ने बताया कि इस दौरान आतंकवादी नेटवर्क से जुड़े दो लोगों को ऊधमसिंह नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया। अभियुक्त हरेंद्र सिंह उर्फ हनी और निखिल वर्मा को भारी मात्रा में अवैध असलाह एवं कारतूसों के साथ गिरफ्तार किया गया। इनके तार आतंकी संगठन ''अल बदर'' से जुड़े प्रकरण से पाए गए। वहीं, एसटीएफ ने पाकिस्तानी आतंकी संगठन ''अल बरक ब्रिगेड'' के संपर्क में रहे अभियुक्त विक्रांत कश्यप को देहरादून से अवैध पिस्टल एवं कारतूसों सहित गिरफ्तार किया। राज्य में विभिन्न स्थानों पर फर्जी पहचान एवं दस्तावेजों के साथ अवैध रूप से निवासरत तीन बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया।

### पिटकुल निदेशक भर्ती प्रक्रिया पर मांगा जवाब

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने पिटकुल में निदेशक पद की भर्ती प्रक्रिया से जुड़े संशोधित सेवा नियमों पर प्रमुख सचिव ऊर्जा को व्यक्तिगत शपथपत्र दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि भर्ती नियमों में त्रुटि को सुधारने के लिए अभी तक क्या कदम उठाए गए हैं।

# राज्य के हर विकासखंड में बसेंगे आदर्श कृषि व उद्यान गांव: धामी

## सीएम ने उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की ली बैठक

- मुख्यमंत्री धामी ने दिए तीन वर्षीय कार्ययोजना बनाने के निर्देश

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की बैठक में निर्देश दिए कि राज्य के प्रत्येक विकासखंड से एक-एक गांव का चयन कर उसे कृषि एवं उद्यान के क्षेत्र में आदर्श गांव के रूप में विकसित करें ताकि स्थानीय संसाधन, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त बनायी जा सके।

गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, जलवायु, भूमि की गुणवत्ता और स्थानीय आवश्यकताओं का अध्ययन करते हुए सुनिश्चित करें कि किस क्षेत्र में कौन-कौन से फल, सब्जियां अथवा अन्य कृषि उत्पाद अधिक बेहतर ढंग से विकसित किए जा सकते हैं। क्षेत्र विशेष की विशेषताओं के अनुरूप योजनाबद्ध कार्य कर राज्य को कृषि और बागवानी के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने बोर्ड को आगामी तीन वर्षों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश देते कहा कि सभी योजनाओं में किसानों के हित सर्वोपरि होने चाहिए। कृषि उत्पादन बढ़ाने, खेती की लागत कम करने और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास करें। बैठक में उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार डब्बू, सचिव डॉ. एस.एन. पांडेय व अपर सचिव बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

### गोष्ठियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर जोर



सीएम ने कहा कि जीबी पंत विवि तथा अन्य संस्थानों के सहयोग से प्रदेशभर में किसानों के लिए बड़े स्तर पर कृषि गोष्ठियों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करें। इनके माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, बेहतर खेती के तरीकों तथा उच्च गुणवत्ता वाले पौध, बीज और खाद उपलब्ध कराएं।

### तिलहनी फसलों का उत्पादन बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने विशेषकर तिलहनी फसलों (सरसों, तिल, सूरजमुखी, सोयाबीन) का उत्पादन बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों को इन फसलों के प्रति जागरूक करें जिससे कृषि विविधीकरण को बढ़ावा मिले और किसानों को बेहतर आर्थिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने बायो गैस संयंत्र और सौर ऊर्जा संचालित पंपों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश भी दिए।

### बिक्री में अपनाएं डिजिटल माध्यम

सीएम ने किसानों को उनकी उपज के विपणन में हरसंभव सहयोग प्रदान करने के साथ ही डिजिटल माध्यमों से बिक्री के लिए आवश्यक सुविधाएं और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराने की अपेक्षा की। कहा कि राज्य में जैविक खेती बढ़ाने के विशेष प्रयास करें। शोध और तकनीकी नवाचारों का लाभ सीधे किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से किसानों को लैब टू लैंड से जोड़ा जाए।

# ऊर्जा संरक्षण व ईंधन बचत के लिए राज्य में व्यापक कार्ययोजना लागू

- सीएम के निर्देश पर सभी विभागों को जारी हुए विस्तृत दिशा-निर्देश

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में राज्य में ऊर्जा संरक्षण, ईंधन बचत एवं सतत विकास को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों के क्रम में प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु ने गुरुवार को सभी विभागों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों तथा विभागाध्यक्षों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया कि वैश्विक परिस्थितियों विशेषकर कोविड महामारी के बाद उत्पन्न आर्थिक चुनौतियों, रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए ऊर्जा दक्षता और संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक हो गया है। सरकार का उद्देश्य ऊर्जा खपत में कमी लाते हुए पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास को जनआंदोलन का स्वरूप देना है। सभी विभागों को निर्देशित किया है कि ऊर्जा संरक्षण एवं ईंधन बचत से जुड़े इन उपायों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को सफल बनाया जाए।

### एसी का तापमान रखें 24-26 डिग्री के बीच

सभी सरकारी कार्यालयों में एयर कंडीशनर (एसी) का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखा जाएगा। अनावश्यक बिजली, रोशनी तथा ऊर्जा उपकरणों के उपयोग पर नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। विभागों को ऊर्जा बचत के प्रति संवेदनशील बनाते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सार्वजनिक परिवहन, कार पूलिंग तथा साझा वाहन व्यवस्था अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) के उपयोग को बढ़ावा देने तथा चार्जिंग नेटवर्क के विस्तार पर भी विशेष बल दिया गया है।

### निर्देशों के अन्य बिंदु

- पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा प्रोत्साहन
- मेड इन उत्तराखंड अभियान से स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा
- प्राकृतिक खेती और जैविक कृषि को प्रोत्साहन
- सौर ऊर्जा, पीएनजी और सीबीजी परियोजनाओं को मिलेगी गति
- निवेश परियोजनाओं के लिए त्वरित निर्णय व्यवस्था

### 'वर्क फ्रॉम होम', 'नो व्हीकल डे' को बढ़ावा

ईंधन की खपत कम करने के उद्देश्य से सभी विभागों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग आधारित बैठकों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं। अनावश्यक भौतिक बैठकों को सीमित किया जाएगा तथा वर्चुअल माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। साथ ही 'वर्क फ्रॉम होम', 'वर्क फ्रॉम होम', कर्मचारी बस सेवाओं तथा साइकिल शेयरिंग जैसी व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित किया जाएगा। निजी संस्थानों को भी ऊर्जा संरक्षण के इन प्रयासों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# उपनल: अधिकारियों पर अवमानना की तलवार

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने उपनल संविदा कर्मियों के नियमितीकरण मामले में दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए गुरुवार को राज्य सरकार से कड़ा जवाब तलब किया है। अदालत ने पूछा है कि आखिर पूर्व के आदेश का अनुपालन अभी तक नहीं करने पर क्यों न दोषी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना के आरोप तय किए जाएं और कार्रवाई अमल में लाई जाए।

सरकार को इस मामले में आगामी मंगलवार तक जवाब देना है। उपनल कर्मचारी संघ की ओर से दायर अवमानना याचिका पर न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की पीठ में सुनवाई हुई। उपनल कार्मिकों की ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट ने उपनल कार्मिकों के नियमितीकरण के साथ ही चयनित वेतनमान देने के आदेश दिए थे लेकिन सरकार ने अभी तक आदेश का अनुपालन नहीं किया है। सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा बताया गया कि हाईकोर्ट के निर्णय को कैबिनेट के समक्ष रखा गया और उस पर निर्णय लेना बाकी है। सरकार की ओर से इस संबंध में अतिरिक्त समय देने का अनुरोध किया गया।

# उत्तराखंड में 29 से एसआईआर

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने तीसरे चरण में 19 राज्यों के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की घोषणा कर दी है। उत्तराखंड राज्य में 1 जुलाई की अर्हता तिथि के आधार पर एसआईआर प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने गुरुवार को बताया कि आयोग द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में राज्य में 29 मई से 7 जून तक गणना प्रपत्र के प्रिंटिंग, कर्मचारियों के प्रशिक्षण सम्बंधी कार्य सम्पादित होंगे। 8 जून से 7 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संकलन करेंगे। उत्तराखंड में 14 जुलाई 2026 को ड्राफ्ट रोल का प्रकाशन किया जाएगा। इसी क्रम में 14 जुलाई से 13 अगस्त 2026 के बीच दावे एवं आपत्तियों को दर्ज करने का समय दिया गया है। इसी बीच 10 जुलाई से 11 सितंबर 2026 तक सभी नोटिस जारी कर दावे आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। आयोग के निर्देशानुसार 15 सितंबर 2026 अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। सीईओ ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 11733 पोलिंग बूथ के सापेक्ष वर्तमान में प्रदेश में राजनैतिक दलों द्वारा 21 हजार 808 बीएलए की तैनाती कर दी गई है।



एसआईआर के बारे में ब्रीफ करते एसीईओ डॉ. विजय जोगदंडे, साथ में वरिष्ठ अधिकारी।

# डीएम की उप निबंधक के निलंबन की संस्तुति

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी सविन बंसल द्वारा उप निबंधक कार्यालय विकासनगर में किए गए औचक निरीक्षण में स्टाम्प चोरी व गंभीर अनियमितताओं का बड़ा खुलासा हुआ है।

निरीक्षण में उप रजिस्ट्रार कार्यालय विकासनगर में चल रहे स्टांप चोरी एवं अवैधानिक रजिस्ट्रियों के मामले सामने आए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने उप निबंधक विकासनगर अपूर्वा सिंह के निलंबन व विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति शासन को भेजी है। डीएम के अनुसार, शीर्ष कोर्ट द्वारा बाधित करने के बावजूद गोल्डन फारेस्ट के खातों में डीएम ने अवैध गैरकानूनी 150 रजिस्ट्री पकड़ी। 2018 से 2025 तक के सैकड़ों मूल विलेख पत्र कार्यालय में डम्प मिले। पूर्ववत् कई वर्षों की 25 लम्बित रजिस्ट्रीयां बगैर किसी कारण अभिलिखित या सूचित किए पाई गईं। डीएम को रेफर स्टाम्प अपवंचन के मामले अति न्यून, अपर्याप्त मिले। करोड़ों के स्टाम्प चोरी होने का अंदेशा भी जताया गया है।




# जिले में 10 लाख लीटर रोजाना चाहिए तेल, बचत की आदतों से करें मेल

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को गंभीरता से अपनाने की जरूरत, आवश्यक संसाधनों का करना होगा प्रयोग, तभी ईंधन के संकट से मिल सकती है निजात

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वैश्विक संकट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी देशवासियों से पेट्रोलियम पदार्थों का कम से कम इस्तेमाल करने और वर्क फ्रॉम होम कल्चर बढ़ाने की अपील कर चुके हैं।

राज्य सरकार से लेकर पुलिस-प्रशासन के अधिकारी स्वयं इसका अनुपालन करने के साथ ही आम जनता से भी आवश्यक संसाधन बचाने की अपील कर रहे हैं लेकिन मुद्दा यह है कि एकदम से आमजन अपनी आदतों को कैसे बदलेगा। कुछ काम ऐसे हैं जो बिना वाहन के नहीं किए जा सकते हैं। जिले में 10 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल की प्रतिदिन जरूरत होती है। ऐसे में संकट की आहट से पहले ही हमें अपनी आदतों को तेजी के साथ बदलना होगा।



आंकड़ों के अनुसार, जिले में रोजाना करीब 10 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल की बिक्री होती है। इस तरह रोजाना करीब 9.20 करोड़ मूल्य का पेट्रोल-डीजल बिकता है। पेट्रोलियम एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र चड्ढा बताते हैं कि, जिले में 88 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें 7 लाख लीटर डीजल और 3 लाख लीटर पेट्रोल की खपत होती है। हल्द्वानी में 20 पेट्रोल पंप हैं। नैनीताल जिले में 1460507 वाहन रजिस्टर्ड हैं। कई लोग ऐसे हैं जिनके पास आवागमन के लिए वाहन ही एकमात्र विकल्प है। साथ ही दिक्कत यह है कि अभी इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या अपेक्षाकृत काफी कम हैं। हल्द्वानी संभाग में ही 753 इलेक्ट्रिक वाहन ही रजिस्टर्ड हैं।

इसी तरह एलपीजी की खपत भी बहुत है, जिसमें घरेलू एलपीजी सिलेंडर की बिक्री रोजाना 6 से 7 हजार और कॉमर्शियल की 500 से 700 है। वैश्विक संकट के लिहाज से आंकड़े चिंताजनक हैं। नैनीताल जिले में पर्यटन व्यवसाय हजारों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया है। गैस सिलेंडर की किल्लत सीधे तौर पर यहां पर पर्यटन कारोबार को बड़ा झटका देगी।

**9.20** करोड़ रुपये के ईंधन की रोजाना होती है बिक्री

**753** इलेक्ट्रिक कार केवल, बसें शून्य

**07** हजार घरेलू तो 500-700 कॉमर्शियल सिलेंडर कनेक्शन

**25** टन खाद्य तेल रोजाना बिकता है हल्द्वानी के बाजार में

### एक दिन में नहीं लेकिन एक दिन जरूर होगा

**हल्द्वानी :** ईंधन बचाने की आदत हर लिहाज से सही है। विदेशी मुद्रा की बचत होगी और पर्यावरण भी स्वच्छ रहेगा लेकिन यह भी है कि ईंधन बचाने की आदत अब एक दिन में नहीं आएगी। हां कोशिश करें तो एक दिन जरूर इसकी आदत हो जाएगी। इसके लिए हमें सार्वजनिक परिवहन का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करना चाहिए। रोजमर्रा के काम के लिए इलेक्ट्रिक दोपहिया अच्छा विकल्प है। रसोई में इंडक्शन का ज्यादा इस्तेमाल शुरू करना चाहिए।



### क्या कहते हैं अर्थशास्त्री

अर्थशास्त्री और डीबीएस स्कूल की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राजलक्ष्मी दत्ता का कहना है कि, देश की इकोनॉमी को गिरने से बचाने के लिए संसाधनों को संरक्षित करना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के पीछे का मुख्य कारण देश के आयात को कम करना है, जिससे इकोनॉमी मजबूत रहेगी। संसाधनों के लिए बाहरी देशों पर जितनी निर्भरता कम होगी, उतना बेहतर रहेगा। देश गोल्ड और पेट्रोलियम पदार्थों का 90 प्रतिशत बाहरी देशों से आयात करता है। लोगों को सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल, कार पूलिंग, ऑनलाइन मीटिंग को बढ़ावा देना चाहिए।

### नो व्हीकल डे होगा अच्छा प्रयोग

**हल्द्वानी :** परिवहन संभाग हल्द्वानी में रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या भी बता रही है कि यदि 'नो व्हीकल डे' आह्वान का समझदारी से अनुपालन किया जाए तो पेट्रोलियम पदार्थों का संकट काफी कम हो सकता है। हल्द्वानी संभाग में रजिस्टर्ड वाहनों की संख्या 1460507 है, जिसमें हल्द्वानी आरटीओ कार्यालय में 471868 वाहन रजिस्टर्ड हैं।



### सार्वजनिक परिवहन का अधिक प्रयोग

हल्द्वानी डिपो की रोडवेज बसों में रोजाना 4000-4200 लीटर डीजल की खपत होती है। 77 बसों का बेड़ा है। एआरएम संजय पांडे का कहना है कि रोडवेज बसें सार्वजनिक परिवहन का प्रमुख हिस्सा हैं। आम जन से अपील है कि सार्वजनिक परिवहन का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की अपील की है।

### ईवी क्षेत्र में जागरूकता लाने की जरूरत



परिवहन संभाग हल्द्वानी में सार्वजनिक ई-वाहन एक भी नहीं है जबकि कारों की संख्या भी मात्र 753 है। रजिस्टर्ड ई-रिक्शा वाहनों की संख्या 25117 है जबकि दोपहिया वाहन 6927 हैं। अन्य श्रेणी के इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या 2741 है। वहीं मात्र 163 कार रजिस्टर्ड हैं, जबकि दोपहिया वाहन 2030 हैं।

### खाद्य तेल में कटौती जरूरी

हल्द्वानी शहर के बाजारों में रोजाना औसतन 25 टन खाद्य तेल बिकता है, जिसमें सरसों के तेल की खपत अधिक है। इसी तरह रिफाइंड तेल भी बड़ी मात्रा में बिकता है। मंडी गल्ला व्यापारी राकेश गुप्ता ने बताया कि मंडी में शहरवासियों के साथ ही पड़ोसी जिलों के पर्वतीय क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में खाद्य तेल खरीदते हैं। खाद्य तेल की मात्रा में 10 प्रतिशत की कटौती भी बचत के साथ स्वास्थ्य रक्षा में बड़ा सहयोग देगी।



### हल्द्वानी संभाग में रजिस्टर्ड वाहन

| आरटीओ | कुल वाहन |
|---|---|
| हल्द्वानी | 471868 |
| रुद्रपुर | 560785 |
| टनकपुर | 46158 |
| काशीपुर | 301133 |
| रामनगर | 80563 |
| योग | 1460507 |

### हर शनिवार पब्लिक ट्रांसपोर्ट हुआ अनिवार्य

**हल्द्वानी :** सरकारी कर्मचारियों को निजी वाहनों का प्रयोग कम करने, अधिक से अधिक ई-वाहन का उपयोग करने और कार पूलिंग के निर्देश दिए हैं। आरटीओ प्रशासन डॉ. गुरदेव सिंह ने आदेश जारी कर कहा कि हल्द्वानी परिवहन संभाग के सभी अधिकारी और कर्मचारी अब हर शनिवार को कार्यालय आने-जाने के लिए अनिवार्य रूप से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करेंगे। ईंधन की बचत, प्रदूषण में कमी, यातायात का दबाव घटाने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मदद मिलेगी। यह औपचारिकता के तौर पर नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी के रूप में अपनाया जाए। जिन कर्मचारियों के पास इलेक्ट्रिक वाहन उपलब्ध हैं, वे उनका ही अधिक से अधिक उपयोग करेंगे।

# नैनीताल हाईकोर्ट में आज 'नो व्हीकल डे'

विधि संवाददाता, नैनीताल

- सभी से अनुरोध, पैदल या साइकिल से आएं, बचत के साथ दें पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अमृत विचार:** उत्तराखंड हाईकोर्ट में आज 'नो व्हीकल डे' मनाया जाएगा। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की ओर से सभी न्यायाधीशों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं बार एसोसिएशन के सदस्यों से ईंधन संरक्षण के उद्देश्य से वाहन का उपयोग न करने की अपील की गई है।

रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी पत्र के माध्यम से सूचित किया गया है कि वर्तमान में देश जिस ईंधन संकट से गुजर रहा है, उसमें सभी नागरिकों के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए मुख्य न्यायाधीश ने न्यायालय से जुड़े सभी पक्षों से इस अभियान में योगदान देने की अपील की है। बताया है कि यह अपील न्यायाधीशों, अधिकारियों, कर्मचारियों और बार के सभी सदस्यों के लिए प्रभावी होगी। इसके साथ ही, उच्च न्यायालय परिसर में स्थित अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से शुक्रवार को निजी या सरकारी वाहनों का उपयोग न करने का आग्रह किया गया है।

ईंधन बचाने के इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे शुक्रवार को अपने कार्यालय आने के लिए केवल साइकिल का उपयोग करें या पैदल ही आएं। न्यायालय प्रशासन का मानना है कि इस छोटे से बदलाव से न केवल ईंधन की बचत होगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी जन-जन तक पहुँचेगा।

दूरी को ध्यान में रखते हुए न्यायालय प्रशासन ने उन वकीलों के लिए विशेष राहत प्रदान की है जो हल्द्वानी या भवाली जैसे दूर-दराज के क्षेत्रों से नैनीताल आते हैं। बार के ऐसे बाहरी सदस्यों को 15 मई को वर्चुअल मोड (ऑनलाइन) के माध्यम से अदालती कार्यवाही में शामिल होने का विकल्प दिया गया है, ताकि उन्हें आवागमन की असुविधा न हो।

## सिटी इवेंट्स

- जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल नैनीताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में जन समस्याओं पर सुनवाई करेंगे सुबह 11 बजे

## सिटी ब्रीफ

### ट्यूशन के लिए निकला किशोर हुआ लापता

**हल्द्वानी :** पुलिस को दी शिकायत में ब्यूराखाम टंगर काठगोदाम निवासी बुद्धिबल्लभ दुम्का ने कहा, बीती 12 मई को उनकी 12 वर्षीय पोता मनीष शाम करीब 5 बजे घर से ट्यूशन के लिए निकला था। वह घर नहीं लौटा और जब पता किया तो बताया गया कि वह ट्यूशन पढ़ने गया ही नहीं। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मामले में गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी गई है।

### बोलेरो की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

**हल्द्वानी :** रामकृष्णपुरम तल्ली बमौरी निवासी कार्तिक चन्द्र दास बीती 10 मई की सुबह अपने बेटे सारस्वत को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। जगदम्बानगर के पास बोलेरो ने उनकी स्कूटी में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई व शरीर में गम्भीर चोटें आईं। घटना में सारस्वत को भी चोटें आईं। पुलिस ने कार्तिक की पत्नी सुपर्णादास की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पश्चिमी विक्षोभ होगा कमजोर, अब चढ़ेगा पारा

**हल्द्वानी :** पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से विगत 15 दिनों से कुमाऊं में पहाड़ से लेकर मैदान तक अच्छी बारिश हुई। इसका असर है कि हल्द्वानी में इस मई में अभी तक पारा 36 डिग्री तक नहीं पहुंचा है। अब पश्चिमी विक्षोभ कमजोर होने के साथ ही पारा 38 से 40 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। शहर में सुबह के समय नम हवा चली और मौसम सुहावना रहा। पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं अच्छी बारिश हुई है। अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20.1 डिग्री रहा।

# वर्ष 2003 की सूची से मैपिंग करें

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावलियों की अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर प्रस्तावित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत की जा रही तैयारियों एवं पुनरीक्षण से पूर्व संपादित गतिविधियों के संबंध में जनपद स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

अपर जिलाधिकारी/उपजिला निर्वाचन अधिकारी विवेक राय ने गुरुवार को एनआईसी से सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं आयोग की ओर से अधिसूचित विभिन्न विभागों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। इसमें वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्ष 2025 की मतदाता सूची के मतदाताओं की मैपिंग की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की निर्वाचक नामावली के प्रत्येक मतदाता की वर्तमान निर्वाचक नामावली के मतदाताओं के साथ सही एवं शुद्ध रूप से मैपिंग की जाए तथा अनमैप्ड मतदाताओं की सूची का गंभीरता से परीक्षण किया जाए। बैठक में एआरओ नेट सॉफ्टवेयर से प्राप्त विसंगतियों (एनोमली) के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की गई। एडीएम ने सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में शत-प्रतिशत बूथ लेवल एजेंट नियुक्ति, एआरओ नेट में प्रदर्शित अनियमितताओं के आधार पर संबंधित मतदाताओं के मध्य व्यापक जागरूकता अभियान संचालित करने व आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि केंद्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ई-रोल अपडेट से संबंधित कोई भी प्रपत्र एक्सेप्टेड अवस्था में लंबित न रहे तथा प्रपत्र-6, 7 एवं 8 किसी भी दशा में क्रमशः 15, 30 एवं 45 दिवस से अधिक अवधि तक लंबित न रखे जाएं।



हल्द्वानी तहसील में बैठक करते एडीएम विवेक राय व अन्य। ● अमृत विचार

# बृज विहार में युवक ने फांसी लगा दी जान

**हल्द्वानी :** पुलिस के मुताबिक, 14 मई को दिनेश कुमार अरोरा नाम के व्यक्ति ने कोतवाली पहुंच कर बताया कि उनके भतीजे बृज विहार निवासी राज अरोरा (28 वर्ष) पुत्र मनोज अरोरा ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस को परिजनों ने बताया कि राज ने कमरे में पंखे पर चुन्नी लगाकर फांसी लगाई है। परिजनों ने यह देखा तो आनन-फानन में शव को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे राज को मृत घोषित कर दिया। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी ने बताया कि सूचना के बाद जब पुलिस बृज विहार पहुंची तो राज का शव जमीन पर रखा था और आस-पास परिजन खड़े थे। पुलिस जांच में राज के गले में निशान मिले, जो पुलिस को संदिग्ध प्रतीत हुए। मौत की असल वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी। उसकी करीब ढाई माह पहले ही शादी हुई थी, पारिवारिक कलह के कारण उसने आत्मघाती कदम उठाया।

# जल जीवन मिशन के लिए लाइनें खोद दीं लेकिन पानी नहीं आ रहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पेयजल पाइपलाइन में लंबे समय बाद भी पानी नहीं पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को जल संस्थान कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया। ईई आरएस लोशाली को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या के समाधान की मांग की।

कांग्रेस नेता नीरज तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे ग्रामीणों ने कहा कि करोड़ों खर्च होने के बावजूद कई गांवों और वार्डों में पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है। पाइपलाइन बिछाने के बाद भी लोग पानी के लिए परेशान हैं, जिससे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। आरोप लगाया कि जल जीवन मिशन के नाम पर कई जगह सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बना हुआ है। उन्होंने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेयजल आपूर्ति सुचारु नहीं की गई और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई तो क्षेत्र में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। वहीं ग्राम प्रधान हेमू पड़लिया ने कहा कि अधूरी योजनाओं के कारण जनता को परेशानी हो रही है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से जल्द कार्य पूरा कराने की मांग की। इस दौरान उमेश बिनवाल, प्रद्युमन तिवारी, राकेश शर्मा, मोहन सनवाल, वसीम अली, दिनेश पालीवाल, आरडी तिवारी रहे।



तिकोनिया स्थित दफ्तर में ईई को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी।

# बस से कुचला, फिर कहा 20 हजार लेकर रफा-दफा करो

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बस से बुरी तरह कुचलने के बाद बस चालक ने घायल के परिवार को समझौते के लिए धमकाया। उसने कहा कि 20 हजार लेकर मामले को रफा-दफा कर ले या फिर मुकदमा दर्ज करा ले।

गन्ना सेंटर निवासी कुमकुम जोशी पुत्री प्रयाग जोशी ने बताया कि बीती 1 मई रात पंचायतघर के पास एक ट्रैवल की वोल्वो बस ने उनके पिता प्रयाग जोशी को टक्कर मार दी। फिलहाल, प्रयाग वेंटीलेटर पर हैं। आरोप है कि घटना के संबंध में कुमकुम ने देवलचौड़ पुलिस चौकी को सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराए, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उनके बड़े भाई को अंजान नंबर से फोन आया और 20 हजार रुपये देने की बात कही। कहा, रुपये ले लो या एफआईआर करा लो, मालिक यूरोप जा रहे हैं। जिसके बाद परिवार ने जिला अधिकारी से लेकर मंडलायुक्त तक शिकायत की। कोतवाल विजय कुमार मेहता का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हल्द्वानी बस अड्डे पर बेंच पर बैठे होटल के शेफ पर मौत का झपट्टा

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

- अंबाला के एक होटल में करता था काम, लौट रहा था नथुवाखान
- बस अड्डे में बैठ नथुवाखान जाने के लिए कर रहा था बस का इंतजार

**अमृत विचार :** सुबह हल्द्वानी बस अड्डे में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब बैठे-बैठे बस का इंतजार कर रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह देख उसके आस-पास बैठे लोग चीखते हुए उठ खड़े हुए। उसे फौरन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, नथुवाखान सुयालगाड़ निवासी वीरेंद्र सिंह (37 वर्ष) यहां पत्नी, 3 माह की बेटी व 3 वर्ष के बच्चे के साथ रहते हैं। परिजनों का कहना है कि वीरेंद्र अंबाला के एक होटल में शेफ की नौकरी करता था। बुधवार को उसने बताया कि वह वापस लौट रहा है। सुबह करीब साढ़े 8 बजे दोबारा फोन पर बात हुई और बताया कि वह हल्द्वानी में है। इसके एक घंटे बाद ही परिजनों को फेसबुक के जरिये उसके मौत की खबर मिली। यह खबर सुन परिवार में हड़कंप मच गया। इधर, जानकारी पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। आनन-फानन में पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी है। पूछताछ में रोडवेज कर्मियों ने पुलिस को बताया कि वीरेंद्र बुधवार रात से ही बस अड्डे में घूम रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारण का पता चल सकेगा।

# समय पर नहीं किया काम तो तय होगी जवाबदेही

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तहसीलदार ने पटवारियों की हीलाहवाली पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्णय किया है।

अधिकारियों के अनुसार, आमजन दाखिल-खारिज, विरासतन, आय, जाति और अन्य प्रमाण पत्रों के आवेदनों के लिए आवेदन करते हैं। इसके बाद रिपोर्ट के लिए यह आवेदन पटवारी के पास पहुंच जाता है। फिर काम के बोझ के दवाब में अन्य कारणों से आवेदन कई माह तक लंबित रहते हैं। ऐसे में आमजन तहसील के चक्कर ही काटते रहते हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी सुगम व सरल प्रशासन एजेंडे व आमजन की सहूलियत को देखते हुए पटवारियों को समय से आवेदन निस्तारण के निर्देश दिए हैं साथ ही कि मामलों को लंबित रखने वाले पटवारियों को नोटिस थमाकर कारण पूछा जाएगा। तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि कई पटवारी आवेदनों का समय से निस्तारण नहीं कर रहे हैं। इससे लोगों को बार-बार तहसील और पटवारी चौकी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जिन पटवारियों के पास लंबे समय से आवेदन लंबित पाए जाएंगे, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।

**हेल्थ अलर्ट** | यूपी के पूर्व सीएम के सौतेले भाई प्रतीक यादव की अचानक मौत के बाद चर्चा में यह बीमारी, समय रहते पहचान जरूरी

# साइलेंट किलर है मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव की अचानक हुई मृत्यु ने एक गंभीर बीमारी "मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म" को चर्चा में ला दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, उनकी मौत फेफड़ों में रक्त के थक्के जमने से हुई। मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म, जिसे पल्मोनरी एम्बोलिज्म भी कहा जाता है, ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की नसों, खासकर पैरों में बना रक्त का थक्का फेफड़ों तक पहुंचकर रक्त प्रवाह रोक देता है।



इससे अचानक सांस लेने में दिक्कत, हार्ट फेल और मौत तक हो सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार यह बीमारी कई बार बिना चेतावनी के हमला करती है। डॉक्टरों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना, मोटापा, धूम्रपान, अत्यधिक तनाव, सर्जरी के बाद आराम, डीप वेन थ्रोम्बोसिस और कुछ आनुवंशिक कारण इसके खतरे को बढ़ाते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि समय पर जांच और इलाज से इस बीमारी से होने वाली मौतों को काफी हद तक रोका जा सकता है। प्रतीक यादव की असमय मृत्यु समाज के लिए एक चेतावनी है कि फिट दिखने वाला व्यक्ति भी इस "साइलेंट किलर" का शिकार हो सकता है। जागरूकता और सतर्कता ही इससे बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।

### इन लक्षणों को न करें नजर अंदाज

- अचानक सांस फूलना
- सीने में तेज दर्द
- तेज धड़कन
- चक्कर आना या बेहोशी
- खांसी के साथ खून आना
- पैरों में सूजन या दर्द

### ऐसे करें बचाव

- लंबे समय तक लगातार न बैठें, बीच-बीच में टहलें
- पर्याप्त पानी पिएं
- नियमित व्यायाम करें
- धूम्रपान और नशे से बचें
- पैरों में सूजन या दर्द को नजरअंदाज न करें
- हार्ट और ब्लड प्रेशर की नियमित जांच कराएं

अगर आप बीपी के मरीज हैं तो सीने में तेज दर्द, चक्कर आना, बेहोशी को नजर अंदाज न करें। धूम्रपान और नशे से बचें। मैसिव पल्मोनरी थ्रोम्बोएम्बोलिज्म जैसी बीमारियों से बचने के लिए जागरुक होना जरूरी है।
**-डॉ. अरुण जोशी,** वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ व एमएस, डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल, हल्द्वानी



# नैनीताल से जुड़े नीट पेपर लीक के तार

वरिष्ठ संवाददाता, हल्द्वानी

- पकड़े आरोपियों ने 700 से ज्यादा परीक्षार्थियों तक पहुंचाए पेपर

**अमृत विचार :** नीट यूजी-2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले के तार अब नैनीताल जिले से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं। देहरादून तक पहले ही सीबीआई और राजस्थान एसओजी के हाथ पहुंच चुके हैं। ताजा जांच में सामने आया है कि देश भर में 700 से अधिक परीक्षार्थियों तक पेपर पहुंचाए गए और अब माना जा रहा है कि ये पेपर नैनीताल जिले तक पहुंचाए गए हैं। खास बात यह है कि सीबीआई और राजस्थान एसओजी इस मामले में लोकल पुलिस की मदद नहीं ले रही है।

नीट की परीक्षा बीती 3 मई को होनी थी और इसके लिए हल्द्वानी में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिसमें 1104 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। पेपर लीक मामले में अभी तक नासिक का शुभम खैरनार, जयपुर के मंगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल के अलावा गुरुग्राम का यश यादव को गिरफ्तार किया जा चुका है। इनसे कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बरामद किए गए हैं। कुछ सोशल मीडिया साइट्स के जरिये भी पेपर्स का यहां से वहां भेजे गए हैं और इसमें नैनीताल जिले का भी नाम सामने आ रहा है।

हालांकि लोकल पुलिस इससे अनभिज्ञता जाहिर कर रही है। सीओ सिटी अमित कुमार सैनी का कहना है कि उनके पास अभी तक इस मामले से जुड़ी न तो कोई जानकारी है और न ही जांच एजेंसियों ने उनसे संपर्क किया है। बहरहाल, आरोप है कि दिनेश बिवाल ने करीब 30 लाख रुपये में परीक्षा का प्रश्नपत्र खरीदा था, जिसे उसने अपने बेटे के लिए लिया था और बाद में उसकी सॉफ्ट कॉपी अन्य छात्रों तक पहुंचाई गई। जांच एजेंसियों का दावा है कि प्रश्नपत्र डिजिटल फॉर्म में शेयर किया गया और बाद में उसकी प्रिंट कॉपियां भी बेची गईं। पिछले वर्ष दिनेश बिवाल के परिवार के चार बच्चों का नीट में चयन हुआ था। मामले में देहरादून से गिरफ्तार राकेश कुमार मंडवारिया को लेकर भी बड़ा खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, राकेश ने करीब 700 छात्रों तक कथित तौर पर पेपर पहुंचाने में भूमिका निभाई। अब माना यह जा रहा है कि इन पेपर्स को नैनीताल जिले तक भी पहुंचाए गए। एजेंसियां उन छात्रों और अभिभावकों की पहचान कर रही हैं जिन्होंने कथित रूप से रुपए देकर प्रश्नपत्र हासिल किया था।

## सिटी ब्रीफ

### बच्ची को कुचलने वाले वाहन चालक पर केस

**हल्द्वानी :** दो साल की बच्ची को कुचलने के आरोपी चालक पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मूलरूप से दाड़िमी बरखम जैंती अल्मोड़ा निवासी कुंदन सिंह ने बताया कि वर्तमान में वह गोल्डन ग्रीन नर्सरी बरेली रोड में रहते हैं। बीती 10 मई को उनकी दो साल की बेटी काव्या घर के आंगन में खेल रही थी। आंगन में पिकअप खड़ी थी। चालक सुरेश सिंह पिकअप को बाहर निकाल रहे थे और इसी दरम्यान काव्या पिकअप के नीचे आ गई। उसकी मौत हो गई। कोतवाल डीएस फर्त्याल ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### यूओयू को 5 नए मूक्स पाठ्यक्रमों की मंजूरी

**हल्द्वानी :** यूओयू को भारत सरकार के ऑनलाइन शिक्षण मंच स्वयम पर पांच नए मूक्स (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्सेज) पाठ्यक्रम चलाने की स्वीकृति मिल चुकी है। ये सभी पाठ्यक्रम जुलाई सत्र से शुरू किए जाएंगे। प्रत्येक 4 क्रेडिट पाठ्यक्रम के लिए 13 .50 लाख की दर से विवि को कुल 67 .50 लाख का अनुदान मिलेगा। कोर्सों में ऑपरेशनल मैनेजमेंट ऑफ होमस्टे स्टार्ट-अप्स, माइक्रो फाइनेंस, डेवलपमेंट स्टडीज : इंट्रोडक्शन एंड थ्योरीज, सीपीएस-3 असेसमेंट फॉर लर्निंग व बेसिक्स ऑफ एनालिटिकल लेबोरेटरी टेक्नीक्स शामिल हैं।

# एनएसयूआई ने नीट पेपर लीक होने के विरोध में सरकार का पुतला दहन किया

## एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल स्थित पंत पार्क में किया विरोध-प्रदर्शन, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी




नीट परीक्षा लीक मामले में सरकार का पुतला दहन दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।



कालाढूंगी में केंद्र सरकार का पुतला दहन कर नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के विरोध में गुरुवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने मल्लीताल स्थित पंत पार्क में जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया और परीक्षा को पारदर्शी तरीके से दोबारा कराने की मांग उठाई।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे एनएसयूआई जिला अध्यक्ष शार्दुल नेगी ने कहा कि नीट परीक्षा में सामने आई गड़बड़ियों ने देशभर के लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को संकट में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ है और सरकार मामले की गंभीरता को नजरअंदाज कर रही है। विस अध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं नगर अध्यक्ष आयुष आर्या ने कहा कि लगातार सामने आ रही पेपर लीक की घटनाओं से मेधावी छात्रों का मनोबल टूट रहा है। उन्होंने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। एनएसयूआई नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो संगठन व्यापक आंदोलन करेगा। प्रदर्शन में अनुपम कबड़वाल, सभासद अंकित चंद्रा, धीरज बिष्ट, बंटू आर्य, पीके शर्मा, संजय कुमार संजू, रोशन धामी, कमलेश, दिनेश चंद्र सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर, हल्द्वानी में अक्षत पाठक के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने एमबीपीजी कॉलेज के बाहर केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

### पेपर लीक मामले में कालाढूंगी में भी हुआ विरोध-प्रदर्शन

**कालाढूंगी :** नगर में नीट परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर लोगों में आक्रोश देखने को मिला। इसी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। वीरवार को मुख्य बाजार स्थित बस अड्डे पर एकत्र होकर कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष दीप सती ने कहा कि पेपर लीक से लाखों अभ्यर्थियों का एक वर्ष बर्बाद हुआ और उनका भविष्य संकट में पड़ गया है। जिपंस अर्णव कंबोज ने कहा कि सरकार की लचर व्यवस्था के कारण पेपर लीक की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे शिक्षा व्यवस्था की साख पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है। कार्यकर्ताओं ने ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस और पारदर्शी नीति बनाने की मांग की। इस अवसर परब्लॉक अध्यक्ष कैलाश रेखाड़ी, रोहित बुढलाकोटी, कमल अधिकारी, सलमान वारसी, वकील अहमद, पीयूष बिष्ट, रंजीत कौर, कपिल धामी, जुगल कंबोज, सरताज फारूकी सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राहुल गांधी ने मार्च में कर दिया था संकट से आगाह

संवाददाता, हल्द्वानी



- हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश बोले-आज वहीं हो रहा है

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन कम खर्च करने, सोना नहीं खरीदने की अपील पर हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने टिप्पणी की है। कहा है कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मार्च माह में ही देश को आगाह कर दिया था कि आर्थिक संकट आने वाला है और आज वही हुआ है।

उन्होंने आरोप लगाया कि देश में कच्चे तेल की कमी है और हम अमेरिका के दबाव में रूस से कच्चा तेल नहीं खरीद सकते हैं। यह बहुत ही सोचने वाली बात है कि हम देश को कहां लेकर जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि सराफा कारोबार से जुड़े हजारों कारोबारियों के लिए भी इस अब रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है।

विधायक ने आगे कहा कि ईंधन की बचत करने के लिए कहना तो ठीक बात है लेकिन सरकार को यह भी बताना चाहिए कि आम आदमी क्या करेगा, ट्रांसपोर्टर क्या करेगा। सही विदेश नीति और सही आर्थिक नीति और एक अच्छी राजनीतिक शक्ति से ही इस तरह से संकटों से बचा सकता है।

### नीट पेपर लीक केंद्र सरकार की विफलता

हल्द्वानी। विधायक सुमित ने कहा कि नीट का पेपर लीक होना, पूरी तरह से सरकार की विफलता है। सरकार एजुकेशन सिस्टम बदलने में लगी है लेकिन ऐसी व्यवस्था नहीं कर पाई कि पेपर लीक न हो। कहा कि मेरा मानना है कि पेपर लीक का उत्तराखंड में आरोपी हाकम सिंह को जमानत यही दर्शाता है कि न्यायालय में सरकार ने कमजोर पैरवी की है।

# जिस भूमि पर खुलना है आयुष केंद्र, उसी जमीन पर विवाद

संवाददाता, हल्द्वानी

- एक साल से अटका लालडांठ आरोग्य केंद्र का शिफ्टिंग प्लान, मरीजों को हो रही परेशानी

> जैसे ही जगह उपलब्ध हो जाएगी, अस्पताल को वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। फिलहाल मुख्य आयुष अस्पताल परिसर में डॉ. रौली जोशी मरीजों को देख रही हैं। -**डॉ. प्रदीप राज मेहरा**, चिकित्साधिकारी, मुख्य आयुष अस्पताल, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** पूर्व में लालडांठ में मौजूद आरोग्य केंद्र (छोटा आयुर्वेदिक अस्पताल) की शिफ्टिंग योजना जमीन पर कब्जे के कारण अटक गई है। जिस स्थान पर इस अस्पताल को आवास विकास-सुभाष नगर क्षेत्र में स्थापित किया जाना है, वहां जमीन को लेकर विवाद का मामला सामने आने से विभाग अब तक अस्पताल को नए स्थान पर शुरू नहीं कर पाया है। यह मामला उच्च प्रशासनिक स्तर पर विचाराधीन बताया जा रहा है।

पहले यह आरोग्य केंद्र लालडांठ क्षेत्र में किराए के भवन में संचालित होता था। यहां रोज बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते थे। केंद्र में पंचकर्म की सुविधा भी उपलब्ध थी, जिससे आसपास के क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ मिलता था। लेकिन भवन खाली करने की स्थिति आने के बाद अस्पताल को मुख्य आयुष अस्पताल, मिनी स्टेडियम के सामने शिफ्ट कर दिया गया।

अस्पताल के स्थानांतरण के बाद लालडांठ, बिठोरिया, पीलीकोठी, ऊंचापुल और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को इलाज के लिए दूर जाना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले उनके क्षेत्र में ही आयुष सेवाएं आसानी से मिल जाती थीं। दिक्कत यह भी है कि मौजूदा अस्पताल में आयुर्वेद चिकित्सक पहले से ही मौजूद हैं। ऐसे में आरोग्य केंद्र को अन्य स्थान पर शिफ्ट किए जाने से अन्य स्थानों के मरीज को लाभ मिलेगा।

आयुष विभाग ने करीब एक साल पहले अस्पताल को आवास विकास-सुभाष नगर क्षेत्र में शिफ्ट करने की योजना बनाई थी, ताकि शहर के दूसरे हिस्से में भी आयुष सेवाओं का विस्तार हो सके। लेकिन प्रस्तावित जमीन पर कब्जा होने के कारण योजना आगे नहीं बढ़ पाई। प्रशासनिक स्तर पर कब्जा हटाने की प्रक्रिया चल रही है। यदि अस्पताल नए स्थान पर शुरू हो जाता है तो यह क्षेत्र आयुष चिकित्सा का एक महत्वपूर्ण केंद्र बन जाएगा। इससे बड़ी आबादी को नजदीक उपचार और पंचकर्म जैसी सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

# कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी लीग के फाइनल में पहुंची

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से आयोजित गुरुवार को अंडर-16 बालक वर्ग जिला क्रिकेट लीग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एचसीसी को 321 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। मुकाबला जीएनजी क्रिकेट एरिना में खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवरों में 392 रन बनाए। टीम की ओर से वैभव मेहरा ने 83 गेंदों में नाबाद 124 रन और विवेक ने 65 गेंदों में 124 रन की पारी खेली। वहीं कुनाल हलसी ने 50 रनों का योगदान दिया। एचसीसी की ओर से अंकुश शर्मा ने 2 विकेट जबकि भाग्यांश और विनय ने 1-1 विकेट हासिल किया। 393 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एचसीसी की पूरी टीम 35वें ओवर में 71 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अंश ने 18, देवांश ने 12 और विनय जोशी ने 11 रन बनाए। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी की ओर से कृष रावत ने 3 विकेट, कार्तिक जोशी ने 2 विकेट जबकि हरमन, कुनाल, कनिष्क और उत्कर्ष ने 1-1 विकेट लिया। शानदार बल्लेबाजी के लिए वैभव मेहरा को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मैच में अंपायर की भूमिका भूपेश शाही और विनोद पंतोला ने निभाई, जबकि स्कोरर निकित जोशी रहे। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष कमल पपनै, किशन अनेरिया, नरेंद्र अधिकारी, दिग्विजय कनवाल, करन बिष्ट और मनोज भट्ट रहे। कोषाध्यक्ष कमल पपनै ने बताया कि दूसरा सेमीफाइनल शनिवार 16 मई को जीएनजी एरिना में डीके स्पोर्ट्स और जीएनजी के बीच होगा।

# शिक्षकों ने प्रमुख समस्याओं को लेकर सीईओ से की वार्ता

संवाददाता, हल्द्वानी



सीईओ से वार्ता करते राजकीय शिक्षक संगठन के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** राजकीय शिक्षक संगठन ने शिक्षकों की प्रमुख समस्याओं व मांगों को लेकर मुख्य शिक्षाधिकारी गोविंद राम जायसवाल से वार्ता की। भीमताल स्थित सीईओ कार्यालय में जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक में जिलेभर में शिक्षकों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई।

शिक्षकों ने चयन एवं प्रोन्नत वेतनमान से जुड़े लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण की मांग की। साथ ही बोर्ड परीक्षा केंद्र व्यय, मूल्यांकन, ऑडिटिंग, डाटा पंचिंग और यात्रा भत्ते सहित लंबित बिलों के भुगतान, कनिष्ठ-वरिष्ठ वेतन विसंगति के मामलों का निराकरण कर संबंधित सूची जारी करने की मांग की। शिक्षकों ने प्रवक्ता चयन-पदोन्नति व कोरोना काल के उपार्जित अवकाश संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र समाधान और ब्लॉक स्तर पर अवकाश स्वीकृति संबंधी आदेश निरस्त करने की मांग की। इस दौरान शिक्षकों ने कुल 10 मांगों पर समस्या के समाधान की मांग उठाई। सीईओ ने शिक्षक प्रतिनिधियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने बिंदुवार समस्याओं के समाधान और संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया। बैठक में प्रांतीय संयुक्त मंत्री जगदीश बिष्ट, जिलाध्यक्ष गिरीश चंद जोशी, जिला मंत्री पंकज बधानी, जिला उपाध्यक्ष मदन गिरी गोस्वामी, महिला जिला उपाध्यक्ष कविता कपकोटी, संयुक्त मंत्री गिरीश कांडपाल, आय-व्यय निरीक्षक मनीष मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बेतालघाट दिनेश रावत सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



पूर्व पार्षद रोडू की पुण्यतिथि पर छबील वितरित करते दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, परमजीत सिंह शंटी व अन्य।

### पूर्व पार्षद रोडू की पुण्यतिथि पर लगी छबील

**हल्द्वानी :** पूर्व पार्षद स्व. सरदार नरेन्द्र जीत सिंह कोहली रोडू की प्रथम पुण्यतिथि पर छबील लगायी गयी। दिवंगत आत्मा की शांति एवं समस्त मानवता की चढ़दी कला के लिए अरदास की गई। संगत ने रोडू को श्रद्धांजलि अर्पित करते सामाजिक, धार्मिक एवं सेवाभावी जीवन को याद किया। सांसद अजय भट्ट, मेयर गजराज बिष्ट, दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, सचिन शाह, सुरेश भट्ट, दिनेश आर्या, जोगेंद्र रौतेला, प्रदीप बिष्ट, गगनदीप सिंह रोडू, कुलबीर सिंह, गुरप्रीत सिंह प्रिंस, परमजीत सिंह, बलबीर सिंह, जसपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, इकबाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, हरमीत सिंह मौजूद रहे।




### सात मीट्रिक टन कचरा जैविक खाद में बदला

**हल्द्वानी :** नगर निगम ने एलसीबी फर्टिलाइजर के सहयोग से गौला रोखड़ क्षेत्र में कचरे से जैविक खाद तैयार करने की पहल शुरू की गई है। इस प्रक्रिया के तहत 14 मीट्रिक टन कूड़े को कंपोस्टिंग तकनीक के माध्यम से लगभग 25 दिनों में करीब 7 मीट्रिक टन जैविक खाद में बदला गया। नगर निगम की इस पहल से ट्रंचिंग ग्राउंड में जमा हो रहे कचरे के ढेर को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे पूर्व भी नगर निगम की ओर से जैम फैक्टरी में कंपोस्टिंग मशीन स्थापित की गई थी, जो 24 घंटे में लगभग एक मीट्रिक टन कचरे को खाद में बदलने की क्षमता रखती है। इस तकनीक के माध्यम से शहर में ठोस कचरा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

# एसटीएच में लेवेटर एपीआर तकनीक शुरू

संवाददाता, हल्द्वानी



एसटीएच में आयोजित कार्यशाला में मौजूद डॉक्टर व अन्य।

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी के जनरल सर्जरी विभाग की ओर से गुरुवार को मेडिकल कॉलेज के लेक्चर थियेटर में मलाशय एवं गुदा संबंधी कैंसर पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला का उद्देश्य कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आधुनिक शल्य चिकित्सा तकनीकों की जानकारी देना रहा।

जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजीव सिंह ने लो रेक्टल कैंसर के उपचार में उपयोग होने वाली आधुनिक सर्जरी तकनीकों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने एपीआर (एब्डोमिनो-पेरिनियल रिसेक्शन) और इसकी उन्नत तकनीक एक्स्ट्रा लेवेटर एब्डोमिनो पेरिनियल रिसेक्शन (ईएलएपीआर) के बारे में बताया। बताया कि ईएलएपीआर तकनीक में पेट पर बड़ा चीरा लगाए बिना लेप्रोस्कोपिक विधि से कैंसरग्रस्त भाग को बाहर निकाला जाता है। इससे कैंसर दोबारा होने की संभावना कम होती है और मरीजों को सुरक्षित एवं बेहतर उपचार मिल पाता है। कहा कि पहले यह अत्याधुनिक तकनीक केवल बड़े निजी अस्पतालों और उच्च चिकित्सा संस्थानों में उपलब्ध थी, लेकिन अब एसटीएच में भी यह सुविधा शुरू हो चुकी है। यहां इससे कई सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं। डॉ. चन्द्र प्रताप आर्य ने वीडियो के माध्यम से ईएलएपीआर तकनीक की प्रक्रिया और इसके विभिन्न चरणों को विस्तार से समझाया। इस दौरान प्राचार्य प्रो. डॉ. जीएस तितियाल, प्रो. डॉ. आरजी नौटियाल, प्रो. डॉ. साधना अवस्थी, प्रो. डॉ. ऊषा जोशी, प्रो. डॉ. पंकज वर्मा, प्रो. डॉ. हरिशंकर पांडे, डॉ. प्रतीक शाक्य, डॉ. वरुण, डॉ. चन्द्र प्रताप आर्य, डॉ. नितेश, डॉ. रेनू रहे।

# सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में वेंडी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, दौलतपुर/हल्द्वानी

**अमृत विचार:** वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दौलतपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद शानदार रहा, जिससे छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकों में खुशी का माहौल है।

विद्यालय की छात्रा श्रेया कन्याल एवं हर्षिता भट्ट ने 95.8% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। वहीं हिमानी बोरा ने 92.1%, रुद्राक्ष ने 91.6%, प्रगुनीता ने 91.7%, जागृति लोसाली ने 90.5%, शांतनु ने 90.2%, निकिता बोरा ने 90.1%, रिया पलाड़िया एवं शुभ प्रताप ने 90% अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विकल बवाड़ी एवं प्रधानाचार्य डॉ. भावना बवाड़ी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी निरंतर मेहनत कर विद्यालय, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल विजय जोशी, एचओडी करण मेवाड़ी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वट सावित्री पर शनि जयंती और अमावस्या एक साथ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** इस वर्ष वट सावित्री व्रत बहुत खास माना जा रहा है। सावित्री व्रत के दिन शनि जयंती और शनि अमावस्या का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जिससे इस दिन का महत्व और बढ़ गया है। ज्योतिषाचार्य अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि वट सावित्री व्रत 16 मई, शनिवार को रखा जाएगा। इस दिन शनि जयंती और शनि अमावस्या साथ पड़ने से यह दिन बेहद शुभ माना जा रहा है। बताया सुहागिन महिलाएं सोलह श्रृंगार कर वट वृक्ष की पूजा करें, सावित्री कथा सुनें और अपने पति की लंबी उम्र व परिवार की कामना करें। इस दिन भगवान शनि की पूजा और दान-पुण्य करना भी बहुत लाभकारी रहेगा। उनके अनुसार इस बार सौभाग्य व शोभन योग भी बन रहा है। शनि की साढ़ेसाती से प्रभावित मेष, कुंभ और मीन राशि के लोगों तथा शनि ढैय्या से प्रभावित कर्क और वृश्चिक राशि वालों के लिए यह दिन विशेष फल देने वाला रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दिन पूजा-पाठ और अच्छे कार्य करने से जीवन में सुख, शांति और सकारात्मकता बढ़ेगी। वर्तमान में शनि देव मीन राशि में गोचर कर रहे हैं और अमावस्या के दिन अपने भक्तों पर विशेष कृपा करेंगे। शनि अमावस्या 16 मई को सुबह 5 बजकर 11 मिनट से शुरू होगी और 17 मई की रात 1 बजकर 30 मिनट तक रहेगी।

### उत्तराखंड सीनियर स्टेट स्विमिंग ट्रायल्स 24 को

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से सीनियर स्टेट स्विमिंग ट्रायल्स का आयोजन 24 मई को गौलापार स्थित इंटरनेशनल स्विमिंग पूल में किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी आगामी 79वीं सीनियर नेशनल एक्वाटिक चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 21 जून तक अहमदाबाद, गुजरात में होगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहक शारदा व मानद सचिव अमित मेहरोत्रा ने बताया कि एशियन और एसएफआई के नए नियमों के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 13 वर्ष निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों के लिए वैध एसएफआई यूआईडी होना अनिवार्य किया गया है।

# शहर में खुलेगा खेलो इंडिया बॉक्सिंग केंद्र

संवाददाता, हल्द्वानी



रजत पदक विजेता मुक्केबाज़ समीर बोरा।

**अमृत विचारः** खेल प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में हल्द्वानी को जल्द बड़ी सौगात मिलने जा रही है। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) यहां जल्द ही बॉक्सिंग का खेलो इंडिया सेंटर शुरू करने की तैयारी में है।

सेंटर खुलने के बाद बालक और बालिका खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण के साथ खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। गुरुवार को साई काशीपुर सेंटर के सहायक निदेशक अनिल कुमार द्विवेदी ने गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में संचालित हॉकी और वॉलीबॉल खेलो इंडिया सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ प्रशिक्षकों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने केंद्रों को मिलने वाले फंड और वेतन व्यवस्था को लेकर भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने बताया कि हल्द्वानी में जल्द बॉक्सिंग खेलो इंडिया सेंटर शुरू किया जाएगा। सेंटर में एक प्रशिक्षित बॉक्सिंग कोच की नियुक्ति होगी और करीब 30 खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। खिलाड़ियों को आवश्यक खेल सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद सहायक निदेशक हल्द्वानी स्टेडियम पहुंचे, जहां जिला क्रीड़ाधिकारी निर्मला पंत ने शूटिंग और स्वीमिंग खेलो इंडिया सेंटर खोलने का प्रस्ताव उनके समक्ष रखा।

प्रस्ताव में दोनों खेलों में 30-30 खिलाड़ियों को निशुल्क प्रशिक्षण और उपकरण उपलब्ध कराने की बात कही गई।साई के सहायक निदेशक ने प्रस्तावों को लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्र भेजने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यदि ये सेंटर स्वीकृत होते हैं तो क्षेत्र के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेंगी। इस दौरान हॉकी कोच नीलेश गुप्ता, वॉलीबॉल कोच तनुजा जोशी समेत अन्य खेल अधिकारी मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### रोजगार मेले में 23 अभ्यर्थियों का चयन

**रामनगर :** नगर सेवायोजन कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 50 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। मेले में केएस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा टाटा मोटर्स लिमिटेड, पंतनगर (रुद्रपुर) के लिए कौशल्या लर्न एंड अर्न योजना के अंतर्गत नेप्स ट्रेनी पदों के लिए साक्षात्कार किया। जिसके उपरांत कंपनी द्वारा 23 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया, जबकि 11 अभ्यर्थियों को द्वितीय साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया। सेवायोजन अधिकारी प्रियंका गड़िया, कंपनी प्रतिनिधि दिनेश चन्द्रा एवं जोनल हेड राकेश पाल ने पदों से संबंधित जानकारी दी। यहां प्रभारी प्रधानाचार्य नवनीत लोहनी एवं प्रकाश चन्द्र रहे।

### अब ऑनलाइन हो रहीं कुमाऊं विवि में बैठकें

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने प्रधानमंत्री की मितव्ययिता और डिजिटल कार्यसंस्कृति की अपील के तहत अधिकांश बैठकों, वैधानिक निकायों की बैठकों, शोधार्थियों के वाइवा और विभागीय बैठकों को अगले आदेश तक ऑनलाइन आयोजित करने का निर्णय लिया है। प्रभारी कुलसचिव द्वारा जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि केवल अत्यावश्यक स्थिति में कुलपति की पूर्व अनुमति से ऑफलाइन बैठक होगी। इससे समय, यात्रा और प्रशासनिक खर्चों में बचत तथा कार्य निष्पादन में तेजी आएगी।

# सड़क किनारे पलटी कार, दो गंभीर घायल

## तेज रफ्तार कार से बचने के प्रयास में हुआ हादसा, कार में दो परिवारों के पांच सदस्य थे सवार, पुलिस ने जांच की शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** रामनगर में देर रात भिकियासैंण से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में कार सवार पांच लोग घायल हो गए, जिनमें दो महिलाओं की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है।

घटना रात करीब 12 बजे पंपापुरी स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय के पास हुई। बताया जा रहा है कि कार में दो परिवारों के पांच लोग सवार थे। इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार को बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन दूसरी ओर मोड़ दिया। अचानक ब्रेक काम नहीं करने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे एक ऑटो चालक और स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस ने सभी घायलों को रामनगर संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया।

घायलों की पहचान चालक गिरीश मठपाल निवासी शिनार, भिकियासैंण, ख्याली राम जोशी निवासी संजय कॉलोनी, सेक्टर-23 फरीदाबाद, उनकी पत्नी दीपा जोशी, मनोहर सिंह और उनकी पत्नी जानकी देवी निवासी नौबड़ा, भिकियासैंण के रूप में हुई है। चिकित्सकों ने दीपा जोशी और जानकी देवी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया है। जबकि अन्य घायलों का उपचार अस्पताल में चल रहा है।

वहीं चालक गिरीश मठपाल ने बताया कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार को बचाने के लिए उसने अपनी कार दूसरी ओर मोड़ी, लेकिन ब्रेक नहीं लगने के कारण वाहन पलट गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


रामनगर में गुरुवार को सड़क किनारे गड्ढे में पलटी कार। ● अमृत विचार


रामनगर में गुरुवार को स्टार प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग। ● अमृत विचार

# स्टार प्लाईवुड फैक्ट्री में आग से नुकसान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** तेलीपुरा रोड स्थित स्टार प्लाईवुड फैक्ट्री में गुरुवार तड़के अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही फायर स्टेशन रामनगर की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। आग में फैक्ट्री में रखा प्लाईवुड और अन्य ज्वलनशील सामान जलकर राख हो गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

गुरुवार सुबह लगभग तीन बजे सूचना मिलने पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गोपाल सिंह रावत के नेतृत्व में एक फायर यूनिट मौके पर पहुंची। आग की तीव्रता को देखते हुए दूसरी यूनिट भी बुलानी पड़ी। दोनों यूनिटों की संयुक्त कार्रवाई से आग पर काबू पाया गया और आसपास के क्षेत्र में फैलने से रोक लिया गया।

प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना में लगभग डेढ़ लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। अग्निशमन अभियान में एलएफएम भुवन जोशी, कश्मीर सिंह, चालक सलामत जान, भोपाल सिंह, देवेंद्र कुमार सहित फायरमैन प्रशांत कुमार, शम्भू गिरी, नरेश कुमार, पुष्कर सिंह पाल, विपिन कुमार, शैलेंद्र सिंह और अजीत आदि शामिल रहे।

# राज्य में बीस जून से शुरू होगी हाथियों की गणना

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** भारतीय वन्यजीव संस्थान द्वारा प्रस्तावित हाथी गणना के तहत कॉर्बेट टाइगर रिजर्व सभागार में कुमाऊं जोन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

संस्थान के निदेशक द्वारा छह मई को राज्यव्यापी हाथी गणना की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई थी, जिसके अंतर्गत 20 मई से 30 जून तक विभिन्न वन प्रभागों में वैज्ञानिक गणना और फील्ड कार्य होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉर्बेट निदेशक डॉ. साकेत बडोला ने किया। प्रशिक्षण में कार्बेट, रामनगर और तराई पश्चिमी वन प्रभाग के अधिकारी शामिल हुए, जबकि अन्य अधिकारी ऑनलाइन जुड़े। शोधकर्ताओं मुकेश चन्द्र, अंशुमन गोगोई और आशीष प्रसाद ने ट्रांजेक्ट सर्वे, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष साक्ष्य, आधुनिक तकनीक और एम-स्ट्राइप्स इकोलॉजी ऐप से डेटा संकलन की विधियां सिखाईं। कार्यक्रम को हाथी संरक्षण की दिशा में अहम पहल माना गया।


कॉर्बेट पार्क के ढिकाला वन क्षेत्र में प्रकृति ने अनोखा करिश्मा दिखाया है। यहां एक हथिनी ने दो जुड़वा शावकों को जन्म दिया है। मां के साथ अठखेलियां करते इन मेहमानों के दुर्लभ और मनमोहक दृश्य को वन्यजीव विशेषज्ञ संजय छिम्वाल ने अपने कैमरे में कैद किया।

# स्कूलों में निशुल्क योग शिविर शुरू

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में पीएनजी महाविद्यालय के योग विभाग द्वारा रामनगर के विभिन्न विद्यालयों में निशुल्क योग शिविरों की शुरुआत की गई है। अभियान का उद्देश्य "जन-जन योग, घर-घर योग" को बढ़ावा देना और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एमसी पांडे के निर्देशन में चल रहे इस अभियान में चीफ प्रॉक्टर प्रो. एसएस. मौर्य, योग समन्वयक डॉ. मूलचंद शुक्ल, डॉ. सुमन कुमार तथा समारोहक डॉ. डीएन जोशी ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योग प्रशिक्षक डॉ. मुरलीधर कापड़ी ने बताया कि प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं द्वारा शिविरों में योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है।


रामनगर में योग का प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

उन्होंने कहा कि योग विभाग की पहचान उसके विद्यार्थियों से है। शिविरों की शुरुआत 11 मई 2026 से हो चुकी है, जो 21 जून 2026 तक जारी रहेंगे। वर्तमान में 5 दिवसीय निशुल्क योग शिविर राइका ढिकुली में दीक्षा जोशी शिक्षा कालिया, राइका गौजानी में सोनी बिष्ट, आदित्य रावत, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हिम्मतपुर डोटियाल विद्या बिष्ट, चौहान मेमोरियल पब्लिक स्कूल छोई रुचिका नेगी, दीपक फुलेरा द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आने वाले सप्ताह में अन्य सरकारी गैर सरकारी स्कूलों में भी विनीता रावत, निर्मला, अंकिता नेगी, मोनिका त्रिपाठी, नीमा, रेनू, प्रशांत कुमार द्वारा योग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# कोतवाली प्रकरण में आईजी ने तलब की विस्तृत रिपोर्ट

संवाददाता, नैनीताल

- मिशन संवाद के तहत कराई जा रही काउंसलिंग

**अमृत विचार:** मल्लीताल कोतवाली से जुड़े चर्चित प्रकरण को लेकर पुलिस महकमे में हलचल बनी हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल ने जनपद पुलिस से पूरे प्रकरण की विस्तृत आख्या तलब की है।

कुमाऊं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल की ओर से जारी जानकारी के अनुसार प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए कुमाऊं परिक्षेत्र में कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य और मनोबल को मजबूत बनाए रखने के लिए संचालित मिशन संवाद के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसके अंतर्गत अनुभवी काउंसलरों के माध्यम से संबंधित अधिकारी एवं उनके परिजनों से समन्वय स्थापित कर उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। बताया गया कि पुलिस कर्मियों पर बढ़ते मानसिक दबाव और तनाव को देखते हुए विभाग लगातार संवाद और काउंसलिंग की प्रक्रिया पर जोर दे रहा है, ताकि कार्मिकों को मानसिक रूप से सहयोग मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की परिस्थितियों से बेहतर तरीके से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि मामले में जनपद से विस्तृत जांच आख्या प्राप्त होने के बाद तथ्यों के आधार पर अग्रिम आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल पूरे प्रकरण पर उच्च अधिकारियों की नजर बनी हुई है।

# निहाल नदी के डायवर्जन को लेकर किया संयुक्त निरीक्षण

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** चकलुवा क्षेत्र में निहाल नदी से बरसात के दौरान हो रहे भू-कटाव को देखते हुए सिंचाई, वन एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने नदी क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने नदी के डायवर्जन के लिए संभावित स्थलों का अवलोकन किया। निहाल नदी के उफान पर आने से रामपुर, पूरनपुर, सुरपुर, विदरामपुर और गुलजारपुर बंकी क्षेत्रों में लगातार भूमि कटाव और नुकसान की समस्या बनी रहती है।

ग्रामीणों की मांग पर पिछले वर्ष वन विभाग द्वारा लगभग 100 मीटर लंबी वायर क्रेट दीवार का निर्माण किया गया था, जिससे क्षेत्र में कटाव की समस्या में कमी आई है। सिंचाई विभाग के एसडीओ गणेश दत्त पांडे और वन क्षेत्राधिकारी रमेश ध्यानी के नेतृत्व में गठित टीम ने डायवर्जन हेतु उपयुक्त स्थानों को चिन्हित किया। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही तकनीकी रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को सौंपी जाएगी। एसडीओ गणेश पांडे ने बताया कि लगभग 55 मीटर लंबी वायर कंक्रीट दीवार का प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा। डिप्टी रेंजर भूपेन्द्र बिष्ट ने बताया कि पूर्व में बनी वायर क्रेट दीवार सुरक्षित है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली है। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग के जेई यशवंत सिंह बिष्ट एवं राजस्व विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।


निहाल नदी में निरीक्षण करते वन विभाग को सिंचाई विभाग के अधिकारी। ●

## इंटरमीडिएट के होनहार

### मदर्स ग्लोरी स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम


भावना पांडे। नियति डंगवाल। जया मेहरा।

**रामनगर :** सीबीएसई बारहवीं के परिणामों में मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल का परीक्षा शानदार रहने से विद्यालय प्रबंधन ने प्रसन्नता जताई है। प्रधानाचार्य डॉ. मीना पांथरी ने बताया कि भावना पांडे 96.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय की टॉपर बनी है जबकि नियति डंगवाल ने 91.2, जया मेहरा ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। डॉ. पांथरी ने बताया कि विद्यालय का परीक्षाफल शानदार रहा है। उन्होंने बताया कि खेल, संगीत शिक्षा के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी स्कूल के विद्यार्थी अपनी सफलता का परचम लहरा रहे है जो विद्यालय के लिए गौरव की अनुभूति है।

### शाइनिंग स्टार के यश रावत ने मारी बाजी


यश रावत। सोनिया रावत। सोनिया।

**रामनगर :** शाइनिंग स्टार स्कूल, रामनगर के यश रावत ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पीसीएम वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं सोनिया रावत ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉमर्स वर्ग में सफलता हासिल की। इसके अलावा भावना जलाल ने 87 प्रतिशत (पीसीएम), ज्योति ने 86 प्रतिशत (कॉमर्स), अनुष्का खाती ने 85.4 प्रतिशत (पीसीएम), अलास्का रावत ने 84.2 प्रतिशत (पीसीएम) तथा शिवानी नोगाई ने 83.4 प्रतिशत अंक (पीसीबी) प्राप्त कर विद्यालय की उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ग्रेट मिशन स्कूल में अनुष्का, नूपुर व विवेक टॉपर


अनुष्का ठाकुर। नूपुर गोयल। विवेक यादव।

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, हिम्मतपुर पीरूमदारा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के निदेशक डॉ. प्रसून श्रीवास्तव ने कहा कि तीनों टॉपरों ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में 94 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय, शिक्षकों एवं माता-पिता का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने बताया कि अनुष्का ठाकुर ने 94.8 प्रतिशत, नूपुर गोयल ने 94.8 प्रतिशत तथा विवेक यादव ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की टॉप-3 सूची में स्थान बनाया है। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पीएम श्री राइंका पतलोट का परीक्षा परिणाम शानदार

**भीमताल :** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट शहीद बहादुर सिंह मटियाली राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, पतलोट का इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 86.94 प्रतिशत रहा। विद्यालय के 25 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इनमें 15 छात्रों ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। ज्योति ने 89.6 प्रतिशत के साथ प्रथम, रेखा ने 88.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय तथा मंजू बुंगियाल ने 88 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य आशुतोष साह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ईंधन बचाने के लिए पैदल कार्यालय पहुंचे सीडीओ

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के ईंधन बचत एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत मुख्य विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे स्वयं पैदल चलकर विकास भवन कार्यालय पहुंचे। सीडीओ ने कहा कि वर्तमान समय में ईंधन की बचत अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि दैनिक कार्यों में वाहनों का सीमित उपयोग करें तथा अनावश्यक वाहन प्रयोग से बचें, ताकि ईंधन की खपत कम की जा सके।

उन्होंने कहा कि पैदल चलना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में भी सहायक है। यदि लोग छोटी दूरी के लिए वाहन के बजाय पैदल चलने की आदत अपनाएं तो ईंधन की बचत के साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी बढ़ावा मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने भीमताल विकास भवन परिसर सहित सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों से इस अभियान को जनभागीदारी के रूप में अपनाने की अपील की। एक ओर उच्च स्तरीय अधिकारी इस अभियान में सहयोग दे रहे हैं, वहीं कर्मचारियों के बीच उन अधिकारियों को लेकर भी चर्चा है जो प्रतिदिन सरकारी वाहन से हल्द्वानी या आसपास के क्षेत्रों से कार्यालय आते हैं, तथा जिनके परिजन भी सरकारी वाहन का उपयोग करते देखे जाते हैं।

### भाजयुमो प्रदेश महामंत्री कोश्यारी का स्वागत



**भीमताल :** भाजयुमो प्रदेश महामंत्री दीप कोश्यारी का कैंची धाम स्थित होटल काशा माउंट में स्वागत किया गया। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तराखंड, नैनीताल के सह प्रभारी एवं होटल काशा माउंट के संचालक अखिलेश सेमवाल ने उनका स्वागत किया। प्रदेश महामंत्री ने होटल के आतिथ्य, स्थानीय संस्कृति और क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि कैंची धाम जैसे आध्यात्मिक एवं पर्यटन स्थलों में स्थानीय व्यवसायों, होमस्टे और छोटे उद्यमों को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को प्रोत्साहन मिलने से क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते हैं।


राजकीय खाद्यान्न भंडार मेहरागांव का औचक निरीक्षण करते अधिकारी। ● अमृत विचार

### अधिकारियों ने किया खाद्यान्न भंडार का निरीक्षण

**भीमताल, अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अरविन्द पाण्डे के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी भीमताल हर्षित गर्ग ने क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट की उपस्थिति में राजकीय खाद्यान्न भंडार मेहरागांव का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर से विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध खाद्यान्न का मिलान करने पर गोदाम में मौजूद स्टॉक सही पाया गया। गोदाम के बाहर छह खाद्यान्न ट्रक खड़े मिले। पूछताछ में ट्रक चालकों ने टीडी स्लिप प्रस्तुत की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि गोदाम में संग्रहित नमक के निस्तारण को लेकर कई बार पत्राचार के बावजूद कार्रवाई नहीं हो सकी है, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। इस संबंध में स्टॉक रजिस्टर में भी आवश्यक प्रविष्टि की गई। खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग ने बताया कि इससे पूर्व जिलाधिकारी नैनीताल के निर्देश पर जिला पूर्ति अधिकारी मनोज बर्मन द्वारा 4 अप्रैल 2026 को भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रेषित की जा चुकी है।

### होमस्टे जांच में 57 में मिली अनियमितताएं

**रामनगर:** तहसील क्षेत्र में प्रशासन द्वारा चलाए गए होमस्टे जांच अभियान में बड़े स्तर पर अनियमितताएं सामने आने से होमस्टे संचालकों में हड़कंप है। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि प्रशासन की ओर से तीन संयुक्त टीमों का गठन कर विभिन्न क्षेत्रों में संचालित होमस्टे की जांच की गई। उनके अनुसार अभियान के तहत कुल 59 होमस्टे का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान केवल एक होमस्टे ऐसा पाया गया, जहां किसी प्रकार की कोई अनियमितता नहीं मिली। वहीं एक अन्य होमस्टे को विधिवत प्रक्रिया के तहत होटल में परिवर्तित किया गया था। उन्होंने बताया कि जांच में सामने आई सभी अनियमितताओं की रिपोर्ट तैयार कर जिला पर्यटन विकास अधिकारी को भेज दी गई है।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक होंगे सम्मानित

**रामनगर:** उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर ने इस वर्ष अभिनव पहल के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है। परिषदीय परीक्षा-2026 में उत्कृष्ट परिणामों के आधार पर प्रदेश के 114 विषयाध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजन आज सुबह 11 बजे परिषद के सभागार में किया जाएगा। परिषद सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि हरिद्वार से 12, देहरादून से 14, उत्तरकाशी से 4, टिहरी से 5, पौड़ी से 6, चमोली से 2, पिथौरागढ़ से 5, चम्पावत से 3, अल्मोड़ा से 5, बागेश्वर से 8, नैनीताल से 14 तथा ऊधमसिंहनगर से 36 शिक्षक सम्मानित होंगे। इस सम्मान का उद्देश्य शिक्षकों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। आयोजन कौशल एकेडमी के सहयोग से हो रहा है।


विजय हाउस को पुरस्कार देते निदेशक प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

### शिवालिक और नीलगिरी ने जीती प्रतियोगिता

**भीमताल, अमृत विचार :** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल, भीमताल में हुए इंटर हाउस बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग में शिवालिक हाउस तथा बालिका वर्ग में नीलगिरी हाउस ने विजेता का खिताब जीता। विइस प्रतियोगिता में लीग आधार पर मैच खेले गए। बालक वर्ग में शिवालिक और विंध्य हाउस तथा बालिका वर्ग में नीलगिरी और विंध्य हाउस ने फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में कड़े संघर्ष के बीच शिवालिक हाउस ने विंध्य हाउस को 24-21 के अंतर से हराकर प्रतियोगिता अपने नाम की। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल में नीलगिरी हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विंध्य हाउस को 10-6 के अंतर से पराजित कर खिताब जीता। प्रतियोगिता के समापन के उपरांत विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। टीम चैंपियनशिप भी दी गई। बालक वर्ग में शिवालिक हाउस के कार्तिक रावत तथा बालिका वर्ग में नीलगिरी हाउस की याचना सनवाल को बेस्ट प्लेयर के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य-निदेशक एसएस नेगी ने सभी खिलाड़ियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगामी विद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

### डीएसए पार्किंग का टेंडर 5.51 करोड़ में छूटा

**नैनीताल:** नगर पालिका नैनीताल में गुरुवार को डीएसए पार्किंग की फाइनेंशियल बिड खोली गई। सबसे अधिक 5 करोड़ 51 लाख रुपये की बोली लगाने पर टेंडर नवीन अग्रवाल के नाम रहा। नगरपालिका द्वारा डीएसए पार्किंग का बेस अमाउंट 4 करोड़ 25 लाख रुपये निर्धारित किया गया था। इसकी टेक्निकल बिड मंगलवार को खोली गई थी, जिसमें कुल चार लोगों ने आवेदन किया था। जांच के बाद तीन आवेदक क्वालीफाई हुए। पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने बताया कि फाइनेंशियल बिड में तनिष्क द्वारा 4 करोड़ 54 लाख रुपये, नवीन अग्रवाल द्वारा 5 करोड़ 51 लाख रुपये तथा सुमित जेठी द्वारा 4 करोड़ 38 लाख रुपये की बोली लगाई गई। सबसे अधिक बोली होने के कारण निविदा नवीन अग्रवाल के नाम स्वीकृत की गई।


राइका अमगड़ी में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों के साथ मेधावी। ● अमृत विचार

### दूरस्थ ग्राम अमगड़ी में हुआ मेधावियों का सम्मान

**रामनगर, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज अमगड़ी में बुधवार को मेधावी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य अनुपम शुक्ल ने मुख्य अतिथि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया। भूगोल प्रवक्ता लाल बहादुर पाल ने विद्यालय की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में हिंदुस्तान ओलंपियाड में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान तथा जनपद स्तर पर विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। 75 प्रतिशत से अधिक परिणाम देने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विनोद प्रसाद सिमल्टी ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। यहां बीईओ हवलदार प्रसाद, अतुल मेहरोत्रा, हेम चंद्र नैनवाल, रमेश चंद्र नैनवाल, रविशंकर पांडे, डॉ. रामचंद्र पांडे, दिनेश चंद्र, दीपा परिहार, मीना चन्दोला, भगवती प्रसाद चिन्याल एवं रंजीत कौर रहे।

**सिटी ब्रीफ**

## ट्रेड लाइसेंस शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट

**काशीपुर :** व्यापारियों को राहत देते हुए नगर निगम काशीपुर ने ट्रेड लाइसेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार नगर निगम क्षेत्र के सभी व्यापारियों के लिए बिना अर्थदंड के ट्रेड लाइसेंस बनवाने की अंतिम तिथि अब 15 मई 2026 के स्थान पर बढ़ाकर 31 मई 2026 कर दी गई है। नगर निगम ने लाइसेंस शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट देने का भी फैसला लिया है। यह प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा, लेकिन फिलहाल इसे लागू करने का निर्णय लिया गया है। विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था 14 मई 2026 से प्रभावी मानी जाएगी। नगर आयुक्त द्वारा जारी इस आदेश का उद्देश्य अधिक से अधिक व्यापारियों को राहत देना है। नगर निगम प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस सूचना का प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि सभी व्यापारी इसका लाभ उठा सकें।

# क्रेडिट कार्ड से हुई 1.44 लाख की साइबर ठगी

- क्रेडिट कार्ड में गड़बड़ी का दिया झांसा, कोतवाली पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में क्रेडिट कार्ड से लाखों रुपये की खरीदारी किए जाने का मामला सामने आया है। साइबर ठग ने क्रेडिट कार्ड में गड़बड़ी का झांसा देकर ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बगवाड़ा स्थित देव होम्स निवासी महिमानंद भारद्वाज ने बताया कि दो मई की सुबह 8 बजे उसके क्रेडिट कार्ड से 1.44 लाख रुपये की खरीदारी किए जाने का मैसेज आया, जबकि सुबह 9 बजे किसी डिलीवरी करने वाले व्यक्ति ने कॉल की थी और डिलीवरी आने की बात कही थी। उसके थोड़ी देर बाद एक अज्ञात कॉल फिर आयी जो क्रेडिट कार्ड बंद करने की बात कही और धमकाया कि अब तुम्हारी खाते और क्रेडिट कार्ड को बंद कर दिया है।

साथ ही बताया कि अब नया क्रेडिट कार्ड आवेदन करना पड़ेगा, जबकि हकीकत यह है कि उसके द्वारा कोई भी आवेदन नहीं किया है। बावजूद क्रेडिट कार्ड से 1.44 लाख रुपये का शॉपिंग हुई। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शेड, पेयजल और शौचालय की सुविधा करायी जाएगी उपलब्ध, महापौर ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

# श्रमिक अड्डा होगा नगर निगम के पास खाली जमीन पर शिफ्ट

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर के व्यस्ततम अग्रसेन चौक पर वर्षों से संचालित हो रहे श्रमिक अड्डे को अब नगर निगम के पास स्थित खाली भूखंड में शिफ्ट किया जाएगा। नये स्थान पर श्रमिकों के लिए शेड, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसको लेकर महापौर विकास शर्मा ने एसडीएम मनीष बिष्ट, सीओ डीआर वर्मा, नगर निगम और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ अग्रसेन चौक स्थित श्रमिक अड्डे का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान एसडीएम से जानकारी लेते महापौर विकास शर्मा। ● अमृत विचार

गुरुवार को निरीक्षण के दौरान महापौर शर्मा ने मौके पर मौजूद श्रमिकों, स्थानीय व्यापारियों और आसपास के लोगों से बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया। अग्रसेन चौक के पास लंबे समय से चल रहे अस्थाई श्रमिक अड्डे के कारण सुबह से दोपहर तक जाम की स्थिति बनी रहती है। खासतौर पर स्कूल जाने वाले बच्चों, महिलाओं और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों के ओर से लगातार इसकी शिकायत की जा रही थी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकांश व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने जनहित में श्रमिक अड्डे को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग रखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि फिलहाल नगर निगम के पास हाईवे किनारे स्थित खाली भूखण्ड पर श्रमिक अड्डे की अस्थाई व्यवस्था की जाए। श्रमिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए वहां पर शेड निर्माण, पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि श्रमिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री तरूण दत्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पार्षद चिराग कालड़ा आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम श्रमिकों के बनाएगा पहचान पत्र

**रुद्रपुर :** महापौर ने कहा कि श्रमिक अड्डे पर लगातार अव्यवस्थाओं और सुरक्षा संबंधी शिकायतें सामने आ रही थीं। इसी को देखते हुए अब श्रमिकों का सत्यापन अभियान भी चलाया जाएगा। सभी श्रमिकों को नगर निगम की ओर से पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। जिन्हें वे कार्यस्थल पर साथ लेकर जाएंगे। इससे सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी और श्रमिकों की पहचान तय की जा सकेगी।

### योजनाओं के लाभ के लिए श्रमिकों के बनेंगे श्रम कार्ड

**रुद्रपुर :** महापौर ने कहा कि नगर निगम श्रम विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों के श्रम कार्ड भी बनाएगा। ताकि उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि सिडकुल ढाल और मेडिसिटी क्षेत्र के पास संचालित अस्थाई श्रमिक अड्डों को भी व्यवस्थित किया जायेगा।

# कबाड़ गोदाम में आग से लाखों का नुकसान

### 60 लाख का कबाड़ जलकर राख, दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं घटनास्थल, समाजसेवी भी मौके पर पहुंचे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर के छतरपुर इलाके में स्थित एक कबाड़ के गोदाम में भीषण अग्निकांड का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कर्मियों ने कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी भीषण थी कि रिहायशी इलाकों के लोग भी अपने घरों को छोड़कर भागने लगे। अग्निकांड से लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। अग्निकांड के कारणों की दमकल विभाग ने तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गांव छतरपुर में प्रेम मौर्य का एक भूखंड है। जिसको ओमेक्स निवासी कमल अरोरा ने पार्ट्स एवं स्क्रैप का गोदाम बनाया हुआ है। यहीं से स्क्रैप का कारोबार संचालित करता है। बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह 8 बजे शॉर्ट सर्किट से अचानक चिंगारी सूखे स्क्रैप पर गिरी और देखते ही देखते स्क्रैप के ढेर से चिंगारियां उठने लगी। जब तक गोदाम कर्मी कुछ समझ पाते तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास का इलाका काले धुंए के गुबार में बदल गया। अग्निकांड की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां घटनास्थल पहुंचीं और थाना पंतनगर पुलिस भी मौके पर आई, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि गोदाम को चारों ओर से घेर चुकी थी। इसके बाद सीएफओ ईशान कटारिया ने वायरलेस के माध्यम से दूसरे थानों से दमकल की गाड़ियां मंगवाई और सिडकुल कंपनियों के भी फायर फाइटर्स को भी जानकारी दी। जिसके बाद कई घंटों की मशक्कत के बाद आग की लपटों पर काबू पाया गया। बावजूद स्क्रैप के ढेर में आग की सुलगती रही। सूचना मिलने पर समाजसेवी सुशील गाबा भी मौके पर पहुंचे और गोदाम संचालक से घटना की जानकारी ली। मिली जानकारी के अनुसार अग्निकांड से 60 लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। बावजूद दमकल विभाग की एक टीम अग्निकांड के कारणों और नुकसान का आकलन करने में जुट गई है।



कबाड़ के गोदाम में धधकती भीषण आग। ● अमृत विचार



आग बुझाने के लिए मशक्कत करता दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### रिहायशी कॉलोनी में मची अफरातफरी

**रुद्रपुर :** छतरपुर स्थित जिस कबाड़ गोदाम में अग्निकांड की घटना घटित हुई। उसके बेहद नजदीक रिहायशी इलाका भी है। जब अग्निकांड की घटना हुई और हवा की दिशा में काला धुआं रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ा तो स्थानीय बाशिंदों में हड़कंप मच गया। कारण घरों के अंदर काला धुंआ घुसने के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने की चर्चा भी है। लोगों का आरोप था कि प्रशासन को रिहायशी इलाकों के बीचों बीच गोदाम संचालन की अनुमति नहीं देनी चाहिए। वरना कभी भी अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### ऑटो कंपनी को हो सकता था नुकसान

**रुद्रपुर :** अग्निकांड स्थल के समीप जहां रिहायशी इलाका भी था तो उसके दूसरे छोर पर एक नामी गिरामी ऑटो कंपनी के ट्रक भी बड़ी तादाद में खड़े हुए थे। बताया कि हवा का रुख दूसरी तरफ होने से घटनास्थल के बेहद नजदीक खड़े ट्रकों तक आग की लपटें नहीं पहुंचीं। कंपनी प्रबंधन अग्निकांड पर नजरें बनाए हुए था। आग की लपटें शांत होने के बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली। यदि अग्निकांड खड़े ट्रकों की तरफ बढ़ता तो बड़ा नुकसान हो सकता था।

### अग्निकांड की होगी जांच: सीएफओ

**रुद्रपुर :** सीएफओ ईशान कटारिया ने बताया कि छतरपुर स्थित कबाड़ गोदाम में अग्निकांड की सूचना मिलते ही फौरन अग्निशमन की टीम रवाना हो चुकी थी, लेकिन अग्निकांड इतनी भीषण थी कि आसपास के इलाकों के अलावा टाटा मोटर्स, बजाज, हिंदुस्तान जिंक, अशोका लेलैंड, महिंद्रा टीवीएस की गाड़ियों को बुलाया गया। आग को काबू पा लिया गया है और दो टीम लगातार पानी की बौछार कर आग की तपिश को ठंडा करने में जुटी हुई है। आग के कारणों और नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

## पड़ोसी ने किया भूमि कब्जाने का प्रयास

**बाजपुर:** क्षेत्र के बहादुरगंज मुंडिया कलां में भूमि पर अवैध कब्जे के प्रयास का मामला गरमा गया है। पीड़ित ग्रामीण ने अपने पड़ोसियों पर जमीन पर कूड़ा-कचरा और मिट्टी डालकर कब्जा करने की नीयत का आरोप लगाते हुए प्रशासन से गुहार लगाई है।

ग्राम बहादुरगंज मुंडिया कलां निवासी उपकार सिंह ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को सौंपे शिकायती पत्र में बताया कि वह ग्राम मुंडिया कलां स्थित गाटा संख्या 403/6 एवं 403/7 पर काबिज हैं, जो वर्तमान में चकबंदी प्रक्रिया के अधीन है। आरोप है कि पड़ोसी उनकी भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से लगातार मिट्टी और कूड़ा डाल रहे हैं। रोकने पर आरोपी लड़ाई-झगड़े पर उतारू हो जाते हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पीड़ित ने प्रशासन से भूमि की पैमाइश कराने और नपत होने तक किसी भी प्रकार के निर्माण या मिट्टी डालने पर रोक लगाने की मांग की है। मामले को लेकर किसान नेता हरप्रीत सिंह निज्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कोतवाल नरेश चौहान से भी मुलाकात की और निष्पक्ष जांच की मांग की। पुलिस व प्रशासन ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। इस अवसर पर हरदयाल सिंह, जसविंदर सिंह, हरबाग सिंह, गुरविंदर सिंह, जितेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चोरी के वाहनों के साथ दो स्वास्थ्य कर्मी दबोचे



चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए आरोपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना पंतनगर पुलिस ने एक ऐसे ऑटो लिफ्टर युवकों को पकड़ा है जो रेडियोलॉजिस्ट की पढ़ाई कर रहा है, जबकि दूसरा युवक भी पैथोलॉजी लैब में टेक्नीशियन है। पूछे जाने पर अभियुक्तों का कहना था कि जल्द धनवान बनने की चाह में वह बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देने लगे। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर सात चोरी की बाइक भी बरामद कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

गुरुवार को खुलासा करते हुए एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि थाना पंतनगर में 11 मई को बाइक चोरी के दो मामले दर्ज हुए थे। चोरी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस ने एक टीम बनाई और सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया। 13 मई की शाम को सूचना मिली कि दो संदिग्ध इलाके में दिखाई दे रहे हैं। जिसके आधार पर पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान शुरू कर दिया और भाग रहे भोला सरकार निवासी ठाकुरनगर थाना ट्रांजिट कैंप और विक्की विश्वास निवासी वार्ड-11 खेड़ा बस्ती को पकड़ लिया। पूछताछ में यह भी पता चला कि अभियुक्त भोला सरकार शहर के बड़े हॉस्पिटल में रेडियोलॉजिस्ट की शिक्षा प्राप्त कर रहा है, जबकि दूसरा अभियुक्त विक्की विश्वास शहर के हड्डी सर्जरी हॉस्पिटल के पैथोलॉजिस्ट विभाग में टेक्नीशियन का काम करता है। पुलिस ने अभियुक्तों की निशानदेही पर स्कूटी और बाइक भी बरामद की हैं।

# जिले में अब हर शनिवार फ्यूल अनुशासन पॉलिसी: एसएसपी

- एसएसपी ने अधीनस्थों को दिए निर्देश, अधिकारी-कर्मचारी कार्यालय आने-जाने में नहीं करेंगे वाहनों का प्रयोग

संवाददाता, रुद्रपुर



एसएसपी अजय गणपति।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईंधन बचत को लेकर की गई सार्वजनिक अपील के बाद एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधीनस्थों के लिए फ्यूल अनुशासन पॉलिसी लागू कर दी है। प्रत्येक शनिवार को नो व्हीकल्स डे मनाने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि प्रत्येक शनिवार को अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्यालय में आने-जाने के लिए वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे। एसएसपी ने पैदल गश्त को भी प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए हैं।

गुरुवार को एसएसपी ने बताया कि चीता मोबाइल अथवा अन्य वाहनों से गश्त के दौरान एक स्थान पर वाहन रोककर 100-200 मीटर की परिधि में पैदल गश्त करने के बाद अगले स्थान पर गश्त करने को कहा गया है। अनावश्यक रूप से वाहनों का प्रयोग नहीं होगा। ड्यूटी, परेड एवं अन्य कानून-व्यवस्था ड्यूटी के दौरान अधिकारी एवं कर्मचारी कार पुलिंग को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने अत्यावश्यक परिस्थिति को छोड़कर बस, टैक्सी, लोकल ट्रेन एवं अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों का उपयोग करने का आदेश दिया। एसएसपी ने बताया कि एक अत्यावश्यक सेवा है और जनता की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके साथ-साथ संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ईंधन बचत केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने कहा कि पुलिस जनसेवा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सुसाइड के प्रयास का ड्रामा पड़ा महंगा, दंपती पर मुकदमा

- अपने ऊपर पेट्रोल डालकर पांच मई को आई थी महिला
- प्रताड़ना का था मामला, सिपाही ने सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना गदरपुर की रहने वाले एक दंपती को पुलिस कार्यालय आकर सुसाइड के प्रयास का नाटक करना महंगा पड़ गया। पुलिस कार्यालय में तैनात सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है, जबकि महिला का आरोप था कि चोरी प्रकरण में गदरपुर पुलिस बार-बार प्रताड़ित कर रही है।

बताते चलें कि 5 मई की शाम को साढ़े पांच बजे सुमन निवासी अलख देवी महतोष थाना गदरपुर अपने पति मुन्ना लाल के साथ पुलिस कार्यालय आयी। महिला ने अपने कपड़ों पर पेट्रोल छिड़का हुआ था और हाथ में माचिस थामी हुई थी। उससे पहले मीडिया कर्मी भी महिला की प्रतीक्षा कर रहे थे। पुलिस कार्यालय पहुंची महिला सुमन का आरोप था कि उसकी ननद गदरपुर के एक परिवार के घर पर काम करती है और परिवार रिश्तेदार की शादी में गया हुआ था।

जब लौटा तो घर में लाखों रुपये के आभूषण चोरी हो चुके थे। आरोप था कि शिकायतकर्ता की तहरीर पर महतोष चौकी पुलिस ने दंपति को बुलाकर कई बार जलील किया और अमानवीय व्यवहार करते हुए पांच लाख रुपये शिकायतकर्ता को देने का प्रस्ताव रखा। महिला का यह भी कहना था कि आर्थिक तंगी से जूझने के कारण इतनी मोटी रकम वह क्यों दे, जबकि वह पुलिस की जांच में सहयोग भी कर रहे हैं। यही नहीं पीड़िता के पति ने भी मीडिया को पुलिस द्वारा प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगाया था। महिला के आत्मदाह के ऐलान के बाद पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया और पुलिसकर्मी सिपाही विक्रांत कुमार ने समझाकर मामला शांत करा दिया था। 11 दिन बाद अचानक उसी सिपाही की तहरीर पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ झूठी अफवाह फैलाकर सुसाइड के प्रयास का ड्रामा करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

### महिला ने रची थी प्रताड़ना की कहानी

**रुद्रपुर :** सिपाही विक्रांत द्वारा दी गई तहरीर में महिला सुमन पर आरोप था कि महिला ने महतोष चौकी पुलिस पर प्रताड़ना की झूठी कहानी बनाई थी। सिपाही का आरोप था कि जिस वक्त महिला पुलिस कार्यालय पहुंची वो मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रही थी और पुलिस पर प्रताड़ना, पांच लाख रुपये देने का दबाव बनाने सहित कई गंभीर आरोप-प्रत्यारोप लगा रही थी। बयानबाजी के बाद महिला अंदर प्रवेश करती है। उससे पहले ही सिडकुल चौकी पुलिस के अलावा पीएसी जवानों को बुला लिया। महिला की काउंसलिंग की गई तो पता चला कि महिला ने मीडिया को बुलाया। पुलिस प्रताड़ना के आरोप बेबुनियाद थे। यही कारण है कि पुलिस ने सबक सिखाने का मन बनाते हुए मुकदमा पंजीकृत किया।

### दबाव की नीति बर्दाश्त नहीं: एसएसपी

**रुद्रपुर :** एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने बताया कि थाना गदरपुर के कारोबारी के घर लाखों की चोरी वास्तव में हुई थी और संदेह के आधार पर महज शिकायतकर्ता परिवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। जो कि पुलिस जांच प्रक्रिया का हिस्सा होती है। अमानवीय व्यवहार व प्रताड़ना के आरोप बेबुनियाद थे। बावजूद महिला द्वारा आत्मदाह का नाटक कर पुलिस की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया गया। जांच प्रक्रिया में दबाव की नीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी और पुलिस पूरी पारदर्शिता से काम कर रही है। घटनाओं का पर्दाफाश करना पुलिस का दायित्व है।

**उत्साह** स्थानीय लोगों ने किया महापौर विकास शर्मा का फूलमाला पहनाकर स्वागत

# कृष्णा कॉलोनी में किया सीसी मार्ग का शिलान्यास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** महापौर विकास शर्मा ने वार्ड दो कृष्णा कॉलोनी में विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने महापौर शर्मा का फूलमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। साथ ही मिष्ठान वितरण कर खुशी जतायी।

गुरुवार को महापौर ने कृष्णा कॉलोनी में 5.03 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा 4.35 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। इस दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराए जा रहे हैं।



सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास करते महापौर विकास शर्मा।

उन्होंने शहर की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है और सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता से जुड़े कार्यों में लगातार तेजी लाई जा रही है। नगर निगम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में लंबे समय से सड़क और जल निकासी की समस्या बनी हुई थी। वहां अब योजनाबद्ध तरीके से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। ताकि लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

महापौर ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। सभी कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इस अवसर पर पार्षद महेंद्र पाल मौर्य, मुकेश रस्तौगी, पार्षद पवन राणा, प्रेम पाल गंगवार, वीनू, कृष्ण पाल गंगवार, तारक सरकार, नंद किशोर चौहान, सूर्यनाथ मौर्य, मोहन स्वरूप गंगवार, निर्भय गंगवार, रामौतार शर्मा, छत्रपाल राठौर, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## कबड्डी मैच के दौरान खिलाड़ियों में भिड़ंत

**बाजपुर:** संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी मैच में छात्रों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खिलाड़ियों के बीच हाथापाई और हंगामे के कारण मौके पर अफरातफरी मच गई, जिसके बाद सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस को बुलाना पड़ा और प्रतियोगिता को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

नगरीय सीमा के निकट एक ग्रामीण विद्यालय में आयोजित इस प्रतियोगिता में जसपुर, काशीपुर, बाजपुर और गदरपुर के सात स्कूलों की टीमें हिस्सा ले रही थीं। गुरुवार को मेजबान विद्यालय और काशीपुर की टीम के बीच कक्षा 12 का कबड्डी मुकाबला चल रहा था। खेल के दौरान एक अंक (पॉइंट) को लेकर दोनों पक्षों के खिलाड़ी आपस में उलझ गए। विवाद इतना बढ़ा कि छात्रों के बीच हाथापाई शुरू हो गई।

# ईट भट्ठों का निरीक्षण करे समिति

- ड्रॉप आउट बालक-बालिकाओं के पुनर्वासन की बनाई जाए रणनीति
- सीडीओ ने समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने बाल कल्याण समिति के कार्यों की समीक्षा की। बाल कल्याण समिति को विभिन्न ईंट के भट्ठों का निरीक्षण कर वहां पर श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी और सहायक श्रम आयुक्त को ड्रॉप आउट बालिकाओं और बालकों के हॉटस्पॉट्स का चिन्हीकरण कर उनके पुनर्वासन के लिए रणनीति बनाने के निर्देश दिए।



सीडीओ को जानकारी देतीं जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन। ● अमृत विचार

गुरुवार को बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि बाल विवाह रोकथाम के लिए जागरूकता रोस्टर जारी किया जाए। साथ ही बाल विवाह के हॉटस्पॉट्स का भी चिन्हीकरण किया जाए। विभिन्न विद्यालयों में गुड टच बैड टच पर जागरूकता अभियान आयोजित किए जाए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि अप्रैल और मई में 4 बाल विवाह रुकवाए गए हैं।

साथ ही प्रोबेशन अधिकारी में बताया कि गुड टच बेड टच व बाल विवाह पर विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाये जा रहे हैं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति डॉक्टर रत्नेश, सदस्य बाल कल्याण समिति चंद्रकला राय, गौरव टागरा, उमेश सिंह, जितेंद्र कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन कॉर्डिनेटर चांदनी आदि उपस्थित थे।

## ब्रीफ न्यूज

### 350 फुटकर कारोबारियों ने बनवाया लाइसेंस

**काशीपुर :** फल-सब्जी, दलहन एवं तिलहन का फुटकर कारोबार करने वाले व्यापारियों ने लाइसेंस बना लिया है। अब तक मंडी समिति से 350 फुटकर कारोबारियों ने अपना फुटकर लाइसेंस बनवा लिया है। मंडी सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि काशीपुर मंडी क्षेत्रांतर्गत फल-सब्जी, लकड़ी, खाद्यान्न, दलहन एवं तिलहन का फुटकर कारोबारी को अनिवार्य रूप से लाइसेंस बनवाना हैं। मंडी समिति की ओर से बाजारों में प्रचार-प्रसार किया गया था। 8 मई तक फुटकर लाइसेंस बनाने की अंतिम तिथि थी। 350 से अधिक फुटकर कारोबारियों ने अपना फुटकर लाइसेंस बना लिया है।

### पर्वतीय रूटों पर बसों के संचालन की संभावना बढ़ी

**काशीपुर :** काशीपुर रोडवेज डिपो को शीघ्र ही दो छोटी बसें मिलने वाली हैं। इससे क्षेत्र से पर्वतीय रूटों पर बसों के संचालन की संभावना बढ़ गई। काशीपुर से नैनीताल और लोहाघाट के लिए बस सेवा शुरू करने की मांग लंबे समय चल रही थी। डिपो के पास छोटी बसें नहीं होने की वजह से यह सेवा शुरू नहीं हो पाई थी। ऐसे में अब डिपो को दो छोटी बसें मिल रही है, इन बसों को नैनीताल और लोहाघाट रूट पर संचालित किये जाने की संभावना है। डिपो के सहायक महाप्रबंधक राजेंद्र कुमार आर्य ने बताया कि भवाली डिपो से दो छोटी बसें मिलने वाली है। इन बसों के आने के बाद पहाड़ी रूटों पर बसों का संचालन किया जाएगा।

### खाद्य विभाग की टीम ने आइसक्रीम के सैंपल लिए

**काशीपुर :** खाद्य विभाग की टीम ने काशीपुर में छह दुकानों पर छापामार कार्रवाई की। दो दुकानों में आइसक्रीम के सैंपल लिये है। सैंपल को लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है। फूड इंस्पेक्टर अर्पणा शाह ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर बृहस्पतिवार को काशीपुर के बाजार की छह दुकानों पर छापामार कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान दुकानों में बेची जाने वाली आइसक्रीम को चेक किया गया। वहीं दो दुकानों से आइसक्रीम के सैंपल को जांच के लिए लिया गया है।

### जसपुर में क्रय-विक्रय समिति चुनाव में 12 लोगों ने भरे पर्चे

**जसपुर :** क्रय-विक्रय समिति के चार संचालक पदों के लिए 12 लोगों ने पर्चे दाखिल किए हैं। अब आगामी 19 मई को 329 मतदाता समिति मुख्यालय में मतदान करेंगे। चुनाव अधिकारी पीएल वर्मा एवं एमडी अरुण सोलंकी ने जानकारी देकर बताया कि समिति में 13 संचालक होंगे। किसान सेवा सहकारी समिति से तीन, फीका पार समिति से चार और गढ़ीनेगी समिति से दो संचालक रहेंगे, जबकि अन्य समिति से एक संचालक आयेगा। इस बार अन्य समिति से एक संचालक पद पर दो लोगों ने पर्चा भरा है। समिति के तीन क्षेत्र जसपुर, महुआडाबरा और भगवंतपुर से 10 लोगों ने नामांकन पत्र भरे हैं।

### जनजीवन उत्थान समिति ने जताया शोक

**काशीपुर :** जनजीवन उत्थान समिति द्वारा स्वर्गीय सत्येंद्र चंद्र गुड़िया मार्ग पर स्थित जगदीश प्रेरणा भवन के सभागार में वरिष्ठ अधिवक्ता मोहम्मद हनीफ सिद्दीकी और महुआखेड़ा गंज के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद चौधरी के युवा पुत्र के निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। शोक सभा में समिति अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा, भास्कर त्यागी, सैयद आसिफ अली, देवांग मिश्रा, विवेक मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** कटोराताल चौकी क्षेत्र से 15 वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। नाबालिग की मां ने एक युवक पर पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# काशीपुर की तीन टायर ट्रेडिंग फर्म पर छापेमारी

## चार टीमों ने जांच सर्वेक्षण एवं अभिग्रहण की कार्रवाई की

- राज्य कर विभाग ने की बड़ी कार्रवाई, मचा हड़कंप

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में एक फर्म पर जांच करती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राज्यकर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा की टीम ने काशीपुर स्थित तीन टायर ट्रेडिंग और एक इवेंट के व्यापारियों के यहां छापा मारा। इस दौरान टीम ने समस्त दस्तावेज खंगाले। देर शाम तक टीम की कार्रवाई चलती रही।

गुरुवार को राज्य कर विभाग के आयुक्त के निर्देशन के पर अपर आयुक्त के मार्गदर्शन एवं संयुक्त आयुक्त (वि.अनु.शा./प्र.) के नेतृत्व में 2026-27 के लिए निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति एवं कर अपवंचन पर प्रभावी अंकुश लगाने को काशीपुर स्थित 3 टायर ट्रेडिंग एवं 1 इवेंट (विभिन्न उत्सवों/आयोजन कराने वाली इकाई) के व्यापारियों पर संयुक्त आयुक्त (विशेष अनुसंधान शाखा/प्रवर्तन) काशीपुर के द्वारा गठित चार जांच दलों के द्वारा जांच सर्वेक्षण एवं अभिग्रहण की कार्यवाही की गई। जांच से पूर्व इकाई ने संबंधित फर्मों की व्यापारिक गतिविधियों एवं कार्य प्रणालियों की गहनता के साथ निगरानी की। अनुसंधान शाखा के उपायुक्त विनय ओझा ने बताया कि फर्म के द्वारा वर्ष 2023-24 से लेकर 2025-26 एवं गतिशील माह में दिल्ली, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड की फर्मों से खरीद करते हुए बिक्री की गयी है, जबकि प्रारंभिक जांच पर यह पाया गया कि उनके द्वारा अपनी समस्त बिक्री को अपने लेखों में प्रदर्शित नहीं किए जा रहे है।

इवेंट प्रबंध करने वाली फर्म बिना पंजीयन के कर योग्य सीमा से अधिक की सेवा दी जा रही है। जांच दल के द्वारा संबंधित फर्मों के व्यापार स्थल व गोदामों में उपलब्ध स्टॉक की जांच की गयी। उनकी देयता का मिलान किया गया। लेखों से बाहर के स्टॉक के संबंध में फर्म संचालकों से पूछताछ की गई।

सर्वे के दौरान व्यापार-स्थल के रिकाड्र्स को अग्रेतर जांच के लिये कब्जे में लिया गया। बताया कि प्रारंभिक जांच में टायर्स की ट्रेडिंग की एक फर्म के द्वारा अपनी अघोषित बिक्री पर 70 लाख के आंशिक देयता स्वीकार करते हुए राजकोष में जमा किया गया। समाचार लिखे जाने तक टीम सर्वे कर रही थी। टीम में विनय ओझा, जीशान मलिक, कविता, अमर, राहुल, विश्वजीत, मुकेश, कुशल, अनिल, यासीर शामिल रहे।

## विधवा महिला ने लगाया संपत्ति हड़पने का आरोप

**काशीपुरः** एक विधवा महिला की संपत्ति और स्त्री धन हड़पने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता ने अपने जेठ और उनके साथियों पर फर्जी वसीयत तैयार करने, मारपीट कर घर से निकालने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

सैनिक कॉलोनी, जसपुर खुर्द निवासी पायल रानी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी शादी दो दिसंबर 2020 को अजय कुमार के साथ हुई थी। अप्रैल 2024 में बीमारी के कारण उनके पति का आकस्मिक निधन हो गया। पीड़िता की एक चार वर्षीय पुत्री भी है। आरोप है कि पति की मृत्यु के कुछ समय बाद ही उनके जेठ संजय कुमार और अतुल कुमार अपने साथी दीपक मण्डल, नासिर हुसैन और अंकित कुमार के साथ मिलकर साजिश रचने लगे। महिला का आरोप है कि इन लोगों ने उसके स्वर्गीय पति के नाम पर एक कूटरचित वसीयत तैयार कर ली, ताकि उसकी चल-अचल संपत्ति को हड़पा जा सके। बताया कि आरोपियों ने पीड़िता और उसकी मासूम बेटी के साथ गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी देकर घर से बाहर निकाल दिया। बताया कि घर में रखे सोने-चांदी के जेवर, जमीन के कागजात, बैंक पासबुक और पति का रिवाल्वर व गाड़ियां भी आरोपियों ने कब्जे में ले ली हैं।

# खाद गोदामों को ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जाएगा

- गन्ना आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते गन्ना आयुक्त। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** गन्ना आयुक्त ने पेराई सत्र 2026-27 के लिये जारी गन्ना सर्वेक्षण नीति के समस्त प्रावधानों का समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि गन्ना सर्वेक्षण के दौरान कोई भी कृषक सर्वे से वंचित न रहे और किसान का नाम, मोबाइल नंबर एवं अन्य समस्त विवरण अभिलेखों में शुद्ध एवं पूर्ण रूप से दर्ज किया जाए। साथ ही प्रत्येक कृषक से आवश्यक घोषणा-पत्र भी भरवाया जाए। खाद गोदामों को भी ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जाएगा।

पेराई सत्र 2026-27 के लिये निर्गत गन्ना सर्वेक्षण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और आगामी पेराई सत्र की तैयारियों के संबंध में एक समीक्षा बैठक बृहस्पतिवार को गन्ना एवं चीनी आयुक्त कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे गन्ना एवं चीनी आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने कहा कि गन्ना सर्वेक्षण विभाग का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, जिसके माध्यम से गन्ना उत्पादन एवं चीनी मिलों को उपलब्ध होने वाले गन्ने का वास्तविक आकलन किया जाता है। इसी आधार पर चीनी मिलें अपनी पेराई नीति एवं संचालन योजना तैयार करती हैं। आयुक्त मर्तोलिया ने बताया कि इस वर्ष गन्ना सर्वेक्षण कार्य में "एग्री फॉरेस्ट्री" नामक एक नया कॉलम जोड़ा गया है, जिसमें गन्ने के साथ सहफसल के रूप में लगाए गए पॉपुलर एवं अन्य वृक्षों का विवरण अंकित किया जाएगा।

बैठक में विगत वर्षों के लंबित चेनमैन भुगतान का शीघ्र निस्तारण करने व अवशेष गन्ना मूल्य भुगतान समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित चीनी मिलों को दिए गए। साथ ही आगामी पेराई सत्र के दृष्टिगत सभी चीनी मिलों को मरम्मत एवं रखरखाव कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि पेराई कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। आयुक्त ने बताया गया कि सहकारी गन्ना विकास समितियों को ऑनलाइन किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अंतर्गत खाद गोदामों को भी ऑनलाइन प्रणाली से जोड़ा जाएगा, जिससे कृषकों को खाद उपलब्धता, स्टॉक, शेष मात्रा, ऋण सीमा तथा ऋण भुगतान संबंधी सूचनाएं ऑनलाइन प्राप्त हो सकेंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि समितियों के कार्य संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक में अपर गन्ना एवं चीनी आयुक्त चन्द्र सिंह इमलाल, संयुक्त गन्ना एवं चीनी आयुक्त हिमानी पाठक, प्रचार एवं जनसम्पर्क अधिकारी नीलेश कुमार, सहायक गन्ना आयुक्त (मुख्यालय) आशीष नेगी समेत विभाग के प्रदेश के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्लास्टिक के दुष्प्रभावों की जानकारी दी

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में स्कूल के बच्चों को जानकारी देते जगमोहन सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर निगम काशीपुर एवं खालसा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों एवं उससे बचाव के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज, श्री गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज एवं बाबा हरबंस सिंह एकेडमी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जगमोहन सिंह (ब्रांड एम्बेसडर) ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग कम करने का संदेश दिया। उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक की बोतलों और लंच बॉक्स के स्थान पर स्टील की बोतल एवं स्टील के लंच बॉक्स उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही बच्चों को यह भी समझाया गया कि कूड़ा इधर-उधर फेंकने के बजाय उसे एक बोतल या निर्धारित स्थान पर एकत्रित करें, ताकि स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाया जा सके। सेमिनार के माध्यम से विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के प्रति जागरूक करने का सफल प्रयास किया गया।

# नाले की सफाई का निरीक्षण किया

- महापौर ने निगम के अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में गैबिया नाले का निरीक्षण कर निर्देश देते महापौर दीपक बाली।

**अमृत विचारः** महापौर ने मानपुर रोड पर आरके फ्लोर मिल के पीछे गैबिया नाले की हो रही तली झाड़ सफाई का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया कि नाले और नालियों पर यदि उनका कोई अतिक्रमण है तो उसे हटा लें, ताकि नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में कोई समस्या न आए।

गुरुवार को महापौर दीपक बाली ने गैबिया नाले में हो रही साफ-सफाई का निरीक्षण किया। अधिकारियों को मौके पर कार्य को जल्द से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर वासियों से अनुरोध किया कि नाले और नालियों पर यदि उनका कोई अतिक्रमण है तो उसे हटा लें, ताकि नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में कोई समस्या न आए। अन्यथा नगर निगम न सिर्फ उस अतिक्रमण को खुद हटाएगी, बल्कि जरूरत पड़ने पर अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। कहा कि शहर के सभी बड़े नालों महादेव नहर, कलश मंडप वाला नाला, नकटिया नाला एवं गैबिया नाले सहित सभी नाली व नालों की तली झाड़ सफाई का अभियान चल रहा है। महापौर के साथ पार्षद वैशाली गुप्ता, रवि प्रजापति, अनिल कुमार, सादिक हुसैन, सुरेश सैनी, मयंक मेहता, सीमा सागर, शाह आलम, देव प्रजापति आदि रहे।

## अंधड़ में बिजली के पोल गिरे

**काशीपुरः** बिजली कटौती से पहले से परेशान उपभोक्ताओं को अब अंधड़ आने से दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। बुधवार देर रात आई अंधड़ के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर पोल क्षतिग्रस्त हो गए और लाइनों पर पेड़ गिर गए। जिससे कई इलाकों में 16 घंटे से अधिक बिजली गुल रही। बृहस्पतिवार शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति सुचारू हो सकी। बुधवार की देर रात करीब साढ़े दस बजे के आसपास तेज अंधड़ आई। अंधड़ की वजह से मोटेश्वर महादेव मंदिर के पास तीन खंभे उखड़ गए है, एक पेड़ भी गिर गया। इस कारण जसपुर खुर्द क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। बुधवार रात 11 बजे गई बिजली बृहस्पतिवार की शाम पांच बजे आई।


काशीपुर के डीएवी स्कूल में मेधावी बच्चों के साथ शिक्षक। ● अमृत विचार

### डीएवी का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**काशीपुर :** सीबीएसई 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम डीएवी स्कूल का उत्कृष्ट रहा। डीएवी पब्लिक स्कूल काशीपुर में शालिनी पांडे ने 93 .20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिवांगी पुंडीर ने 89 .80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और लविश ने 87 .60 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर संतोष कुमार चौबे ने सभी छात्रों एवं अभिभावकों को फूल माला एवं मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बृजेश रावल, धर्मराज बिष्ट, अमित नेगी, उमेश शर्मा, सूर्य प्रकाश मौर्य, रुचि गौड़, संतोषी जोशी, हीरा सिंह आरती चौधरी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# पुलिसकर्मियों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

- लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर और केवीआर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगा शिविर

संवाददाता, काशीपुर


काशीपुर में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में जांच कराते एएसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** लायंस क्लब काशीपुर ग्रेटर और केवीआर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में कोतवाली परिसर में पुलिसकर्मियों और उनके परिजनों के लिए एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 95 लोगों ने जांच कराई।

गुरुवार को शिविर का शुभारंभ एएसपी स्वप्न किशोर सिंह, सीओ प्रशांत कुमार और निरीक्षक हरेंद्र चौधरी ने फीता काटकर किया। शिविर में फिजिशियन परामर्श, आंखों की जांच, बीएमडी टेस्ट, ईएनटी एंडोस्कोपी, ईसीजी, शुगर और एलएफटी/केएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं। एएसपी एसके सिंह ने लायंस क्लब की पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि व्यस्त और तनावपूर्ण कार्यशैली के बीच पुलिसकर्मियों के लिए ऐसे शिविर अत्यंत लाभकारी हैं। क्लब द्वारा पुलिस अधिकारियों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष गौतम मेहरोत्रा ने बताया कि भविष्य में भी जनहित के ऐसे कार्य जारी रहेंगे। इस मौके पर डॉ. तरुण सोलंकी, अनुराग सोलंकी, विवेक पैगिया आदि मौजूद रहे।

# गन्ना समिति लक्सर के सचिव प्रभारी निलंबित

संवाददाता, काशीपुर

- खाद गोदाम में उर्वरक की कालाबाजारी व वित्तीय अनियमितता का आरोप

**अमृत विचारः** गन्ना एवं चीनी उद्योग आयुक्त ने हरिद्वार के लक्सर सहकारी गन्ना विकास समिति के खाद गोदाम में उर्वरक की कालाबाजारी और वित्तीय अनियमितता की शिकायत पाये जाने पर समिति के सचिव प्रभारी को निलंबित कर दिया। साथ ही मामले की जांच के लिये कमेटी का गठन किया गया है। जो 15 दिन के अंदर अपनी जांच आख्या प्रस्तुत करेगी।

गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग उत्तराखंड के प्रचार एवं जनसंपर्क अधिकारी नीलेश कुमार ने बताया कि सहायक गन्ना आयुक्त हरिद्वार के स्तर से सहकारी गन्ना विकास समिति लि.लक्सर के खाद गोदाम में उर्वरक की कालाबाजारी व वित्तीय अनियमितता बरते जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए गन्ना एवं चीनी उद्योग आयुक्त त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने समिति के सचिव प्रभारी सूरजभान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामले की जांच के लिये जांच कमेटी का गठन कर सहायक गन्ना आयुक्त देहरादून को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। निलंबन तक सचिव प्रभारी सहायक गन्ना आयुक्त देहरादून कार्यालय में संबद्ध रहेंगे।

# पीजी कॉलेज में वार्षिक समारोह की धूम


बाजपुर में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का स्वागत करते छात्रसंघ पदाधिकारी।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को छात्रसंघ एवं वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन किया गया। छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोरा के नेतृत्व और प्राचार्य डॉ. विभेष कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। आर्य ने युवाओं को समाज निर्माण की धुरी बताते हुए पर्यावरण व जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

समारोह में मेधावी छात्रों और कॉलेज की विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। डॉ. दर्शन सिंह कंबोज को श्रेष्ठ शिक्षक और शाकुंतला देवी को श्रेष्ठ कर्मचारी के रूप में पुरस्कृत किया गया। इस दौरान छात्राओं ने बुक्सा लोकगीत, 'भेड़ू पाको', 'चेत की चेतवाल' और पंजाबी व गुजराती नृत्यों की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। छात्रसंघ अध्यक्ष ने कॉलेज में पुस्तकालय के विस्तारीकरण और नए विषयों की मांग रखी, जिस पर मुख्य अतिथि ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में हरमिंदर सिंह ढिल्लो, जोरावर सिंह भुल्लर आदि मौजूद रहे। संचालन डॉ. अनिल सैनी व उनकी टीम ने किया।


जसपुर में प्रसाद लेते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### ठाकुर मंदिर में बंटा शरबत, खाटू श्याम मंदिर में भंडारा

**जसपुर :** ठाकुर मंदिर में बाबा सीताराम महाराज की 39 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। उनकी याद में मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को शरबत एवं हलुवा का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर के महंत बाबा भगवत दास ने बताया कि सीताराम बाबा ने वर्ष 1988 में अपना देह त्याग दिया था। उन्होंने मंदिर में 14 वर्षों तक लगातार रामचरित मानस का पाठ कराया था। प्रत्येक वर्ष उनकी पुण्यतिथि मनाई जाती है। वहीं खाटू श्याम मंदिर में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर मंत्रोच्चारण के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस मौके पर विशेष पूजा का प्रसाद वितरित किया गया और विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने खाटू श्याम के मंदिर में प्रसाद चढ़ाया। उधर भगवंतपुर रोड स्थित फोरलेन चौराहे पर भागवत कथा समापन होने पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

# पांडेय ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

- सेमलपुरी जनजाति भूमि विवाद में दूसरे पक्ष ने मांगा समय

संवाददाता, बाजपुर


जांच समिति के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के बाद पत्रकारों को जानकारी देते पांडेय।

**अमृत विचारः** ग्राम सेमलपुरी की जनजाति भूमि से जुड़े चर्चित प्रकरण में गुरुवार को जांच समिति के समक्ष पक्षकारों ने अपना पक्ष रखा। गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय के पुत्र अतुल पांडेय अपने अधिवक्ताओं के साथ एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एक प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले की गहराई से जांच की मांग की।

अतुल पांडेय ने समिति से आग्रह किया कि जिस तत्कालीन सहायक कलेक्टर के आदेश पर यह भूमि उनके नाम दर्ज हुई थी, उन्हें भी जांच में पक्षकार बनाकर उनके बयान दर्ज किए जाएं। उन्होंने तर्क दिया कि वह कभी इस मामले में न्यायालय में पेश नहीं हुए, अतः यह जांच का विषय है कि भूमि उनके नाम कैसे आई। दूसरी ओर, विपक्षी पक्ष गुरविंदर सिंह के अधिवक्ता ने उनके खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए 150 दिन का अतिरिक्त समय मांगा है।

गौरतलब है कि नन्नी देवी ने अतुल पांडेय पर कूटचरित दस्तावेजों के जरिए भूमि नाम कराने का आरोप लगाया था, जिसकी जांच एडीएम कौस्तुभ मिश्रा की अध्यक्षता वाली समिति कर रही है। फिलहाल समिति ने मीडिया को जानकारी देने से इनकार करते हुए जांच जारी रहने की बात कही है।

## सिटी ब्रीफ

### चचेरे भाई पर भूमि पर कब्जा करने का आरोप

**खटीमा** : नौसर निवासी जवाहर लाल कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर सौंपकर उसकी पुश्तैनी भूमि पर चचेरे भाई द्वारा पिछले कुछ समय से लगातार भूमि कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने कहा है कि विपक्षियों ने उसकी जमीन को काट काटकर अपनी भूमि मिला में शामिल कर लिया है और कब्जा करने की नीयत से बेवजह परेशान गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देता है। यह भी कहा है कि गांव के संभ्रांत लोगों के माध्यम से पंचायत में विवाद रखा लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। यह भी कहा है कि वह मामले को लेकर राजस्व विभाग और पुलिस के चक्कर काट रहा है। भूस्वामी ने कहा उसको भूमि से वंचित करने का प्रयास किया जा रहा है और उसके परिवार को जान माल खतरा बना हुआ है।

### प्रशिक्षण वर्ग में कई कार्यकर्ता लेंगे भाग

**खटीमा** : भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के लिए एक बैठक आयोजित कर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। पालिका सभागार में आयोजित बैठक में रुद्रपुर में हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान की जानकारी दी गई। 17 और 18 मई को चलने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग में समर्पित कार्यकर्ताओं से प्रतिभाग करने की अपील की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, नगर महामंत्री विक्की रस्तोगी, जिला महामंत्री रमेश जोशी, सतीश गोयल, भुवन भट्ट, सोमनाथ मौर्य, गोविंद मेहता, शशांक वर्मा, संतोष जोशी, कमलदीप आदि सम्मिलित थे।

### नए अन्न के भोग के साथ जीवंत हुई आस्था

**शांतिपुरी** : शांतिपुरी नंबर दो ढाकानी भूमि देवता मंदिर में गुरुवार को लोक आस्था, परंपरा और सामूहिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। नए अन्न के भोग एवं सामूहिक पूजा-अर्चना के अवसर पर सुबह से ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में उमड़ पड़ी। पूरे क्षेत्र में ढोल-नगाड़ों और धार्मिक जयकारों से भक्तिमय माहौल बना रहा। ग्रामीणों ने सबसे पहले मंदिर परिसर की सामूहिक साफ-सफाई कर धार्मिक आयोजन की शुरुआत की। इसके बाद मंदिर कमेटी अध्यक्ष हरपाल सिंह कोरंगा, प्रधान पुजारी बिशन सिंह कोरंगा, शेर सिंह कोरंगा, हुकम सिंह कोरंगा एवं पुष्कर सिंह कोरंगा ने विधिवत मंदिर के कपाट खोले। पंडित ललित मोहन जोशी के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अनुष्ठान संपन्न हुआ।


रविंद्रनगर में संकीर्तन का श्रवण करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### अखंड नाम संकीर्तन में शामिल हुए विधायक अरोरा

**रुद्रपुर** : रविंद्रनगर वार्ड 37 में आयोजित अखंड नाम संकीर्तन के समापन पर मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा शामिल हुए। इस दौरान विधायक अरोरा ने संकीर्तन का श्रवण किया और क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि अखंड नाम कीर्तन स्वयं को ईश्वर से जोड़ने का बेहतर मार्ग है। वह लगातार रुद्रपुर क्षेत्र में जगह-जगह आयोजित हो रहे अखंड नाम संकीर्तन में शामिल हो रहे हैं। जिस प्रकार से बंगाली समुदाय में अखंड नाम संकीर्तन को लेकर आस्था प्रेम का भाव नजर आता है वह अकल्पनीय है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन हमें अपने धर्म संस्कृति से जोड़े रखते हैं। इस अवसर पर पार्षद विष्णु सिंह, अध्यक्ष हीरा मंडल, उपाध्यक्ष विपुल गाईन, सचिव सुकुमार मंडल, उपसचिव संजय हलदार, कोषाध्यक्ष विवेक महलदार, प्रकाश अधिकारी, वीरेंद्र तिवारी आदि मौजूद रहे।

### विधायक भगत ने दिया जीत का मंत्र

**किच्छाः** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक बंशीधर भगत ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कस ली है। नगर के मुख्य बाजार स्थित भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष किशन गोयल के प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा चुनावी मोड में रहता है।

भगत ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि मतदाता सूची संशोधन के दौरान सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता न छूटे। उन्होंने शक्ति केंद्रों और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर कुंदन लाल खुराना, शैली फुटेला, लता सिंह आदि मौजूद रहे।

विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल प्रबंधन में खुशी, मेधावी बच्चों को खिलाई मिठाई

## डीपीएस की सुनंदा व जेसीज की प्राची ने किया टॉप

संवाददाता, रुद्रपुर


सुनंदा खंडेलवाल।


लावेन्या गर्ग।


नमन धौंडियाल।


मेधावी छात्रा सुनंदा खंडेलवाल के साथ चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर।

**अमृत विचारः** दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा 2026 में इतिहास दोहराते हुए विद्यालय को गौरवांवित किया है। इस बार भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की मेधावी छात्रा सुनंदा खंडेलवाल ने 98.6 और जेसीज स्कूल की प्राची मटेला ने भी 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर में सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।

बुधवार को जारी परीक्षा परिणाम में दिल्ली पब्लिक स्कूल की लावेन्या गर्ग ने 97 प्रतिशत अंक और नमन धौंडियाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शहर के साथ ही विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के इन शानदार परिणामों से पूरे विद्यालय परिवार, अभिभावकों और क्षेत्र में अत्यंत गर्व और हर्ष का वातावरण है। यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर प्रयास से विद्यार्थी उच्चतम सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

छात्रों की इस उपलब्धि पर चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर एवं प्राचार्य चेतन चौहान ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विशेष रूप से सुनंदा खंडेलवाल की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के परिणाम न केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि 10वीं के ऐतिहासिक परिणाम के बाद 12वीं का परिणाम भी विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

# नीट पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## कांग्रेस नेताओं ने लगाया लापरवाही का आरोप, बोले-पेपर लीक कांड के दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** कथित तौर पर नीट पेपर लीक होने के मामले में कांग्रेस ने गुरुवार को केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका। साथ ही इस पूरे प्रकरण की गहन जांच कराने की मांग करते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

महानगर अध्यक्ष ममता रानी और पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि, जल्द ही पेपर लीक मामले का पर्दाफाश करते हुए दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन होगा।

गुरुवार को पुतला दहन करते हुए कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि सरकार में जहां युवा शिक्षित बेरोजगार घूम रहा है। वहीं, अब लाखों युवाओं की मेहनत को भी लापरवाही की भेंट चढ़ा दिया जा रहा है। यही कारण है कि जहां लाखों युवाओं ने कड़ी मेहनत कर नीट का पेपर दिया था, वह भी लीक हो गया। इससे साफ है कि परीक्षाएं कराने में सरकार नाकाम हो चुकी है। सरकार को इस पूरे मामले की गहराई से जांच करानी चाहिए।

युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा युवाओं की भावनाओं को समझा और अपने कार्यकाल में नौकरियां दी। साथ ही महिलाओं को सम्मान दिया। भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजा। वर्तमान में हालात यह है कि हर मामले में सरकार विफल हो चुकी है।

उन्होंने सरकार से पेपर लीक कांड के दोषियों को सजा देने और जल्द ही यही परीक्षा दोबारा आयोजित करने का मुद्दा उठाया।

प्रदर्शन और पुतला दहन करने के दौरान जिला पंचायत सदस्य सुखदेव हालदार, गोपाल भसीन, रामस्वरूप भारती, संजय ठुकराल, विक्रम सिंह विर्क, इंद्रजीत सिंह पार्षद, बाबू खान पार्षद, अशफाक अंसारी पार्षद, भूपेश सोनी, सतनाम सिंह, विक्रम सिंह, रामसेवक कोली, अमित कोली, प्रकाश दास देवेंद्र कुमार, गगन ग्रोवर, संजीव नदी, रवि विश्वास, मोहन कुमार पूर्व पार्षद, सुरेश यादव, महेश कोली, दिनेश कोली, अबरार अंसारी पूर्व पार्षद, आबिद हुसैन के अलावा नरेश राय, ओमप्रकाश गंगवार, संजीव राठौर, ललित बिष्ट, जमी चंदा, दीपक सागर मौजूद रहे।


प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### पेपर लीक छात्रों के भविष्य से खिलवाड़



**किच्छा** : युवा कांग्रेस नेता भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी ने नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इसे युवाओं के भविष्य और उनके परिजनों की मेहनत की कमाई के साथ बड़ा खिलवाड़ बताया। पपनेजा ने कहा कि वर्षों तक कड़ी तैयारी करने वाले छात्रों के सपनों को सरकार की लचीली नीतियों के कारण गहरा आघात लगा है। उन्होंने भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली को शर्मनाक बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। पपनेजा ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य सुरक्षित करने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो युवा चुप नहीं बैठेंगे।



काशीपुर में मशाल जुलूस निकालते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### काशीपुर में कांग्रेसियों ने निकाला मशाल जुलूस

**काशीपुर** : नीट यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक और अव्यवस्थाओं के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा देश और प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। काशीपुर में विरोध स्वरूप मशाल जुलूस निकाला गया। गुरुवार को प्रदर्शन महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अलका पाल, युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सारिम सैफी और पूर्व महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मशाल जुलूस नगर निगम से शुरू होकर मुख्य बाजार से होते हुए महाराणा प्रताप चौक पर संपन्न हुआ। मशाल जुलूस के दौरान महानगर अध्यक्ष अलका पाल ने कहा कि यह कोई पहली घटना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में बार-बार नीट के पेपर लीक हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश के ईमानदार और मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं को निराशा हाथ लगी है, जोकि दिन रात एक कर नीट के पेपर की तैयारी करते हैं। उन छात्र-छात्राओं के भविष्य को अंधकार मय कर दिया गया है। इस मौके पर जितेंद्र सरस्वती, अब्दुल कादिर समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पशुपालन बना समृद्ध उत्तराखंड की नई ताकत

संवाददाता शक्तिफार्म


मंत्री सौरभ बहुगुणा।

**अमृत विचार** : पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत नींव बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में पशुपालन अब केवल पारंपरिक व्यवसाय नहीं रहा, बल्कि यह युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए रोजगार और स्वरोजगार का बड़ा माध्यम बनकर उभर रहा है।

पशुपालन एवं मत्स्य मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि सरकार की योजनाओं और आधुनिक तकनीकों के कारण, प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में हर वर्ष लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा रही है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है और पशुपालकों की आय में भी लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मंत्री बहुगुणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पशुधन मिशन के माध्यम से, हजारों युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। डेयरी, बकरी पालन और मत्स्य पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर गांवों में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पशुपालन और मत्स्य क्षेत्र को आय का सशक्त माध्यम बनाने के उद्देश्य से, कई आधुनिक योजनाएं शुरू की हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए "गोट वैली परियोजना" जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिससे बकरी पालन को व्यवसायिक रूप दिया जा रहा है। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए, राज्य में आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। रेफ्रिजरेटेड फिशरीज वाहनों की व्यवस्था से मत्स्य उत्पादों के सुरक्षित परिवहन और विपणन को गति मिली है, जिससे मत्स्य पालकों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक तक मोबाइल पशु चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा रही हैं, ताकि पशुपालकों को घर के पास ही त्वरित उपचार और आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। इससे पशुओं की समय पर चिकित्सा होने के साथ-साथ किसानों को राहत मिल रही है।

## रचनात्मकता व मीडिया कौशल का संगम

अमृत विचार, पंतनगर


विवृद्धि प्रदर्शनी का अवलोकन करते कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप।

**अमृत विचारः** सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबंधन विभाग की ओर से दो दिवसीय प्रदर्शनी 'विवृद्धि-2026' का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विवि के कुलपति डॉ. शिवेंद्र कुमार कश्यप ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

डॉ. कश्यप ने कहा कि प्रसार शिक्षा को नीरस नहीं कहा जा सकता, क्योंकि विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं के माध्यम से इसमें अनेक रंग भर दिए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों की नवाचारी सोच, कलात्मक अभिव्यक्ति और मीडिया प्रस्तुतिकरण की प्रशंसा की। 'विवृद्धि 2026' का आयोजन विभाग की कोर्स इंचार्ज डॉ. अनुपमा पांडे और डॉ. पूजा टम्टा ने स्टूडेंट रेडी कार्यक्रम के तहत पाठ्यक्रम 'हैंड्स ऑन ट्रेनिंग ऑन प्रिंट एंड इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रोडक्शन' के तहत किया। विद्यार्थियों ने केन्वा, एडोब फोटोशॉप एवं एडोब इलेस्ट्रेटर जैसे आधुनिक ग्राफिक डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर का उपयोग कर विभिन्न प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया उत्पाद तैयार किए। प्रदर्शनी की थीम 'संकल्प से सिद्धि : विकसित भारत 2047' थी। विद्यार्थियों ने विकसित भारत के चार प्रमुख स्तंभों से संबंधित समस्याओं एवं उनके समाधान को पोस्टर, चार्ट, बुकलेट, फ्लायर, ब्रोशियर, लीफलेट, फ्लैश कार्ड एवं अन्य प्रचार सामग्री के माध्यम से रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। इस दौरान अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान डॉ. अल्का गोयल मौजूद रहे।

### जशनदीप ने किया विद्यालय में टॉप

**सितारगंजः** सीबीएसई ने बुधवार को इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। होली सैपिएंस स्कूल, सितारगंज का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

छात्रा जशनदीप कौर ने 95 फीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, उज़ैफा असकर ने 93 फ़ीसदी अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, इलमान रज़ा ने 91.6 फ़ीसदी अंक और अनम बी 91 फ़ीसदी अंक के साथ क्रमशः तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है। विद्यालय परिवार में परीक्षा परिणाम को लेकर खुशी का माहौल है।

## सिटी कॉन्वेंट का रिजल्ट रहा उत्कृष्ट

संवाददाता, खटीमा



सिटी कॉन्वेंट स्कूल में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक।

**अमृत विचारः** सिटी कॉन्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की मेधावी छात्रा ईशा मनोला ने 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रिया राना ने 91.8% अंक प्राप्त कर द्वितीय और अक्षत किरौला ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं शरद सिंघल ने 89.6, पायल मिश्रा ने 88.6, सौम्य पांडे ने 86.6, शगुन भुल्लर ने 84.8, विनीता गिरी ने 84.2 और मोहित सूतेड़ी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की। विद्यालय में सभी सफल विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर सम्मान किया गया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पित प्रयास एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य शुभ्रा सक्सेना ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। और कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं विद्यालय परिवार को दिया।

### शारदा कैनाल में मिला लापता महिला का शव

**खटीमाः** थाना झनकईया पुलिस ने शारदा कैनाल की लोहियाहेड पावर हाउस की जाली में फंसा महिला का शव बरामद किया। बताया जाता है कि शव की शिनाख्त देवीपुरा मझगांव की एक महिला के रूप में हुआ है जो दो दिन पहले लापता हो गई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया। ग्रामीणों ने वृहस्पतिवार सुबह शारदा कैनाल के लोहियाहेड पावर हाउस की जाली में एक महिला का शव फंसा हुआ देखा। उन्होंने इसकी सूचना थाना झनकईया पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाली में फंसे शव को बाहर निकाला और शिनाख्त के लिए आसपास के ग्रामीणों को मौके पर बुलाया लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई।

दुखद — सैन्य सम्मान के साथ नम आंखों में दी गई अंतिम विदाई, परिवार में मचा कोहराम, गांव में शोक

# देश सेवा का सपना अधूरा छोड़ गया अग्निवीर रमनजीत

संवाददाता शक्तिफार्म


रमनजीत (फाइल)।

**अमृत विचार** : अग्निवीर भर्ती योजना के तहत सेना में चयनित शक्तिफार्म क्षेत्र के युवा रमनजीत सिंह का बृहस्पतिवार को पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। महज 18 वर्ष की उम्र में देश सेवा का सपना संजोए रमनजीत की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और सिख संगत शामिल हुई तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।


सैन्य सम्मान के साथ रमनजीत को अंतिम विदाई देते सेना के जवान। ● अमृत विचार

शक्तिफार्म के गांव पिपलिया निवासी जोगेंद्र सिंह के पुत्र रमनजीत सिंह का गत वर्ष अग्निवीर के रूप में चयन हुआ था। वह पुणे में सेना की ट्रेनिंग ले रहे थे। परिजनों के अनुसार प्रशिक्षण पूरा होने में मात्र एक सप्ताह का समय शेष था कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान बुधवार दोपहर उनका निधन हो गया। रमनजीत के चाचा बलकार सिंह ने बताया कि रमनजीत बचपन से ही सेना में भर्ती होकर देश सेवा करना चाहते थे। अग्निवीर में चयन होने के बाद वह बेहद उत्साहित थे और पूरी लगन के साथ प्रशिक्षण ले रहे थे। जवान की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बृहस्पतिवार को जैसे ही जवान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, अंतिम दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सिख संगत के साथ आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

### परिवार के साथ खड़ी है सरकार : बहुगुणा

**शक्तिफार्म** : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अग्निवीर रमनजीत सिंह की असमय मृत्यु अत्यंत हृदय विदारक है। इतनी छोटी उम्र में देश सेवा का सपना लेकर सेना में जाना, पूरे उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दु:ख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दु:ख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

### युवाओं के लिए प्रेरणा थे रमनजीत : मंडल

**शक्तिफार्म** : नगर पंचायत चेयरमैन सुमित मंडल ने कहा कि, रमनजीत सिंह की असमय मृत्यु पूरे क्षेत्र और देश के लिए अपूरणीय क्षति है। कम उम्र में सेना में भर्ती होकर देश सेवा का सपना पूरा करना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि रमनजीत का साहस, अनुशासन और देशभक्ति क्षेत्र के युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा बनी रहेगी।

### सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं बना पुल

**खटीमाः** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने वर्षों से लंबित पहेनियां के समीप नहर पर पुल निर्माण नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तीन वर्ष पहले पुल निर्माण की घोषणा की थी। पत्रकारों से रूबरू हुए विधायक राणा ने कहा कि सीएम धामी ने वर्ष 2023 में क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण की घोषणा की थी। पुल निर्माण न होने से बरसात के दिनों में 15 से अधिक ग्राम पंचायतों का सीधा संपर्क टूट जाता है। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीपी तिवारी ने बताया कि देवहा पोशाक नहर के पहेनिया ग्राम पंचायत सीमा पर पुल के पुनर्निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग से अनापत्ति मिल चुकी है।



भ्रमण पर आए छात्र-छात्राओं के साथ परिषद वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन व शिक्षक।

### नवीन शोध और नवाचारों से रुबरु हुए छात्र

**पंतनगर** : जैव प्रौद्योगिकी शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में किंग्स हाइट इंटरनेशनल स्कूल दिनेशपुर के 60 छात्र-छात्राओं के दल ने भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राएं आधुनिक प्रयोगशालाओं में हो रहे शोध व नवाचार कार्यों से रुबरु हुए। निदेशक, डॉ. संजय कुमार ने विद्यार्थियों को जैव प्रौद्योगिकी की नवीन जानकारियां दीं और स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। यहां संचालित गतिविधियों के तहत छात्र-छात्राओं को पादप ऊतक संवर्धन विधि से पौधे बनाने की विधि, हाइड्रोपोनिक्स तकनीक से आधुनिक खेती और पर्यावरणीय प्रयोगशाला में जल, मृदा एवं वायु गुणवत्ता जांच की विधि के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को आणविक जीव विज्ञान प्रयोगशाला में डीएनए व नैनो बायोटेक, बायो सेंसर की जानकारी भी दी गई। वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने छात्रों का मार्गदर्शन किया।

ब्रीफ न्यूज

## दुगालखोला से सटे जंगल में धधकी आग

**अल्मोड़ा :** गर्मी बढ़ने के साथ वनाग्नि की घटनाएं भी तेज हो गई हैं। बुधवार देर शाम नगर के दुगालखोला क्षेत्र से सटे जंगल में अचानक आग लग गई, जिससे आसपास हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैलते हुए रिहायशी इलाकों की ओर बढ़ने लगी। सूचना पर फायर सर्विस की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। टीम में एलएफएम गिरीश धारियाल, उमेश कुमार, महमूद अली, प्रेम सिंह, दीपक मार्छाल शामिल रहे। आग पर नियंत्रण के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

## एमएल साह बाल विद्या मंदिर में मेधावियों का सम्मान

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर सफलता का जश्न मनाया। समारोह में बोर्ड परीक्षा में शानदार अंक प्राप्त करने वाली छात्राएं अलंकृता पांडे, दीक्षा जोशी, राफिया रफत और ख्वाइश हुसैन को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इसे विद्यालय और क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। प्रधानाचार्य अनुपमा साह ने कहा कि विद्यालय प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने घोषणा की कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय की ओर से जल्द विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उन्हें आगे की पढ़ाई में प्रोत्साहन मिल सके।

## रात 12 बजे तक खुलेंगे सार्वजनिक शौचालय

**नैनीताल।** आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने पर्यटकों की सुविधा बढ़ाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने आदेश जारी कर शहर के प्रमुख सार्वजनिक शौचालयों को रात 12 बजे तक खुला रखने के निर्देश दिए हैं। अब तक शाम के बाद मॉलरोड, नैनी झील और आसपास के क्षेत्रों में पर्यटकों को शौचालय बंद होने से परेशानी होती थी, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ता था। इस निर्णय से देर रात तक घूमने वाले पर्यटकों को राहत मिलने की उम्मीद है। ईओ रोहिताश शर्मा ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य पर्यटकों को बेहतर और सुलभ सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसी के तहत यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने, नियमित सफाई और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं तथा लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# बागेश्वर में कार दुर्घटना मासूम की मौत, दो घायल

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के आरे-द्यांगण बाईपास में गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कपकोट वन विभाग में तैनात बीट फॉरेस्ट ऑफिसर की कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में उनकी चार वर्षीय बेटी पूजा की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार नगर के मजियाखेत निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार कपकोट रेंज में बीट फॉरेस्ट ऑफिसर के पद पर तैनात हैं। गुरुवार को वह कपकोट से बागेश्वर डिवीजन कार्यालय आ रहे थे। उनके साथ कार में 25 वर्षीय भाई राहुल कुमार और चार वर्षीय बेटी पूजा भी सवार थी। बताया जा रहा है कि आरे-द्यांगण बाईपास से आगे पहुंचते ही चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और कार गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग, वन विभाग के फायर वाचर और पुलिस मौके पर पहुंचे। तीनों को खाई से बाहर निकाल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया, जबकि संदीप कुमार और राहुल कुमार का उपचार जारी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। कोतवाल अनिल उपाध्याय ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों ने बाईपास मार्ग पर संवेदनशील मोड़ों पर क्रश बैरियर लगाने की मांग की है।

### हवालबाग ब्लॉक के मेहतगांव निवासी है पंकज व मनीष, दोनों ने चार घंटे में ट्रेक पूरा कर रिकॉर्ड बनाया

# पंकज और मनीष ने पूरा किया नेपाल का अपि हिमाल ट्रेक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** विकासखंड हलवाबाग के ग्राम पंचायत मेहतगांव निवासी पंकज मेहता और मनीष मेहता ने नेपाल के दुर्गम अपि हिमाल बेस कैंप ट्रेक को पूरा कर लिया है। दोनों ने ट्रेक मात्र चार दिनों में पूरा कर एक रिकॉर्ड स्थापित किया।

अपि हिमाल बेस कैंप ट्रेक नेपाल के सुदूर पश्चिमी क्षेत्र का बेहद चुनौतीपूर्ण ट्रेक माना जाता है। जहां ऊंचे पहाड़, घने जंगल, नदी-नाले और कठिन मौसम यात्रियों की परीक्षा लेते हैं। सीमित समय और कठिन परिस्थितियों के बावजूद पंकज और मनीष ने अपने साहस, अनुभव और मजबूत इच्छाशक्ति के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। बताया कि उन्होंने अभियान के पहले दिन मेहतगांव से झूलाघाट तक कार से यात्रा तय की। इसके बाद नेपाल के दुर्गम पहाड़ी मार्गों से होते हुए मकरीगाड़ तक के 150 किलोमीटर का सफर वाहन से तय किया। मकरीगाड़ से आगे दो दिनों में 96 किलोमीटर का कठिन रास्ता पैदल तय कर वह अपि हिमाल बेस कैंप तक पहुंचे। इसके बाद उसी मार्ग से वापसी करते हुए वह अल्मोड़ा पहुंचे। यह पूरा अभियान उन्होंने मात्र चार दिनों में पूरा किया। बताया कि इस अभियान में अल्मोड़ा निवासी वीरेंद्र बिष्ट विशेष सहयोग रहा।



अल्मोड़ा निवासी पंकज और मनीष ने नेपाल का अपि हिमाल ट्रेक पूरा किया।

### पंकज के नाम चार वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज

पंकज मेहता भारतीय वायु सेना में 20 वर्षों तक सेवाएं दे चुके हैं। पर्वतारोहण और एडवेंचर गतिविधियों में उनकी विशेष पहचान है। उनके नाम पर्वतारोहण क्षेत्र में चार वर्ल्ड रिकॉर्ड दर्ज हैं। इसके अलावा पंकज एक प्रशिक्षित पैरामोटर पायलट और उत्साही साइक्लिस्ट भी हैं। पंकज और मनीष इससे पहले भी नेपाल में कई प्रतिष्ठित ट्रेक सफलतापूर्वक कर चुके हैं। जिनमें एवरेस्ट बेस कैंप, अन्नपूर्णा बेस कैंप और अन्नपूर्णा सर्किट ट्रेक प्रमुख हैं।

### भारत-नेपाल मित्रता का दिया संदेश

ट्रेक के दौरान दोनों युवाओं ने स्थानीय नेपाली समुदाय से मुलाकात कर भारत-नेपाल की पारंपरिक मित्रता और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने का संदेश भी दिया। क्षेत्र के लोगों ने उनकी इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाला कदम कहा है।

# भाजयुमो ने डीएमके नेता स्टालिन का पुतला फूंका

### सनातन धर्म पर टिप्पणी करने से पर आक्रोश, कार्रवाई की मांग


अल्मोड़ा में गुरुवार को डीएमके नेता का पुतला दहन के अवसर पर विरोध जताते भाजयुमो कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सनातन धर्म पर गलत टिप्पणी करने से नाराज भाजयुमो ने तमिलनाडु में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन का पुतला फूंक जमकर प्रदर्शन किया। कहा कि किसी भी धर्म या समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं हैं।

गुरुवार अल्मोड़ा में भाजयुमो कार्यकर्ता यहां मालरोड स्थित चौघानपाटा में एकत्र हुए। जहां उन्होंने डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए आपत्तिजनक बयान का विरोध करते हुए पुतला फूंका। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म हमारी संस्कृति है इस पर आघात बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने केंद्र सरकार से डीएमके के दोनों नेताओं उदय निधि स्टालिन और ए राजा के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कहा कि सनातन धर्म हमारी आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक पहचान का आधार है। इसके खिलाफ गलत टिप्पणी बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। यहां पुतला फूंकने वालों में भाजयुमो नगर अध्यक्ष नीरज सांगा, भाजपा जिला महामंत्री दर्शन रावत, प्रदेश प्रवक्ता भाजयुमो नमन गुरुरानी, आशीष डोगरा, शुभम रौतेला, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम पालीवाल, दिव्या जोशी, नगर अध्यक्ष भाजपा विनीत बिष्ट, पार्षद अमित साह मोनू, अभिषेक जोशी, देवेंद्र भट्ट, प्रकाश भट्ट आदि रहे।

## छात्रों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना अन्यायपूर्णः एबीवीपी

**अल्मोड़ा :** एसएसजे विवि में असाइनमेंट फीस समेत अन्य संबंधित शुल्कों को लेकर एबीवीपी मुखर हो गई है। गुरुवार को एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विवि के प्रशासनिक भवन के बाहर धरना देकर प्रदर्शन किया। विवि प्रशासन से जल्द बढ़ाए गए शुल्कों को वापस लेने की मांग उठाई।

परिषद कार्यकर्ताओं ने कहा कि विवि प्रशासन की ओर से अचानक से सभी नियम एक साथ बिना पूर्व सूचना के लागू कर दिए गए है। कहा कि इस तरह के निर्णय से विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना अन्यायपूर्ण है। कहा कि विवि प्रशासन को छात्रहितों को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जाना चाहिए। कहा कि लगातार विद्यार्थियों की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो एबीवीपी विवि प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। यहां प्रदर्शन करने वालों में एबीवीपी नगर मंत्री रोहित कुमल्टा, कृष्णा कार्की, राहुल कुमारा, नेहा भोज, लक्ष्य मेहता, नीतू नेगी, प्रियांशु आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यकत्रियों की मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन


चम्पावत में डीएम मनीष कुमार को ज्ञापन सौंपते उक्रांद कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार:** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नौ सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी लंबित और न्यायोचित मांगों को लेकर लगातार आंदोलन कर रही हैं, लेकिन सरकार उनकी अनदेखी कर रही है।

जिला अध्यक्ष दीपेश चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आंगनबाड़ी संगठन की जिला अध्यक्ष मीना बोहरा के साथ ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि यदि मानदेय, मोबाइल रिचार्ज और केंद्रों के किराए जैसी बुनियादी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो उक्रांद आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्थन में आंदोलन शुरू करेगा। आंगनबाड़ी संगठन की जिला अध्यक्ष मीना बोहरा ने बताया कि जनवरी से अप्रैल तक का मानदेय अब तक लंबित है। इसके अलावा गैस रिफिल की व्यवस्था नहीं की जा रही है। पीएमएमवीवाई की प्रोत्साहन राशि में भी देरी हो रही है तथा सेनेटरी पैड की बिक्री जैसे अतिरिक्त व्यावसायिक कार्यों का बोझ कार्यकर्ताओं पर डाला जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। प्रतिनिधिमंडल में कोषाध्यक्ष गजेंद्र बोहरा, महामंत्री विपिन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष ओम प्रकाश जोशी, ब्लॉक उपाध्यक्ष पीयूष तिवारी रहे।

## उत्तराखंड चिकित्सा विवि के पहले डीन बने प्रो. पंत



**अल्मोड़ा :** हेमवती नंदन बहुगुणा उत्तराखंड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय ने अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. महेंद्र कुमार पंत को डीन पद की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। वे विश्वविद्यालय के पहले डीन होंगे।

डीन चिकित्सा शिक्षा में सर्वोच्च शैक्षणिक एवं प्रशासनिक पद होता है, जो कुलपति एवं शैक्षणिक परिषद के निर्देशन में चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालों में शिक्षण गुणवत्ता, अनुसंधान तथा एनएमसी मानकों के अनुपालन की जिम्मेदारी निभाता है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-5 के उप सचिव द्वारा बुधवार को उनकी नियुक्ति के आदेश जारी किए गए। प्रो. पंत ने गुरुवार अपराह्न देहरादून में कार्यभार ग्रहण कर लिया। वे इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक रह चुके हैं तथा चिकित्सा शिक्षा निदेशालय में संयुक्त निदेशक एवं उप निदेशक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। उन्होंने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में भी सेवाएं दी हैं। प्रो. पंत ने एनाटॉमी में एमडी की उपाधि बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। उनकी नियुक्ति पर प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# बच्चों के विकास के लिए करें कार्य

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार:** मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता ने कहा कि बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को सरकार की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

प्रदेश की मुख्य परिवीक्षा अधिकारी अंजना गुप्ता गुरुवार को बागेश्वर पहुंचीं। उन्होंने नीलेश्वर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया तथा वहां फल वितरित किए। इसके बाद उन्होंने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया और वहां बच्चों से जानकारी प्राप्त की। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा उनके साथ भोजन भी किया। उन्होंने चाइल्ड लाइन कार्यालय का भी भ्रमण किया तथा वहां की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने डीसीपीयू व सीडब्ल्यूसी कार्यालय का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि सभी विभाग बच्चों के विकास के लिए कार्य करें और सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने समिति में प्रस्तुत हुए बच्चों का नियमित रूप से समय-समय पर फॉलोअप लेने के निर्देश भी दिए। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी हेम तिवारी, राज्य बाल कार्यक्रम अधिकारी प्रीति उपाध्याय, विधि परिवीक्षा अधिकारी संतोष जोशी, सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष कैलाश बोरा, चाइल्ड लाइन समन्वयक संतोष टम्टा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी शंकर नाथ तथा संजय उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।


सीपीओ अंजना गुप्ता एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी प्रीति गुप्ता का स्वागत करतीं सीडब्लूसी सदस्य।

# एनएचएआई की सड़कों की बदहाली पर डीएम नाराज

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** आगामी मानसून को देखते हुए सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने टनकपुर एवं बनबसा क्षेत्र में एनएचएआई के अंतर्गत सड़कों की खराब स्थिति पर नाराजगी जताई।

डीएम ने संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर सड़कों के गड्ढे भरने तथा 25 दिनों में ओवरले कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को नालियों की सफाई, आवश्यक स्थानों पर कवर लगाने तथा सड़क किनारे झाड़ियों की कटाई की स्थिति की नियमित निगरानी करने को कहा। बैठक में सभी सड़क निर्माण एजेंसियों को मानसून के दौरान जेसीबी, पोकलेन और डंपर मशीनें तैनात रखने के निर्देश दिए गए, ताकि भूस्खलन या मार्ग अवरुद्ध होने की स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके। डीएम ने लोक निर्माण विभाग लोहाघाट को पंचेश्वर सड़क, लोनिवि चंपावत को मंच सड़क पर सुरक्षा कार्य तथा पीएमजीएसवाई को कर्णकरायत-सुंई सड़क निर्माण 15 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। एआरटीओ को सड़क सुरक्षा ऑडिट कर विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा गया। बैठक में यह भी बताया गया कि टनकपुर के ककराली गेट पर शीघ्र ही एएनपीआर कैमरे लगाए जाएंगे, जिनसे ओवरस्पीडिंग वाहनों की पहचान कर ऑनलाइन चालान की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसपी रेखा यादव, सीडीओ डॉ. जी.एस. खाती, एडीएम कृष्णनाथ गोस्वामी, सीएमओ डॉ. देवेश चौहान मौजूद रहे।

# फर्म का लाइसेंस किया निलंबित

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जिलेभर में खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का विभिन्न मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण जारी है। गुरुवार औषधि निरीक्षक पूजा जोशी तमाम मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अनियमितताएं मिलने पर एक फर्म का लाइसेंस निलंबित किया और दो फर्मों में खरीद और बिक्री पर रोक लगा दी है।

औषधि निरीक्षक ने ताकुला, बसौली समेत विभिन्न मेडिकल प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर ड्रग लाइसेंस की वैधता जांची। स्टॉक, बिक्री व खरीद रिकॉर्ड का भी सत्यापन किया। सुनिश्चित किया कि दवाओं की बिक्री व खरीद पंजीकृत फार्मासिस्ट की उपस्थिति में पंजीकृत चिकित्सा व्यवसायी के पर्चे पर ही किया जाए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों की स्थापना व उनकी रिकॉर्डिंग की भी जांच की गई। अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक पूजा जोशी ने बताया कि तीन मेडिकल स्टोरों में अनियमितताएं पाई गई। जिसमें से एक फर्म का लाइसेंस निलंबित किया गया है। वहीं, दो फर्मों में दवाओं की खरीद और बिक्री पर रोक लगाई है।



अल्मोड़ा में औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया।

### मानकों एवं नियमों का करे पालन

खाद्य एवं औषधि प्रशासन अल्मोड़ा की ओर से सभी औषधि विक्रेताओं एवं संबंधित प्रतिष्ठानों को निर्देशित किया गया है कि वह औषधियों के भंडारण, विक्रय एवं अभिलेखों के रखरखाव में निर्धारित मानकों एवं नियमों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया कि जनस्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लिया जाएगा तथा भविष्य में भी ऐसे निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

योगाभ्यास

### एसएसबी के सीमान्त मुख्यालय रानीखेत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया आयोजन

# एसएसबी के अधिकारियों-जवानों ने किया योग

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** सशस्त्र सीमा बल, सीमान्त मुख्यालय रानीखेत में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के तहत योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महानिरीक्षक, सीमान्त मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल रानीखेत अमित कुमार के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सीमान्त मुख्यालय परिसर में योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। योग सत्र के दौरान बल के योग्य एवं प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों द्वारा कर्मियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम और ध्यान का गहन अभ्यास कराया गया। साथ ही आधुनिक जीवनशैली और ड्यूटी के तनावपूर्ण माहौल में योग की वैज्ञानिक प्रासंगिकता तथा इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

इस आयोजन में सीमान्त मुख्यालय रानीखेत के समस्त बल कर्मियों ने अत्यंत उत्साह, अनुशासन और सकारात्मकता के साथ सक्रिय भागीदारी की, जिससे आगामी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने तथा 'स्वस्थ बल, सुरक्षित सीमा' के संकल्प को और अधिक मजबूती मिली। सशस्त्र सीमा बल, सीमान्त मुख्यालय रानीखेत भविष्य में भी इस प्रकार के योग कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन करता रहेगा, ताकि बल कर्मी आधुनिक जीवनशैली की चुनौतियों और कठिन ड्यूटी के तनावपूर्ण वातावरण के बीच योग के माध्यम से उत्कृष्ट शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक शांति प्राप्त कर सकें। यह पहल न केवल कर्मियों की कार्यक्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए सदैव ऊर्जावान और फिट बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग करते एसएसबी के अधिकारी और जवान।

# सरकार पत्रकारों की समस्याओं के समाधान को प्रतिबद्धः रौतेला

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सरकार की योजनाओं, नीतियों एवं उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह बात अल्मोड़ा पहुंचे मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला ने कही। इस दौरान उन्होंने मीडिया के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

गुरुवार को सर्किट हाउस में हुई पत्रकार वार्ता के दौरान रौतेला ने कहा कि सरकार पारदर्शिता एवं जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रही है। मीडिया के माध्यम से आम जनता तक सही एवं तथ्यात्मक जानकारी पहुंचाना बेहद जरूरी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सरकार एवं मीडिया के बीच बेहतर समन्वय से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकेगा। पत्रकारों की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरता से सुना और कहा कि पत्रकारों से जुड़े विभिन्न विषयों एवं समस्याओं के समाधान के लिए सरकार स्तर पर आवश्यक पहल की जाएगी। यहां भाजपा महिला जिलाध्यक्ष पूनम पालिवाल, जयमित्र बिष्ट समेत अन्य मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता करते मीडिया सलाहकार समिति उपाध्यक्ष ध्रुव रौतेला।

## शिक्षक पांडेय की माता के निधन पर शोक



**बैरती (अल्मोड़ा):** निकटवर्ती उलैनी मूल निवासी तथा उमा विद्यालय बसरखेत (चौखुटिया) के शिक्षक उमेश चंद्र पांडेय की माता गोदावरी देवी (81) के निधन पर क्षेत्रवासियों एवं शिक्षक बिरादरी ने शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

बुधवार को स्थानीय चित्रेश्वर श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र उमेश, कैलाश एवं तारा पांडेय ने उन्हें मुखाग्नि दी। गोदावरी देवी अपने पीछे पुत्र, पुत्रवधुओं एवं नाती-पोतों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गई हैं। क्षेत्र में वह मृदुभाषी एवं समाजसेवी महिला के रूप में जानी जाती थीं।



जिंदगी तो अपने दम पर ही जी जाती है, दूसरों के कंधों पर तो सिर्फ जनाजे उठाए जाते हैं।
–शहीदे आजम भगत सिंह

## सोने पर शिकंजा

सरकार द्वारा सोना और चांदी के आयात शुल्क को 15 प्रतिशत करने का निर्णय कर संशोधन ही नहीं देश की व्यापक आर्थिक चिंता का संकेत है। डॉलर की मजबूती और आयात बिल में तेज वृद्धि से उपजे दबाव के बीच सरकार ने यह संदेश दिया है कि सोना केवल आभूषण नहीं, विदेशी मुद्रा पर भारी बोझ भी है। देश अपनी आवश्यकता का अधिकांश सोना आयात करता है। जब तेल और सोना दोनों का आयात बढ़ता है, तो चालू खाता घाटा और रुपये पर दबाव बढ़ने लगता है। सोना उत्पादन, रोजगार या निर्यात क्षमता में प्रत्यक्ष योगदान अपेक्षाकृत कम देता है, जबकि इसके आयात में भारी विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री ने हाल में लोगों से सोने की अनावश्यक खरीद कम करने की अपील की थी। उस अपील के बाद सोने की खरीद में कथित रूप से लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। यानी लोगों ने संकट की आशंका में सोने की 'पैनिक बाइंग' शुरू कर दी। सरकार का यह फैसला इस मांग को भी नियंत्रित करेगा। 2024 में सरकार ने सोने पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर लगभग छह प्रतिशत किया था, ताकि तस्करी कम हो और ज्वेलरी उद्योग को राहत मिले, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। विदेशी मुद्रा भंडार, डॉलर की मांग और वैश्विक अनिश्चितता ने सरकार को फिर से कठोर कदम उठाने पर मजबूर किया है।

लागत, बीमा, माल ढुलाई और विभिन्न उपकरों को जोड़ने पर प्रभावी कर भार लगभग 18 प्रतिशत से अधिक बैठता है। यानी अब उपभोक्ता 10 ग्राम सोने की वास्तविक कीमत के साथ-साथ तकरीबन तीस हजार तक कर भी चुकाना होगा। सर्राफा कारोबारियों की लागत बढ़ेगी और उसका बोझ ग्राहकों तक पहुंचेगा। इसका मतलब है शादी-ब्याह, निवेश और पारंपरिक खरीद अब पहले से अधिक महंगी हो जाएगी। ज्वेलरी उद्योग, जो 50 लाख से अधिक कारीगरों और छोटे व्यापारियों को रोजगार देता है, दबाव में आ जाएगा। सिर्फ ज्वेलरी क्षेत्र ही नहीं, इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रिसीजन इंजीनियरिंग और रिसाइक्लिंग उद्योग भी प्रभावित होंगे, जहां कीमती धातुओं का उपयोग होता है। इससे कई दूसरे उत्पादों की लागत बढ़ सकती है। दूसरी ओर, जब वैध आयात अत्यधिक महंगा हो जाता है, तो तस्करी और ग्रे मार्केट सक्रिय हो जाते हैं। दुबई, दक्षिण-पूर्व एशिया और सीमा पार नेटवर्क के माध्यम से अवैध सोने की आवक फिर बढ़ सकती है। सरकार का अनुमान हो सकता है कि आयात में 15 से 20 प्रतिशत तक गिरावट आएगी, लेकिन यह तभी संभव है, जब तस्करी नियंत्रित रहे। अन्यथा वैध आयात घटेगा और अवैध व्यापार बढ़ेगा।

सरकार के पास विकल्प भी थे। वह गोल्ड बॉन्ड, डिजिटल गोल्ड, गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम और घरेलू रिसाइक्लिंग को अधिक आकर्षक बना सकती थी। लोगों को वित्तीय निवेश के बेहतर विकल्प देकर सोने पर निर्भरता कम की जा सकती थी, लेकिन तात्कालिक संकटों में सरकारों के लिए सबसे आसान उपाय आयात शुल्क बढ़ाना ही लगा। यह निर्णय अर्थव्यवस्था और समाज के बीच संतुलन की परीक्षा है। सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि विदेशी मुद्रा बचाने की कोशिश कहीं वैध कारोबार, रोजगार और बाजार की पारदर्शिता को नुकसान न पहुंचा दे।

### प्रसंगवश

## ऑनलाइन स्टोर, ग्राहक और दवाखानों का विरोध

ऑनलाइन दवा बिक्री और कॉर्पोरेट डिस्काउंट के विरोध में देशभर के मेडिकल स्टोर संचालकों ने 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल बुलाई है। इस दौरान देश भर के 12 लाख से अधिक खुदरा और थोक मेडिकल स्टोर बंद करने जैसी सूचनाएं आ रही हैं। मेडिकल स्टोर संचालकों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। माना कि उनका कहना सही है, लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी है, जिसे समझना बेहद जरूरी है। वह यह कि आम आदमी को ऑनलाइन स्टोर से दवाएं काफी कम दाम में मिल जाती हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि आखिर उपभोक्ता ऑनलाइन दवा स्टोर्स की ओर आकर्षित ही क्यों हुआ?

क्या केवल सुविधा ही इसकी वजह है? शायद नहीं। इसकी असल वजह कहीं अधिक गहरी है और वह है मेडिकल स्टोर संचालकों द्वारा दवाओं पर वर्षों से लिया जा रहा अत्यधिक मुनाफा। आम आदमी जब किसी बीमारी से जूझता है, तो वह पहले ही अस्पतालों की मोटी फीस, तमाम जांचों, ऑपरेशन और इलाज के नाम पर लिए गए भारी खर्च से टूट चुका होता है। ऐसे में जब वह मेडिकल स्टोर पर पहुंचता है और वही दवा उसे एमआरपी पर या फिर कई बार अत्यधिक कीमत में मिलती हैं, जबकि वही दवा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भारी छूट के साथ उपलब्ध होती है, तो वह स्वाभाविक रूप से उपभोक्ता सस्ते विकल्प की ओर ही जाएगा।



हरीश उप्रेती करन
लेखक

यह कोई अपराध नहीं, बल्कि उपभोक्ता का अधिकार है। खुद स्टोर संचालक भी अपनी जरूरत की वस्तुएं उस जगह से खरीदते होंगे, जहां उन्हें थोड़ी-बहुत राहत मिलती हो। सवाल यह भी है कि आम आदमी मेडिकल स्टोर मालिकों के हाथों से क्यों लुटे। कोई भी व्यक्ति अपनी मेहनत की कमाई बचाने के लिए वहां से सामान खरीदेगा, जहां से उसे राहत मिलेगी। यदि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म लोगों को सस्ती दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं, तो लोग वहां जाएंगे ही।

विचारणीय बात यह भी है कि ऑनलाइन दवा कंपनियां अचानक पैदा नहीं हुईं। स्टोर संचालकों के मनमाने दामों ने उन्हें जगह उपलब्ध कराई, क्योंकि वर्षों से दवा बाजार में पारदर्शिता की कमी रही। कई दवाओं पर तीन गुना तक मुनाफे की चर्चाएं आम रही हैं। मरीज के प्राण बचाने को दवा जरूरी और उसकी मजबूरी है और मेडिकल स्टोर संचालकों ने मरीज की मजबूरी को व्यापार का सबसे आसान अवसर समझ लिया। यही कारण है कि उपभोक्ता विकल्प तलाशते हुए ऑनलाइन स्टोर तक पहुंच गया।

मेडिकल स्टोर संचालकों को आंदोलन करने से पहले आत्ममंथन करना चाहिए। उन्हें यह समझना होगा कि ग्राहक केवल कीमत नहीं देखता, बल्कि व्यवहार, भरोसा और पारदर्शिता भी देखता है। यदि स्थानीय मेडिकल स्टोर उचित दाम, सही सलाह और संवेदनशील व्यवहार दें, तो लोग आज भी उनके पास ही जाना पसंद करेंगे। यह भी सच है कि ऑनलाइन दवा बिक्री में निगरानी और नियमों की आवश्यकता है, ताकि नकली या बिना पर्चे की दवाओं का खतरा न बढ़े।

आज का उपभोक्ता जागरूक है। वह अपने अधिकार जानता है और यह तय करने के लिए स्वतंत्र है कि उसे दवा कहां से खरीदनी है। पास की दुकान से या ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से। बाजार अब बदल चुका है। जो समय के साथ बदलेगा, वही बाजार में टिकेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# शुभेंदु की चुनौतियां और भविष्य का बंगाल





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं।

पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय श्री राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना, भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं, बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं, बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है।

पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिह्न लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है।

यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है, तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है, इसलिए शुभेंदु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं।

नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे, हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है।

प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं।

शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रोकने की नहीं है, बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है, तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है, लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा, क्योंकि कठोर कार्रवाई और सांप्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रुपये का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। शुभेंदु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी। यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है, इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे।

कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



यह बहुत ही गंभीर और चौंकाने वाला मामला है। 22 लाख युवाओं का भविष्य बेचने वाले आरोपियों की तस्वीरें भाजपा नेताओं के साथ वायरल हो रही हैं। कोई जमवारामगढ़ बीजेपी विधायक का करीबी है, तो कोई शिक्षा मंत्री और चौमूं से भाजपा विधायक का खास।

–गोविंद सिंह डोटासरा
प्रदेश अध्यक्ष, राजस्थान कांग्रेस

राजनीति में हर दिन हजारों लोग हमारे साथ फोटो खिंचवाते हैं। किसी के साथ फोटो होने या 50 रुपये के पोस्टर में नाम छप जाने से यह साबित नहीं होता कि वह व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा है या मेरा करीबी है। फोटो किसी के चरित्र का प्रमाण पत्र नहीं हो सकती।

–मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री, राजस्थान



# चरखे से बाजार तक फीकी पड़ती खादी की चमक



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

खादी फिर चर्चा में है। उपलब्धियों के दावे हैं। बढ़ते कारोबार के आंकड़े हैं, लेकिन क्या यह विकास खादी का है या खादी के नाम पर विस्तृत होते बाजार का?

खादी आज फिर चर्चा में है। उपलब्धियों के दावे हैं, बढ़ते कारोबार के आंकड़े हैं और एक नई चमक भी है, लेकिन इसी चमक के बीच एक असहज प्रश्न लगातार उपस्थित है, क्या यह विकास खादी का है या खादी के नाम पर विस्तृत होते बाजार का? पिछले वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग के विस्तार को एक बड़ी आर्थिक सफलता के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वर्ष 24-25 का कुल कारोबार 1.70 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है। उत्पादन, बिक्री और रोजगार में उल्लेखनीय वृद्धि के दावे किए गए हैं। यह तस्वीर प्रभावशाली है, परंतु जब हम इन आंकड़ों की तह में जाते हैं, तो एक अलग यथार्थ सामने आता है।

कुल कारोबार में खादी वस्त्रों की हिस्सेदारी लगभग 7,145 करोड़ रुपये है। यानी करीब चार प्रतिशत। शेष 96 प्रतिशत हिस्सा ग्रामोद्योग की अन्य गतिविधियों का है। इसका अर्थ यह है कि जिस रिकॉर्ड वृद्धि की बात की जा रही है, उसका केंद्र खादी कपड़ा नहीं है। यहां से प्रश्न उठता है कि क्या हम खादी की सफलता का उत्सव मना रहे हैं, या ग्रामोद्योग के विस्तार को खादी के नाम से देख रहे हैं?

इस प्रश्न का उत्तर खादी के मूल विचार में छिपा है। महात्मा गांधी के लिए खादी केवल वस्त्र नहीं थी। वह स्वराज का माध्यम थी। उनका स्पष्ट मानना था कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है और जब तक गांव आत्मनिर्भर नहीं होंगे, तब तक सच्चा स्वराज संभव नहीं है। गांधी ने खादी को एक वैकल्पिक आर्थिक व्यवस्था के रूप में देखा। यह व्यवस्था विकेंद्रीकृत थी, जहां उत्पादन छोटे स्तर पर, स्थानीय संसाधनों और श्रम के आधार पर होता है। चरखा इस व्यवस्था का प्रतीक था। वह केवल धागा नहीं कातता था, बल्कि बेरोजगारी, असमानता और शोषण के खिलाफ एक अहिंसक प्रतिरोध भी था। खादी का अर्थ था, हर हाथ को काम, हर गांव को आत्मनिर्भरता और हर व्यक्ति को सम्मानजनक जीवन।

आज जब हम वर्तमान स्थिति को देखते हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या खादी अब भी उसी विचार का प्रतिनिधित्व करती है? बाजार में उपलब्ध खादी की स्थिति इस प्रश्न को और तीखा बनाती है। खादी अब सस्ती और सर्वसुलभ नहीं रही है। उसकी कीमतें बढ़ गई हैं। आम उपभोक्ता के लिए उनकी पहुंच दूर होती जा रही है। जो वस्त्र कभी किसान और मजदूर की पहचान था, वह अब एक विशेष वर्ग का परिधान बनता दिखता है। यह बदलाव केवल उपभोग का नहीं, बल्कि सामाजिक चरित्र का भी संकेत है।

इसका प्रभाव खादी की संस्थागत संरचना पर भी पड़ा है। देश भर में सैकड़ों खादी संस्थाएं दशकों से इस परंपरा को जीवित रखे हुए थीं। ये संस्थाएं केवल उत्पादन केंद्र नहीं थीं, बल्कि ग्रामीण समाज के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का आधार थीं। आज इन संस्थाओं की स्थिति चिंताजनक है। कई संस्थाएं वित्तीय संकट से जूझ रही हैं। कच्चे माल की लागत बढ़ी है, भुगतान में देरी होती है और कार्यशील पूंजी का अभाव उत्पादन को सीमित करता है। सरकारी योजनाएं मौजूद हैं, पर उनकी प्रक्रिया जटिल है। समय पर सहायता न मिलने से संस्थाओं की आर्थिक स्थिति कमजोर होती है।

इसके साथ ही बाजार में एक नया वर्ग उभरा है ब्रांडेड और डिजाइनर 'खादी' का। यह वर्ग आधुनिक प्रस्तुति, पैकेजिंग और विपणन के माध्यम से खादी को एक प्रीमियम उत्पाद के रूप में स्थापित कर रहा है। परंपरागत खादी संस्थाएं इस प्रतिस्पर्धा में पीछे रह जाती हैं। उनके पास संसाधनों की कमी है और वे तेजी से बदलते बाजार के अनुरूप खुद को ढाल नहीं पातीं। इसका सीधा असर कारीगर पर पड़ता है।

आंकड़ों में रोजगार का आंकड़ा लगभग 1.94 करोड़ बताया जाता है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं कि इनमें कितने लोग स्थायी और पूर्णकालिक रोजगार में हैं। बड़ी संख्या असंगठित और अंशकालिक हो सकती है। कारीगर की आय आज भी अनिश्चित और सीमित है। कई बुनकर और कतिन नियमित और पर्याप्त आय से वंचित हैं। यहीं खादी की सफलता का दावा कमजोर पड़ता है। यदि उत्पादन बढ़ता है, बिक्री बढ़ती है, पर कारीगर की स्थिति नहीं बदलती, तो यह विकास अधूरा है।

इसी संदर्भ में सूत उत्पादन और चरखों की स्थिति पर भी ध्यान देना जरूरी है। खादी की पूरी प्रक्रिया की शुरुआत सूत कातने से होती है। चरखा इस व्यवस्था की मूल इकाई है, लेकिन आज कई क्षेत्रों में चरखे या तो कम हो गए हैं या निष्क्रिय पड़े हैं। हाथ से काते सूत की जगह मशीन निर्मित धागे का उपयोग बढ़ रहा है। इससे खादी की मूल पहचान प्रभावित होती है। यदि सूत ही मशीन से आने लगे, तो खादी का वह श्रम-आधारित स्वरूप कमजोर हो जाता है, जो उसे विशिष्ट बनाता है। खादी और ग्रामोद्योग आयोग (KVIC) द्वारा लगभग 2.87 लाख मशीनें और टूलकिट वितरित किए जाने का दावा भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## मो. रफी का 'बेटा'

गायक अनवर हुसैन जिनको कभी 'मोहम्मद रफ़ी का बेटा' ख़िताब दिया गया था, क्योंकि कहा जाता था कि उनकी आवाज़ हू ब हू मोहम्मद रफ़ी साहब से मिलती है। गायक अनवर जो अभिनेता अरशद वारसी के सौतेले और चरित्र अभिनेत्री आशा सचदेव के सगे भाई हैं, उन्होंने फ़िल्म जनता हवलदार का 'हमसे का भूल हुई' गीत गाया है, जिसमें उनकी आवाज़ को कई लोग रफ़ी जैसी समझते हैं, ये गीत मैंने सुना था और मुझे ठीक ही ठाक लगा, रफ़ी साहब से अलग अंदाज़ लगा था।



जिया इम्तियाज
ब्लॉगर

इत्तेफ़ाक़न मैंने उनके कुछ गीत और सुने.... और वाक़ई उनकी आवाज़ सुनकर हैरान रह गया कि ये आवाज़ और अंदाज़ तो कहीं से भी ऐसा नहीं लगता कि रफी साहब के अलावा ये गायक दूसरा कोई और होगा। अभी दो चार दिन पहले जब मैंने अनवर का पहला फिल्मी गीत 'कसमें हम अपनी जान की खाए चले गए...' सुना तो मुझे ये बात हज़म करनी मुश्किल हो गई कि ये रफ़ी साहब नहीं हैं, ....वही मुलायमियत, वही रूमानी अंदाज़ और वही सुरों पर पकड़.... कहते हैं कि रफ़ी साहब भी इस गीत को सुनकर कन्फ्यूज़ हो गए थे कि ये गीत उन्होंने कब गाया??

1973 में आई फ़िल्म 'मेरे ग़रीब नवाज़' ये गीत सुपरहिट होने के बावजूद अनवर को फिल्मों में मौका नहीं मिला, क्योंकि मोहम्मद रफ़ी साहब ख़ुद फिल्मी दुनिया में मौजूद थे और हर किसी की मदद के लिए तैयार रहते थे, जबकि अनवर में प्रोफेशनलिज्म की कमी थी। इसके बाद महमूद साहब की वजह से अनवर साहब को फ़िल्म 'जनता हवलदार' (1979) में गाने का मौका मिला। इस फ़िल्म के दो हिट गानों से अनवर को वापस पहचान मिली।

फिर रफ़ी साहब के इंतक़ाल के बाद अनवर रफ़ी साहब की आवाज़ का इकलौता विकल्प बन गए थे। इस बीच उन्होंने कुछ ऐसे अच्छे गीत गाए, जिनको सुनकर ये पता चलाना मुश्किल होता है कि ये आवाज़ रफ़ी की नहीं बल्कि अनवर की है। जैसे- फ़िल्म 'ये इश्क़ नही आसां' का 'मेरे ख़यालों की रहगुज़र से...' हूबहू रफ़ी साहब की आवाज़ और अंदाज़। फिर कुमार गौरव की एक फ़िल्म का 'कोई परदेसी आया परदेस में..' इस गाने को सुनते हुए रफ़ी साहब की ही किसी पुरानी फ़िल्म का गीत लगता है। जहां मोहम्मद रफ़ी ने कभी पैसों की डिमांड ही नही की, वहीं अनवर जब मशहूर होने लगे तो बढ़ाकर पैसे मांगने लगे, प्रेम रोग में उन्होंने राज कपूर से अपनी फ़ीस से एक हज़ार रुपये ज़्यादा मांग लिए इससे ऋषि कपूर नाराज़ हो गए। फिर उन्होंने अनवर से सिर्फ एक गीत गवाया। **–फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## ईरान समुद्र में बहा रहा है रोज 2800 करोड़ का तेल

अमेरिका-ईरान के बीच जंग के मैदान बने समुद्र में तेल खेल का औजार बन गया है। अमेरिकी नाकाबंदी के चलते एक महीने के भीतर ईरान के 58 तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार नहीं कर पाए। इस कारण वो प्रतिदिन 30 लाख बैरल से ज्यादा कच्चा तेल समुद्र में बहा रहा है। हर दिन नष्ट किए जा रहे इस तेल की कीमत 2800 करोड़ रुपये है। ईरान को ऐसा इसलिए करना पड़ रहा है, क्योंकि उसकी तीन करोड़ बैरल तेल भंडारण की क्षमता पूरी हो चुकी है। ईरान के पास 3500 ऐसे तेल के कुएं हैं, जिनसे निरंतर तेल का उत्पादन जरूरी है। यदि तेल निकालना बंद कर दिया गया, तो इन कुओं से तेल का उत्पादन हमेशा के लिए बंद हो जाएगा। ऐसा इसलिए हो जाता है, क्योंकि ड्रिलिंग बंद कर देने से कुएं के भीतर डाली गई पाइपलानों में पानी-गैस भर जाती है। इन्हीं पाइपों से कच्चा तेल रिस-रिसकर आता है।



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ पत्रकार

तेल की चट्टानों के छेदों में वैक्स की परत जम जाने से तेल रिसना बंद हो जाता है। यह मोम जैसा प्राकृतिक या रासायनिक ठोस पदार्थ होता है। ईरान कच्चे तेल का 90 प्रतिषत निर्यात खार्ग द्वीप से करता है। यहीं ईरान के तेलों के भंडार ग्रह हैं। तेल की यह बर्बादी पश्चिम एशिया के देशों के लिए ऊर्जा का संकट तो बन ही रही है, समुद्री पर्यावरण भी तेजी से बिगड़ रहा है।

यूरोपियन स्पेस एजेंसी के सेंटीनल सेटेलाइट डेटा और अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार खरास की खाड़ी एवं होर्मुज स्ट्रेट के आसपास समुद्री पानी के सतह पर तेल की परतें देखी गई हैं। ये परतें कुवैत के लावन द्वीप, केशम द्वीप और खार्ग द्वीप के समुद्र में बड़े-बड़े धब्बों के आकार में देखी गई है। इनमें से एक धब्बा करीब 120 वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। विशेषज्ञों ने रडार डेटा की मदद से इसका विश्लेषण करते हुए कहा है कि सतह पर तैरता तेल लहरों को शांत कर देता है, जिससे रडार से ली गई तस्वीरों में काले और चिकने धब्बे दिखाई देते हैं।

यह आशंका बनी है कि ईरान समुद्र में तेल बर्बाद कर रहा है। यदि यह तेल लगातार छोड़ा जाता रहा तो इससे समुद्री जीवन और पर्यावरण को भारी नुकसान हो सकता है। फारस की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मछुआरे, कोरल रीफ और अन्य समुद्री जीव रहते हैं, जिन पर लाखों लोगों की आजीविका निर्भर है। यह तेल मछलियों के लिए जहर का काम कर सकता है। समुद्री पक्षियों को नुकसान पहुंचाता है और संवेदनषील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को तबाह कर देता है। ऐसे में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और अनेक समुद्री जीव बेमौत मर जाते हैं।

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी जंग समुद्री पर्यावरण के लिए भारी संकट के रूप में सामने आ रहा है। यह संकट धरती से लेकर आसमान तक कहर ढहा रहा है। होर्मुज के संकरे मार्ग पर तेल की इस बर्बादी से पहले पेट्रोलियम पदार्थों से भरे करीब 20 जहाज नष्ट कर दिए गए गए थे। एक अनुमान के अनुसार इन टैंकरों में तीन लाख मीट्रिक टन तरल एलपीजी भरी हुई थी। एक बड़े गैस टेंकर में लगभग 45 हजार मीट्रिक टन एलपीजी होती है और एक बड़े गैस टैंकर से करीब 31 से 32 लाख घरेलू गैस सिलेंडर भरे जा सकते हैं।

पेट्रोलियम पदार्थ एक साथ मिट्टी, पानी और हवा को दूषित करते हुए मानव जीवन के लिए वरदान की बजाय अभिशाप साबित होने लग जाते हैं। वैसे भी दुनिया के समुद्री तटों पर पेट्रोलियम पदार्थो और औद्योगिक कचरे से भयावह पर्यावरणीय संकट पैदा हो रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

प्राकृतिक फाइबर और हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को भी बड़ी सफलताएं मिल रही हैं। प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए हर देश नए उपाय खोज रहा है, तो भारत भी इसमें पीछे नहीं है। प्लास्टिक और सिंथेटिक फाइबर के बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए पंतनगर स्थित गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने डोम्बेया (डोंबेया एक्यूटेंगुला) पौधे के तने से प्राकृतिक फाइबर निकालने की तकनीक विकसित की है, जिसका उन्हें हाल ही में पेटेंट भी हासिल हो गया है।

*मृगांक मौली, पंत नगर, ऊधमसिंह नगर*

# तन की शोभा बढ़ाएंगे डोंबेया के पौधे से बने कपड़े



पंतनगर विवि स्थित सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के क्लोदिंग एंड टेक्सटाइल विज्ञान विभाग की शोधार्थी तैयबा फातिमा ने प्राध्यापक डॉ. शहनाज जहां के निर्देशन में डोम्बेया पौधे के तने से प्राकृतिक फाइबर निकालने में सफलता पाई है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह उपलब्धि केवल वैज्ञानिक सफलता नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में भी क्रांतिकारी कदम है। डोम्बेया से प्राप्त फाइबर पूरी तरह प्राकृतिक और बायोडिग्रेडेबल है, जिससे पर्यावरण पर इसका प्रभाव बहुत न्यूनतम होता है। शोध में पाया गया कि डोम्बेया से तैयार फाइबर मजबूत, टिकाऊ और लचीला है। इसकी गुणवत्ता अन्य पारंपरिक प्राकृतिक फाइबर जैसे कपास, जूट और पटसन के समान पाई गई है। यही कारण है कि इसे भविष्य में बड़े स्तर पर उपयोग के लिए संभावनाशील माना जा रहा है।

विशेषज्ञों का मानना है यदि इसका व्यावसायिक उत्पादन बढ़ता है, तो प्लास्टिक उत्पादों पर निर्भरता कम हो सकती है। यह पर्यावरण और उद्योगों के लिए नई उम्मीद बन सकती है। उल्लेखनीय है कि गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, उत्तराखंड में स्थित भारत का पहला कृषि विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना 17 नवंबर 1960 को हुई थी। इसे भारत में 'हरित क्रांति का अग्रदूत' और 'कृषि का गुरुकुल' भी कहा जाता है। यह विश्वविद्यालय कृषि, प्रौद्योगिकी और संबद्ध विज्ञानों में स्नातक और स्नातकोत्तर शिक्षा प्रदान करता है।



### क्या है डोम्बेया पौधा

डोम्बेया एक फूल वाला झाड़ीदार पौधा है, जो भारत, मॉरीशस, पाकिस्तान और अन्य उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है। इसके हल्के गुलाबी और सफेद फूल इसे आकर्षक बनाते हैं। यह पौधा मधुमक्खियों और तितलियों को आकर्षित करता है इसलिए इसे जैव विविधता के लिए भी उपयोगी माना गया है।

### उद्योगों के लिए खुले नए रास्ते

विशेषज्ञों के अनुसार, डोम्बेया फाइबर का उपयोग कई उद्योगों में किया जा सकता है। जैसे वस्त्र एवं परिधान उद्योग, इको-फ्रेंडली पैकेजिंग सामग्री, ऑटोमोबाइल इंटीरियर एवं डैशबोर्ड पार्ट्स, इंसुलेशन उत्पाद, फर्निशिंग और होम डेकोर सामग्री और हल्के निर्माण कार्यों में उपयोगी कंपोजिट सामग्री आदि। यह भविष्य में ग्रीन टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग के लिए महत्वपूर्ण संसाधन भी बन सकता है। इतना ही नहीं, डोम्बेया पौधे की खेती, फाइबर निष्कर्षण और प्रसंस्करण के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन की संभावना है। छोटे एवं मध्यम उद्योगों के लिए यह प्राकृतिक फाइबर आधारित उत्पादों के निर्माण का नया अवसर बन सकता है।



वैज्ञानिक फैक्ट

## इंसानों में भी छिपी है जहर बनाने की क्षमता



क्या इंसान कभी सांपों की तरह जहरीले बन सकते हैं? यह सवाल सुनने में किसी साइंस फिक्शन फिल्म की कहानी जैसा लगता है, लेकिन विज्ञान की दुनिया में इस पर गंभीर शोध हो चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इंसान और कोबरा जैसे विषैले जीवों के बीच जितनी दूरी हम समझते हैं, वास्तव में उतनी नहीं है। हैरानी की बात यह है कि हमारे शरीर में भी जहर बनाने की बुनियादी क्षमता मौजूद है, बस वह सक्रिय रूप में विकसित नहीं हुई।

अमेरिका की प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पत्रिका प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (PNAS) में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, सरीसृपों और स्तनधारियों के शरीर में कुछ समान आनुवंशिक तंत्र पाए जाते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन जीनों की मदद से सांप अपना विष बनाते हैं, उनसे मिलते-जुलते जीन इंसानों समेत कई स्तनधारियों में भी मौजूद हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि इंसान अचानक कोबरा की तरह जहरीले हो जाएंगे, बल्कि यह दर्शाता है कि विकासवाद (Evolution) की प्रक्रिया में हमारे शरीर में भी ऐसी क्षमता का आधार मौजूद है।

वैज्ञानिकों के अनुसार, सांपों का विष वास्तव में साधारण लार ग्रंथियों के विकास का परिणाम है। लाखों वर्षों में इन ग्रंथियों ने ऐसे प्रोटीन बनाना शुरू किया, जो शिकार को निष्क्रिय कर सकें। इंसानों की लार में भी कई तरह के प्रोटीन और एंजाइम पाए जाते हैं, जो बैक्टीरिया से लड़ने और भोजन पचाने में मदद करते हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक मानते हैं कि यदि विकासवादी परिस्थितियां अलग होतीं, तो स्तनधारी जीवों में भी विषैले गुण विकसित हो सकते थे। दिलचस्प बात यह है कि प्रकृति में कुछ स्तनधारी पहले से ही विषैले हैं। उदाहरण के लिए, प्लैटिपस नामक जीव के पिछले पैरों में जहरीले कांटे होते हैं। इसी तरह कुछ श्रू (shrew) प्रजातियां अपने शिकार को लकवाग्रस्त करने वाला विष पैदा करती हैं। इससे यह साबित होता है कि विष बनाने की क्षमता केवल सांपों तक सीमित नहीं है।

हालांकि इंसानों में ऐसा विकास होने की संभावना बेहद कम है, क्योंकि हमारी जीवित रहने की रणनीतियां अलग दिशा में विकसित हुई हैं। हमने बुद्धिमत्ता, उपकरणों और सामाजिक सहयोग को अपना हथियार बनाया, जबकि कई जीवों ने विष को रक्षा और शिकार का साधन बनाया। यह शोध हमें यह समझने में मदद करता है कि पृथ्वी पर जीवन कितना आपस में जुड़ा हुआ है। इंसान, सांप और दूसरे जीव भले ही अलग दिखते हों, लेकिन हमारे शरीर की मूल जैविक संरचना में कई समानताएं छिपी हुई हैं। विज्ञान के ऐसे तथ्य न केवल चौंकाते हैं, बल्कि यह भी बताते हैं कि विकासवाद की कहानी कितनी अद्भुत और रहस्यमयी है।



## इसरो-एरीज का 'मिशन नेत्र', आसान होगी धरती के पास की निगहबानी

जो काम चार मीटर की दूरबीन से न हो सकेगा, अब वह कार्य मात्र 60 सेंटीमीटर की टेलीस्कोप कर दिखाएगी। नैनीताल स्थित आर्य भट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) की 60 सेंटीमीटर की वाइड फील्ड टेलीस्कोप हाईटेक बनने जा रही है, जो अगले वर्ष जनवरी में धरती की नजदीकी वस्तुओं की निगरानी शुरू कर देगी।



बबलू चंद्रा
नैनीताल

वर्तमान में एरीज के पास चार मीटर तक की विश्वस्तरीय अत्याधुनिक दूरबीनें उपलब्ध हैं, जो ब्रह्मांड के हजारों प्रकाश वर्ष दूरस्थ क्षेत्रों को देखने की क्षमता रखती हैं। मगर धरती के नजदीकी क्षेत्रों के अध्ययन के लिए अलग से दूरबीन जरूरत थी। इस कमी को पूरा करने के लिए एरीज 60 सेंटीमीटर की दूरबीन स्थापित करने जा रहा है, जिसे पूर्व में स्थापित 50 सेंटीमीटर की दूरबीन का अपग्रेडेशन के जरिए पूरा किया जा रहा है। एरीज के डॉ. टी.एस. कुमार बताते हैं कि इस दूरबीन को हाईटेक बनने के बाद देश के पास एक और महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस ऑप्टिकल दूरबीन का डाया 60 सेंटीमीटर का ईजाद किया जा रहा है। पहले यह 50 सेंटीमीटर व्यास की थी और साधारण रूप से ट्रेनिंग के लिए बनाई गई थी मगर अब इससे बहुमुखी ऑब्जर्वेशन किए जा सकेंगे। इसमें सी मॉस डिटेक्टर लगाया जा रहा है। यह सेंसेटिव उपकरण होगा, जो सैकड़ों किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से घूमते सेटेलाइट और क्षुद्र ग्रहों की गति का आकलन कर सकेगी। इसके ऑप्टिक्स भी सेंसेटिव होंगे। यह मिशन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के साथ मिलकर किया जा रहा है। इस मिशन को 'नेत्र' नाम दिया गया है। 'नेत्र मिशन' का कार्य शुरू किया जा चुका है, जिसे दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा और अगले वर्ष जनवरी से कार्य करना शुरू कर देगी।



### हाईटेक दूरबीन के बहुमुखी ऑब्जर्वेशन

उल्लेखनीय है कि वाइड फील्ड टेलीस्कोप आकाश के बड़े भाग को देख सकेगी। इसका काम पृथ्वी के ऑर्बिट में घूमते सेटेलाइट हों या फिर अंतरिक्ष का कचरा, उनके साथ ही धरती की तरफ आने वाले पिंडों पर नजर रखना होगा। इसके अलावा, अंतरिक्ष में भेजे जाने अंतरिक्ष यानों के मार्ग में आने वाली बाधाओं, जैसे अंतरिक्ष कचरा और क्षुद्रग्रह से आगाह करना होगा। यदि इस तरह की कोई आशंका हुई तो सेटेलाइट लॉन्च कार्यक्रम कुछ समय के लिए रोक दिया जाएगा। इसके अलावा, पृथ्वी के ऑर्बिट में घूम रहे सेटेलाइट की सुरक्षा को लेकर अंतरिक्ष के कचरे की निगरानी करना भी होगा। साथ ही, ब्रह्मांड में नजर आने वाली किसी भी रहस्यमय, संदिग्ध वस्तु पर भी नजर रख सकेगी। यह दूरबीन भले ही छोटी होगी, लेकिन तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न अंतरिक्ष की निगरानी करने का बड़ा कार्य करने में सक्षम होगी।

मरीन लाइफ

## विशाल लार्वेसियन का अनोखा संसार



अपने नाम के बावजूद, विशाल लार्वेसियन (Giant Larvacean) की लंबाई आमतौर पर 10 सेंटीमीटर (लगभग चार इंच) से भी कम होती है, लेकिन यह छोटा, स्वतंत्र रूप से तैरने वाला अकशेरुकी जीव समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसकी सबसे अनोखी विशेषता है इसका 'बलगम महल' एक जटिल, पारदर्शी संरचना जो चिपचिपे बलगम (म्यूकस) से बनी होती है और आकार में तीन फीट तक चौड़ी हो सकती है। यह संरचना वास्तव में एक अत्याधुनिक फिल्टर की तरह काम करती है। विशाल लार्वेसियन अपने इस म्यूकस हाउस के माध्यम से समुद्र के ऊपरी हिस्से से बहकर आने वाले सूक्ष्म कणों, प्लवक (plankton) और 'मरीन स्नो' यानी जैविक अवशेषों को छानकर भोजन प्राप्त करते हैं। इस प्रक्रिया में वे पानी को लगातार अपने शरीर के माध्यम से प्रवाहित करते हैं, जिससे फिल्टरिंग अधिक प्रभावी हो जाती है।

दिलचस्प बात यह है कि जब यह बलगम फिल्टर कचरे या बड़े कणों से जाम हो जाता है, तो लार्वेसियन बिना समय गंवाए इसे छोड़ देता है और कुछ ही घंटों में नया 'घर' बना लेता है। यह त्यागा हुआ म्यूकस हाउस धीरे-धीरे समुद्र की गहराई में डूब जाता है। यह प्रक्रिया केवल एक जीव की जीवनशैली नहीं, बल्कि पूरे समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। गहरे समुद्र में पहुंचकर यह बलगम संरचना वहां रहने वाले जीवों जैसे कि सूक्ष्म जीव, क्रस्टेशियन और अन्य फिल्टर फीडर्स के लिए भोजन का स्रोत बन जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह प्रक्रिया 'कार्बन साइक्लिंग' में भी अहम भूमिका निभाती है, क्योंकि यह सतह से कार्बन को गहराई तक पहुंचाने में मदद करती है। इसे 'बायोलॉजिकल कार्बन पंप' का हिस्सा माना जाता है, जो जलवायु संतुलन बनाए रखने में सहायक है।

हाल के शोध में यह भी पाया गया है कि विशाल लार्वेसियन महासागरों की सफाई में भी योगदान देते हैं। इनके म्यूकस फिल्टर माइक्रोप्लास्टिक कणों को भी पकड़ सकते हैं, जो बाद में समुद्र तल तक पहुंच जाते हैं। इससे समुद्री सतह के पानी में प्रदूषण का स्तर कुछ हद तक कम हो सकता है, हालांकि यह पूरी तरह समाधान नहीं है। इस प्रकार, आकार में छोटे होने के बावजूद, विशाल लार्वेसियन समुद्र के स्वास्थ्य और संतुलन को बनाए रखने में एक 'अनदेखे इंजीनियर' की भूमिका निभाते हैं। उनका यह अनोखा जीवनचक्र हमें यह सिखाता है कि प्रकृति के सबसे छोटे जीव भी बड़े प्रभाव डाल सकते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 75,398.72 | 23,689.60 |
| बढ़त | 789.74 | 277.00 |
| प्रतिशत में | 1.06 | 1.18 |

सोना 1,66,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,96,600 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 15 मई 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :-** तुलसी 2610, राज श्री 1980, फ़ॉर्चून कि. 2665, रविन्द्रा 2595, फॉर्चुन 13kg 2345, जय जवान 2155, सचिन 2350, सूरज 2155, अवसर 2125, उजाला 2110, गृहणी 13 kg 2200, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2360, चक्र टिन 2580, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2465, स्वास्तिक 2565
**किराना :-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 24500-25000, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0) :-** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन :-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11700-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10700-12000, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7200, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 7000-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11000-11600, अरहर कोरी छोटी 12600
**चीनी :-** द्वारिकेश 4330, बहेड़ी 4310, सितारगंज 4280

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :-** शरबती- 6000-7700 बासमती- 10000-12600 परमल- 2400-3500
**दाल दलहन :-** काला चना- 4800-6800 साबुत चना दाल- 6000 मूंग साबुत- 10600 राजमा- 11000-12400 दाल उड़द- 9000-11000 साबुत मसूर दाल- 7000-7800 मसूर दाल- 9000 10200 उड़द साबुत- 10000 काबुली चना- 10000-10200 अरहर दाल- 9400 -11000 लोबिया/करमानी- 1400-2600

## बिजनेस ब्रीफ

### 'सहमति' के चेयरमैन बने आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर आर. गांधी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व डिप्टी गवर्नर रामा सुब्रमण्यम गांधी को अकाउंट एग्रीगेटर (एए) परिवेश के विस्तार को बढ़ावा देने वाले उद्योग गठबंधन 'सहमति' का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया है। सहमति ने अपने निदेशक मंडल में नंदकुमार सरवदे, मोनिका हालन और सूरज मोराजे को स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। इसके साथ ही भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, साउथ इंडियन बैंक, बजाज फिनसर्व, जेरोधा और फिनवु जैसे प्रमुख संस्थानों के नामित प्रतिनिधि भी शामिल किए हैं।

# 30 सितंबर तक विदेश नहीं जाएगी चीनी, सरकार ने लगाई रोक

## विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी की अधिसूचना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है।

इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा कि चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) प्रतिबंधित से 'निषिद्ध' कर दिया गया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय का यह आदेश अग्रिम प्राधिकरण योजना, सरकार-से-सरकार निर्यात और उन खेपों पर लागू नहीं होगा जो पहले से भौतिक निर्यात प्रक्रिया में हैं। चीनी विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर से सितंबर) के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। फिर 5,00,000 टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से केवल 87,587 टन को मंजूरी दी गई।

इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी गई। खाद्य मंत्रालय और चीनी मिलों को उम्मीद थी कि समूचे 2025-26 विपणन वर्ष में 7.5-8 लाख टन का निर्यात होगा।

भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ'' (इस्मा) के अनुसार, भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 विपणन सत्र में अप्रैल तक 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2.752 करोड़ टन हो गया।



### ईयू और अमेरिका निर्यात पर आदेश लागू नहीं

लगातार यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है।

### कीमतों में वृद्धि रोकने को लगाया अंकुश

किसी वस्तु के निर्यात पर अंकुश से कीमतों में बढ़ोतरी को रोका जा सकता है। खासकर महंगाई और पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न अनिश्चितता के बीच इस कदम के कई मायने हैं। भारत ने अक्टूबर 2022 में चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था और बाद में इसे समय-समय पर बढ़ाया जाता रहा है।

दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश सरकार द्वारा मिलों को आनुपातिक रूप से कोटा वितरित करके निर्यात को नियंत्रण में रखता है।

## कपास से आयात शुल्क हटाने को उपराष्ट्रपति से मिले परिधान उद्यमी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** परिधान उद्योग और निर्यातकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात कर उद्योग पर बढ़ते लागत दबाव को कम करने लिए कपास पर लगने वाले 11 प्रतिशत आयात शुल्क को हटाने की मांग की।

यह बैठक बुधवार को हुई, इससे कुछ घंटे पहले ही परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के चेयरमैन ए शक्तिवेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से इसी मांग को लेकर मुलाकात की थी।

उल्लेखनीय है कि 28 अप्रैल को कपड़ा मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा था कि सरकार कपास आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क की समाप्ति या कटौती के विकल्प पर विचार कर रही है। अधिकारी ने कहा था कि इस संबंध में संबंधित मंत्रालय निर्णय करेंगे। कपड़ा मंत्रालय के व्यापार सलाहकार बिपिन मेनन ने कहा था कि हम राजस्व विभाग के साथ मिलकर इस संभावना पर काम कर रहे हैं कि शुल्क में कटौती की जा सकती है या नहीं।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच अप्रैल में 25.4 % बढ़ी यात्री वाहनों की थोक बिक्री : सियाम



**नई दिल्ली, एजेंसी**

घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई हो गई। इससे पिछले साल की तेजी को बरकरार रखते हुए नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत हुई है। उद्योग निकाय सियाम ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अप्रैल 2025 में थोक बिक्री 3,48,847 इकाई रही थी।

सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वस्तुओं की ऊंची कीमतों की चिंताओं के बावजूद मोटर वाहन उद्योग में अच्छी मांग देखी जा रही है। यूटिलिटी वाहनों ने यात्री वाहन (पीवी) खंड में मात्रा वृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखा और अप्रैल में इनकी बिक्री 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2,44,280 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 2,01,062 थी।

सियाम के अनुसार, यात्री कार की थोक बिक्री भी पिछले महीने 32.7 प्रतिशत बढ़कर 1,20,945 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 91,148 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की बिक्री पिछले महीने 14.4 प्रतिशत बढ़कर 13,087 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 11,438 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 28.4 प्रतिशत बढ़कर 18,72,691 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 14,58,784 इकाई थी। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2026 में मोटरसाइकिल की बिक्री 30.6 प्रतिशत बढ़कर 11,38,452 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 8,71,666 इकाई थी। इसी प्रकार, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 26.2 प्रतिशत बढ़कर 6,91,993 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 5,48,370 इकाई थी।

इसी तरह, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 32.8 प्रतिशत बढ़कर 65,668 इकाई हो गई जो अप्रैल 2025 में 49,441 इकाई थी।

उद्योग निकाय के अनुसार, अप्रैल में सभी श्रेणियों में कुल थोक बिक्री 27.9% बढ़कर 23,16,671 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 18,11,876 इकाई थी।

### चिंताओं के बावजूद बनी हुई है अच्छी मांग

इस प्रदर्शन पर सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही की गति को जारी रखते हुए, वित्त वर्ष 2026-27 के पहले महीने में यात्री वाहन, तिपहिया और दोपहिया श्रेणियों में मजबूत दोहरे अंक की वृद्धि दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण वस्तुओं की उच्च कीमतों को लेकर चिंताएं हैं, फिर भी उद्योग में मांग अच्छी बनी हुई है।

## सोना 650 रुपये मजबूत, चांदी में गिरावट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह बढ़ोतरी लगातार जारी भू-राजनीतिक तनाव के बीच डॉलर के मुकाबले रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आने के बाद हुई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99 .9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 650 रुपये बढ़कर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई, जो बुधवार को 1,65,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा संघ के अनुसार, हालांकि, चांदी की कीमतों में लगातार तीन दिन से जारी बढ़त का सिलसिला थम गया। चांदी 900 रुपये टूटकर 2,96,600 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## डीजीएफटी ने अग्रिम मंजूरी योजना के तहत सोना आयात की सीमा 100 किलो तय की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कीमती धातुओं पर आयात शुल्क में भारी बढ़ोतरी किए जाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को सरकार ने अग्रिम मंजूरी योजना के तहत सोने के आयात पर 100 किलोग्राम की सीमा भी तय कर दी। इस योजना के तहत आभूषण निर्यातकों को कच्चा माल या लागत सामग्री बिना किसी शुल्क के आयात करने की अनुमति होती है। सरकार ने सोने के आयात के लिए अग्रिम मंजूरी जारी करने और उसकी निगरानी करने की शर्तों को और सख्त कर दिया है। इससे पहले, इस योजना के तहत सोने के आयात पर कोई सीमा नहीं थी।

अग्रिम मंजूरी योजना के तहत उन लागत सामग्री का शुल्क-मुक्त आयात करने की अनुमति होती है, जिनका इस्तेमाल निर्यात किए जाने वाले उत्पाद को बनाने में किया जाता है। लागत सामग्री के अलावा पैकेजिंग सामग्री, ईंधन, तेल और कैटेलिस्ट का भी आयात किया जा सकता है, जिनका इस्तेमाल निर्यात उत्पाद के उत्पादन की प्रक्रिया में होता है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सार्वजनिक सूचना में कहा कि सोने के आयात के लिए अग्रिम मंजूरी अधिकतम 100 किलोग्राम की सीमा के अधीन ही जारी की जाएगी।

## यूएन की संस्था आईएफएडी की भारत में कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश की योजना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) भारत में पहली बार कृषि स्टार्टअप कंपनियों में सीधे निवेश करने की तैयारी कर रहा है और इसका अगले एक साल में तीन-चार सौदों को अंतिम रूप देने का इरादा है। इसके साथ ही आईएफएडी अब अपने वित्तपोषण मॉडल को बदलकर अनुदान पर कम और निजी निवेश पर ज्यादा ध्यान दे रहा है।

आईएफएडी के सह उपाध्यक्ष (कंट्री ऑपरेशंस) डोनल ब्राउन ने यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि संगठन अब भारत की उभरती कृषि-उद्यमिता पारिस्थितिकी में सक्रिय रूप से अवसर तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संस्था के निजी क्षेत्र प्रकोष्ठ की टीम भारत आई थी और विभिन्न प्रस्तावों का आकलन किया।

एजेंसी को अब तक चार से पांच प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें कृषि स्टार्टअप, ग्रामीण वित्त और डिजिटल मंच शामिल हैं। आईएफएडी और भारत सरकार ने 12 मई को देश के लिए नई आठ-वर्षीय रणनीति शुरू की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु और आर्थिक मजबूती बढ़ाना है। वित्त और कृषि मंत्रालयों के साथ मिलकर तैयार इस रणनीति के केंद्र में 110 आकांक्षी जिले और गरीब राज्य हैं।

भारत में आईएफएडी का मौजूदा पोर्टफोलियो लगभग 1.2 अरब डॉलर का है, जिसमें करीब 35 करोड़ डॉलर का प्रत्यक्ष वित्तपोषण शामिल है। अगले तीन वर्षों के लिए लगभग 16 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया गया है। ब्राउन ने कहा कि आईएफएडी अब खुद को 'वित्त का संयोजक' बना रहा है, जो अपने बही-खाते के जरिये निजी निवेश आकर्षित करता है।

वैश्विक स्तर पर एजेंसी एक लाख से अधिक कंपनियों में करीब 1.5 अरब डॉलर की निजी पूंजी जुटा चुकी है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने नाबार्ड के साथ सह-निवेश के लिए एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

## एचडीबी ने श्रीनिवासन को नियुक्त किया गैर-कार्यकारी चेयरमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने एन. श्रीनिवासन को स्वतंत्र निदेशक एवं गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब वह अपने परिचालन का विस्तार कर रही है और अपनी दीर्घकालिक वृद्धि रणनीति को लागू कर रही है।

## देश में 2032 तक 10 गुना हो जाएगी ईवी बैटरी की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के लिए बैटरी की मांग वर्ष 2032 तक करीब 10 गुना बढ़कर 200 गीगावाट-घंटा हो जाने का अनुमान है 2025 में यह 20 गीगावाट-घंटा थी। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

आईईएसए ने एक अध्ययन का हवाला देते हुए कहा कि भारत में ईवी के लिए अवसर अब केवल वाहन निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि असली बढ़त कलपुर्जों के स्थानीय उत्पादन और आपूर्ति शृंखला के विकास में है। इससे भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित होने में मदद मिल सकती है। आईईएसए भारतीय ईवी परिदृश्य पर कस्टमाइज्ड एनर्जी सॉल्यूशंस (सीईएस) के सहयोग से तैयार एक अध्ययन रिपोर्ट 8-10 जुलाई को नयी दिल्ली में होने वाले 12वें भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह के दौरान जारी करेगा।

रिपोर्ट के अनुसार, देश का ईवी उद्योग अब बड़े बदलाव के दौर में है और यह नीति-प्रेरित शुरुआत से आगे बढ़कर एक व्यापक औद्योगिक पारिस्थितिकी बन चुकी है, जिसमें बैटरी, मोटर, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और आपूर्ति शृंखला शामिल हैं। आईईएसए के अध्यक्ष देबमाल्य सेन ने कहा कि ईवी बाजार तेजी से बढ़ रहा है।

2032 तक बैटरी मांग में 10 गुना उछाल आने की संभावना है। आगे की वृद्धि स्थानीय निर्माण, नई बैटरी प्रौद्योगिकी और मजबूत आपूर्ति शृंखला पर निर्भर करेगी। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2025 में भारत में 25 लाख इकाइयों से अधिक ईवी की बिक्री हुई है, जिसमें 15 लाख दोपहिया और सात लाख तिपहिया वाहन शामिल हैं।

### जीएमआर का बोइंग से करार

## एयरोस्पेस पार्क में होगा नौसेना के पी-8आई विमानों का एमआरओ

**हैदराबाद, एजेंसी।** जीएमआर समूह की विमान रखरखाव, मरम्मत एवं ओवरहॉलिंग (एमआरओ) सेवा देने वाली कंपनी जीएमआर एयरो टेक्निक ने समुद्री गश्ती एवं टोही विमान पी-8आई बेड़े के लिए फेज-56 हेवी मेंटेनेंस चेक के लिए बोइंग डिफेंस इंडिया के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं। इस समझौते के तहत जीएमआर एयरो टेक्निक हैदराबाद स्थित जीएमआर एयरोस्पेस पार्क सेज में अपनी अत्याधुनिक एमआरओ सुविधा में बोइंग पी-8आई विमानों पर फेज-56 हेवी मेंटेनेंस चेक करेगा।

यहां पी-8आई विमानों का संरचनात्मक उन्नयन, व्यापक निरीक्षण, पेंटिंग और सिस्टम अपग्रेड शामिल किया जायेगा जो पूरी तरह बोइंग और रक्षा विमानन मेंटेनेंस मानकों के अनुरूप होंगे। जीएमआर एयरो टेक्निक के अध्यक्ष अशोक गोपीनाथ ने कहा-यह साझेदारी जीएमआर एयरो टेक्निक के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

## शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी सेंसेक्स 790 और निफ्टी 277 अंक चढ़ा

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने सत्र की मजबूत शुरुआत की लेकिन जल्द ही यह नकारात्मक दायरे में चला गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था।

वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख कायम रहा।

क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.08 प्रतिशत, धातु खंड में 2.03 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.59 प्रतिशत की तेजी देखी गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,107 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,076 शेयरों में गिरावट रही और 190 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 6.82 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 462,85,684.68 करोड़ रुपये (4.83 अरब डॉलर) हो गया।

### ब्रेंट क्रूड 1% बढ़कर 106.48 डॉलर प्रति बैरल पर



**बढ़त के साथ बंद हुए :-** भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इटर्नल में 3 .32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2 .67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही।

**नुकसान में रहे शेयर :-** इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी।

### मिडकैप 0.40 , स्मॉलकैप में 0.86 प्रतिशत की तेजी

- मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0 .40 प्रतिशत की तेजी रही
- बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0 .86 प्रतिशत बढ़ गया
- विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बुधवार को 4,703 .15 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 5,869 .05 करोड़ रुपये की खरीदारी की।
- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1% बढ़कर 106 .48 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- चीन का शंघाई कम्पोजिट और जापान का निक्की गिरावट के साथ बंद हुए जबकि हांगकांग का हैंगसेंग स्थिर रहा। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहा।
- अमेरिकी बाजार बुधवार को अधिकतर बढ़त के साथ बंद हुए थे।

**हलचल**

### पश्चिम एशिया तनाव के बीच वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव का असर

# गिरावट : मार्च में विदेशी उधारी प्रस्ताव 5 .43 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय कंपनियों एवं ऋणदाताओं द्वारा विदेशी कर्ज (ईसीबी) जुटाने के प्रस्ताव मार्च में घटकर 5.43 अरब डॉलर रह गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

ईसीबी ऐसे वाणिज्यिक ऋण होते हैं जिन्हें पात्र भारतीय संस्थाएं मान्यता-प्राप्त विदेशी संस्थाओं से लेती हैं। आरबीआई के अनुसार, यह आंकड़ा मार्च, 2025 के 11.04 अरब डॉलर की तुलना में लगभग आधा है जबकि फरवरी, 2026 के 4.59 अरब डॉलर से अधिक है।

कुल उधारी प्रस्तावों में सामान्य अनुमति के तहत 5.22 अरब डॉलर और विशेष अनुमति के तहत 21.2 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव शामिल हैं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, पूंजीगत व्यय में सुस्ती की चिंताओं के बीच मार्च में नई परियोजनाओं के लिए 19 प्रस्ताव दाखिल किए गए, जिनके तहत 1.14 अरब डॉलर की विदेशी उधारी का इरादा जताया गया। वहीं, 1.22 अरब डॉलर का उपयोग मौजूदा विदेशी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) या रुपये में लिए गए कर्ज के पुनर्वित्तपोषण के लिए प्रस्तावित है।

विदेशी उधारी जुटाने के प्रमुख प्रस्तावों में राजस्थान पार्ट-1 ट्रांसमिशन ने नई परियोजनाओं के लिए 75 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा, अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप-वन ने भी मौजूदा ईसीबी के पुनर्वित्तपोषण के लिए 50 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव दाखिल किया।वित्तीय कंपनियों में आईआईएफएल फाइनेंस ने अंतरराष्ट्रीय बाजार से 50 करोड़ डॉलर जुटाने की मंशा जताई जबकि भारतीय रेल वित्त निगम और बजाज फाइनेंस ने क्रमशः 39.16 करोड़ डॉलर और 30 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव दिए। पिछले कुछ महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उधारी लागत बढ़ी है और अमेरिका के 10-वर्षीय ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल 0.20-0.30 प्रतिशत तक बढ़ने से विदेशी और घरेलू उधारी लागत के बीच अंतर कम हुआ है।

इससे पहले, आरबीआई ने ईसीबी नियमों को उदार बनाते हुए कंपनियों को अधिक उधारी सीमा, मुद्रा में बदलाव और कर्ज को गैर-ऋण साधन में बदलने जैसी सुविधाएं दी हैं।

नए दिशानिर्देशों के तहत कारोबार पुनर्गठन या दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनियां भी विदेशी उधारी के जरिये धन जुटा सकती हैं।




### सर्वकालिक निचले स्तर को छूने के बाद रुपया दो पैसे बढ़ा, 95.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95 .96 प्रति डॉलर के अब तक नए निचले स्तर को छूने के बाद अंत में डॉलर के मुकाबले दो पैसे के मामूली सुधार के साथ 95 .64 पर रहा। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और ऊर्जा की ऊंची कीमतों के बीच मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच रुपये अपने सर्वकालिक निचले स्तर तक गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95 .74 पर कमजोर खुला। दिनभर उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95 .61 के उच्च स्तर और 95 .96 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गई। अंत में रुपया 95 .64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की मजबूती है।

वर्ल्ड ब्रीफ

## लातविया की पीएम का यूक्रेन के ड्रोन पर विवाद के बाद इस्तीफा



**रीगा।** लातविया की प्रधानमंत्री एविका सिलिना ने बृहस्पतिवार को अपने इस्तीफे की घोषणा की। 'बाल्टिक न्यूज सर्विस' ने इसकी जानकारी सार्वजनिक की है। इससे पहले, सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा रही वामपंथी प्रोग्रेसिव्स पार्टी ने बुधवार को सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा कर दी जिसके बाद सरकार बहुमत खो बैठी और इसी कारण सिलिना ने इस्तीफा दे दिया। पिछले सप्ताह प्रोग्रेसिव पार्टी के नेता और लातविया के रक्षा मंत्री एंड्रीस स्प्रूड्स को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा था। यूक्रेन के ड्रोन के कई बार गलती से लातविया की सीमा में घुस आने की घटनाओं से सरकार के निपटने के तरीके को लेकर बढ़ते विवाद के बाद स्प्रूड्स ने इस्तीफा दिया था।

## लेबनान : रिहायशी इमारत पर इजराइली हमले में दो की मौत

**बेरूत।** लेबनान के सरीफा कस्बे में स्थित एज़्ज़ेद्दीन आवासीय परियोजना पर गुरुवार तड़के हुए इजराइली हवाई हमले में दो लोगों की मौत हो गयी। नेशनल न्यूज एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अल-रिसाला स्काउट्स की नागरिक सुरक्षा टीम ने पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी आवासीय इमारत के मलबे से दोनों मृतकों के शव बाहर निकाले। इस बीच, एनएनए ने बताया कि हिज़्बुल्लाह के ड्रोन हमले में गुरुवार को कई इजराइली घायल हो गए। यह हमला ऐसे समय हुआ जब वाशिंगटन में अमेरिका की मध्यस्थता में इजराइल और लेबनान के बीच वार्ता शुरू होने वाली थी।

## बलूचिस्तान में पाकिस्तान के पांच सैनिक मारे गए

**कराची।** बलूचिस्तान के बरखान जिले में चरमपंथियों के खिलाफ एक अभियान में एक मेजर समेत पाकिस्तान के पांच सैनिक मारे गए। अंतर-सेवा जनसंपर्क ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस अभियान में कम से कम सात चरमपंथियों को भी ढेर किया गया। पाकिस्तानी सेना और बलूचिस्तान फ्रंटियर कोर ने मार्खम के नोशाम इलाके में संयुक्त रूप से अभियान संचालित किया था। आईएसपीआर ने बताया कि अभियान के दौरान सात चरमपंथियों को ढेर किया गया।

# ताइवान के मुद्दे पर सावधानी बरते अमेरिकी वर्ना संघर्ष तय

## ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर में शी जिनपिंग ने दी चेतावनी, दोनों देश द्विपक्षीय संबंध बढ़ाने पर सहमत

बीजिंग, एजेंसी



बीजिंग में शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने से पहले किया गया ट्रंप का स्वागत।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर के बाद कहा कि चीन और अमेरिका रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए एक नए दृष्टिकोण पर सहमत हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि ताइवान को लेकर तनाव दोनों देशों के संबंधों को खतरे में डाल सकता है और आपसी संघर्ष को भी जन्म दे सकता है। बीजिंग में हुई बैठक के बाद जिनपिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के साथ चीन-अमेरिका के रचनात्मक संबंधों के निर्माण के नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है।

सरकारी मीडिया के अनुसार, जिनपिंग ने कहा कि यह नया दृष्टिकोण अगले तीन वर्षों और उससे आगे द्विपक्षीय संबंधों के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा दोनों देशों के लोगों के साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी इसका स्वागत करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। जिनपिंग ने कहा कि अगर इस मुद्दे को सही ढंग से संभाला गया तभी द्विपक्षीय संबंध स्थिर रहेंगे, अन्यथा दोनों देशों को टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है और द्विपक्षीय संबंधों के लिए गंभीर खतरा पैदा हो जाएगा। उन्होंने अमेरिका से ताइवान मुद्दे को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया।

### तंज... होर्मुज में शांति और ताइवान की स्वतंत्रता का समर्थन

जिनपिंग ने कहा कि ताइवान, जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना बीजिंग और वाशिंगटन के बीच स्थिर संबंधों के लिए प्रमुख महत्व रखता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जलडमरूमध्य में शांति की बात से मेल नहीं खाता। स्वशासित ताइवान को चीन एक विद्रोही प्रांत मानता है। वह उन देशों को ताइपे के साथ औपचारिक संबंध रखने से रोकता है जिनके साथ उसके राजनयिक संबंध हैं। वर्ष 1979 में आधुनिक चीन के साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से, अमेरिका ताइवान को अनौपचारिक समर्थन देते हुए और उसे हथियार मुहैया कराते हुए बीजिंग की मांगों के दायरे में रहने में कामयाब रहा है। वाशिंगटन ताइवान को चीन का हिस्सा मानने के बीजिंग के रुख को स्वीकार करता है, लेकिन स्पष्ट रूप से इसका समर्थन नहीं करता।

### लाभकारी व्यापारिक सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

व्यापार वार्ता को लेकर जिनपिंग ने कहा कि दोनों पक्षों की आर्थिक और व्यापार टीमों ने आम तौर पर संतुलित और सकारात्मक परिणाम दिए हैं। चीन अपने दरवाजे व्यापक रूप से खोलेगा, जिनपिंग जिनपिंग ने यह उल्लेख करते हुए कहा कि अमेरिकी कंपनियां लंबे समय से देश के आर्थिक सुधारों में शामिल रही हैं और अमेरिका का पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग का विस्तार करने के लिए स्वागत है। जिनपिंग ने कहा, दोनों पक्षों को उस महत्वपूर्ण सहमति को लागू करना चाहिए जिस पर हम पहुंचे हैं।

### ट्रंप बोले- जिनपिंग महान नेता

ट्रंप ने शी जिनपिंग के साथ अपनी बातचीत को अब तक का सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन बताते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच ईरान युद्ध, व्यापार तनाव, टैरिफ, प्रौद्योगिकी और ताइवान पर चर्चा हुई है। जिनपिंग को महान नेता बताते हुए ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों का एक साथ शानदार भविष्य होगा, जिनपिंग ने कहा कि चीन और अमेरिका को प्रतिद्वंद्वी होने के बजाय साझेदार होना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापार युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। ट्रंप की यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिम एशिया संघर्ष और उसके बाद पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के कारण आर्थिक एवं भू-राजनीतिक अनिश्चितताएं बढ़ गई हैं।

## ताइवान पर अमेरिकी नीति में कोई बदलाव नहीं : रुबियो



**बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की भेंट के बाद अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ताइवान के प्रति अमेरिका की नीति अपरिवर्तित है और चीन की ओर से बलपूर्वक ताइवान पर कब्जा करना एक भयानक भूल होगी। रुबियो ने एनबीसी न्यूज को दिए एक साक्षात्कार में ऐसा कहा। रुबियो ट्रंप की चीन यात्रा में उनके साथ आए हैं। उन्होंने शी की इस चेतावनी को नजरअंदाज कर दिया कि इस स्वशासी द्वीप को लेकर मतभेद संघर्ष का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि चीन वार्ता में ताइवान का मुद्दा हमेशा उठाता है। रुबियो ने कहा, आज की स्थिति में ताइवान के मुद्दे पर अमेरिकी नीति यहां हुई बैठक के बाद भी अपरिवर्तित है। चीनी पक्ष हमेशा अपनी तरफ से यह मुद्दा उठाता है। हम हमेशा अपना रुख स्पष्ट करते हैं और अन्य विषयों पर आगे बढ़ते हैं।

# सबरीमाला : महिलाओं से धार्मिक भेदभाव के मुद्दे पर फैसला सुरक्षित

## सुप्रीम कोर्ट की नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने पूरी की सुनवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट के नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ होने वाले भेदभाव और विभिन्न धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे और सीमा से संबंधित याचिकाओं पर अपना फैसला बृहस्पतिवार को सुरक्षित रख लिया। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने 16 दिन तक इस मामले की सुनवाई की और अलग-अलग पक्षों की दलीलें सुनीं।



सुनवाई से पहले, केंद्र ने लिखित दलीलें दाखिल कर शीर्ष अदालत से सबरीमाला मंदिर में रजस्वला आयु वाली महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को बरकरार रखने का अनुरोध किया था। केंद्र ने दलील दी कि यह मुद्दा पूरी तरह धार्मिक आस्था और संप्रदायगत स्वायत्तता के दायरे में आता है और न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है। सितंबर 2018 में पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 4:1 के बहुमत से 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं के सबरीमाला स्थित अय्यप्पा मंदिर में प्रवेश पर लगी रोक को हटा दिया था और इस प्रथा को असंवैधानिक करार दिया था। बाद में, 14 नवंबर, 2019 को, तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ ने 3:2 के बहुमत से, विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव के मुद्दे को विस्तृत सुनवाई के लिए बड़ी पीठ के पास भेज दिया।

### सुनवाई के लिए पीठ ने तय किए थे सात सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे को लेकर सात प्रश्न तैयार किये जिनपर सुनवाई की जानी थी। पीठ ने कहा कि वह इस बात पर विचार करेगी कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार का दायरा और सीमा क्या है। दूसरा मुद्दा था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत व्यक्तियों के अधिकारों और अनुच्छेद 26 के तहत धार्मिक संप्रदायों के अधिकारों के बीच क्या परस्पर संबंध है। तीसरा था, क्या अनुच्छेद 26 के तहत किसी धार्मिक संप्रदाय के अधिकार सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के अलावा अन्य मौलिक अधिकारों के अधीन हैं। चौथा मुद्दा यह तय किया गया कि संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 के अंतर्गत नैतिकता शब्द का दायरा और विस्तार क्या है और क्या इसमें संवैधानिक नैतिकता शामिल है। पांचवा था, पीठ अनुच्छेद 25 के तहत संदर्भित धार्मिक प्रथा के संबंध में न्यायिक समीक्षा के दायरे और सीमा पर भी विचार करेगी। छठा था कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 (2) (ख) में प्रयुक्त हिंदुओं के वर्ग की अभिव्यक्ति का क्या अर्थ है। कोर्ट ने कहा था कि वह सातवें प्रश्न के रूप में इस बात की जांच करेगा कि क्या कोई व्यक्ति जो किसी धार्मिक संप्रदाय या धार्मिक समूह से संबंधित नहीं है, जनहित याचिका दायर करके उस धार्मिक संप्रदाय या धार्मिक समूह की किसी प्रथा पर सवाल उठा सकता है।

# दुनिया में कोरोना से मौतें आधिकारिक संख्या से तीन गुना

जिनेवा, एजेंसी

- डब्ल्यूएचओ ने जारी की रिपोर्ट, कई देशों ने काफी घटाकर की मौतों की रिपोर्टिंग

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि कोविड-19 महामारी से दुनिया भर में मौतों की वास्तविक संख्या 2.2 करोड़ से अधिक पहुंच गई है, जो आधिकारिक तौर पर दर्ज 70 लाख मौतों से करीब तीन गुना ज्यादा है। डब्ल्यूएचओ की बुधवार को जारी "वर्ल्ड हेल्थ स्टैटिस्टिक्स 2026" रिपोर्ट में यह खुलासा किया है।

इस रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2020 से 2023 के बीच सभी कारणों से वैश्विक अतिरिक्त मौतों (एक्सेस डेथ्स) का अनुमान 2.21 करोड़ लगाया गया, जबकि कोविड-19 से आधिकारिक तौर पर 70 लाख मौतें दर्ज की गईं। इसका मतलब है कि कोविड से दर्ज हर एक मौत के मुकाबले महामारी से जुड़ी लगभग दो अतिरिक्त मौतें हुईं। संगठन के अनुसार, इसका मुख्य कारण कई देशों की ओर से असल में हुई मौतों की कम रिपोर्टिंग करना है। इसके अलावा, 2022 के बाद अनेक देशों ने बड़े पैमाने पर कोविड-19 जांच अभियान बंद कर दिए, जिससे वास्तविक आंकड़े सामने नहीं आ सके।

रिपोर्ट में कहा गया, यह निष्कर्ष न केवल वायरस से सीधे हुई मौतों की कम रिपोर्टिंग को दर्शाता है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में व्यवधान, आर्थिक चुनौतियों और अन्य सामाजिक कारणों से हुई अप्रत्यक्ष मौतों को भी उजागर करता है। डब्ल्यूएचओ ने यह भी कहा कि महामारी ने वैश्विक स्तर पर जीवन प्रत्याशा में एक दशक की प्रगति को खत्म कर दिया और विभिन्न क्षेत्रों में इसकी भरपाई अब भी असमान बनी हुई है।

## नौसेना के मिग-29के लड़ाकू विमान की इजेक्शन सीट का पहला स्वदेशी नवीनीकरण

**नासिक।** भारतीय वायुसेना के नासिक स्थित बेस रिपेयर डिपो ने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए भारतीय नौसेना के मिग-29के लड़ाकू विमान की पहली इजेक्शन सीट का स्वदेशी नवीनीकरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।

अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि अब तक मिग-29के विमान की इजेक्शन सीटों को नवीनीकरण के लिए रूस भेजा जाता था। बताया गया कि बेस रिपेयर डिपो (बीआरडी), नासिक मिग-29 और सुखोई-30 एमकेआई विमानों के बड़े स्तर पर नवीनीकरण का कार्य करता है। सुखोई-30 एमकेआई की इजेक्शन सीट से प्राप्त अपने अनुभव का उपयोग करते हुए, बीआरडी ने मिग-29के की इजेक्शन सीट के नवीनीकरण के लिए तकनीक विकसित की, जिसे वायु दक्षता प्रमाणन एजेंसी आरसीएमए ने मंजूरी दे दी।

## यूरोपीय यूनियन के मिशन प्रमुखों ने की राहुल गांधी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ (ईयू) के भारतीय राजनीतिक दलों के साथ जुड़ाव के तहत ईयू देशों के मिशन प्रमुखों ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। ईयू के राजनयिक हर्वे डेल्फिन के मुताबिक दोनों पक्षों ने बढ़ती ईयू-भारत रणनीतिक साझेदारी और बदलती भारतीय तथा वैश्विक भूराजनीतिक गतिशीलता पर चर्चा की।



भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल के राजदूत डेल्फिन ने कहा, भारतीय राजनीतिक दलों के साथ हमारे जुड़ाव के तहत ईयू के मिशन प्रमुखों ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी और और कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के प्रमुख सलमान खुर्शीद के साथ दोपहर का भोजन किया। हाल के महीनों में ईयू और भारत के संबंधों में नई प्रगति देखी गई है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन तथा यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने 26 जनवरी को 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। भारत और 27 देशों के इस समूह ने 27 जनवरी को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए बातचीत खत्म होने की घोषणा की थी।

## रूस ने यूक्रेन पर किया सबसे बड़ा हमला, 800 ड्रोन दागे

**कीव।** रूस ने बुधवार को यूक्रेन के करीब 20 क्षेत्रों पर 800 ड्रोन से बड़ा हमला किया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई और बच्चों समेत तमाम लोग घायल हो गए। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इसे चार साल से जारी युद्ध में सबसे बड़े हमलों में से एक बताया।



- यूक्रेन के 20 इलाकों को बनाया निशाना, छह की मौत, तमाम घायल

यह हमला राजधानी कीव, पोलैंड के पास स्थित पश्चिमी शहर लीव और काला सागर के बंदरगाह शहर ओडेसा समेत कई इलाकों में घंटों तक जारी रहा। जेलेंस्की ने कहा कि रूस का मकसद यूक्रेन की हवाई रक्षा प्रणाली पर दबाव बढ़ाना है। उन्होंने आशंका जताई कि ड्रोन हमलों के बाद क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइल हमले भी हो सकते हैं।

हमलों से पड़ोसी देशों में भी चिंता बढ़ी है। हंगरी के प्रधानमंत्री पीटर माज्यार ने सीमा के पास ड्रोन हमले के बाद रूसी राजदूत को तलब करने की घोषणा की और रूस की कार्रवाई की निंदा की। कीव में ड्रोन का मलबा एक खुले इलाके में गिरा, जबकि पश्चिमी रिवने क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हो गई। लगातार हमलों के बीच जेलेंस्की ने कहा कि दुनिया को रूस के युद्ध पर चुप नहीं रहना चाहिए, इससे मॉस्को और अधिक आक्रामक हो सकता है। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संकेत दिया कि युद्ध समाप्ति के करीब हो सकता है।

# जीन एडिटिंग

## दुनिया में मानवता के लिए एक नई चुनौती

एक बड़ा सवाल है कि क्या हम डिजाइनर इंसानों के दौर में कदम रख चुके हैं। कल्पना कीजिए कि आप एक कंप्यूटर प्रोग्राम की तरह अपने शरीर के कोड को एडिट कर सकें। किसी बीमारी वाले हिस्से को काटकर हटा दें और उसकी जगह एक स्वस्थ जीन लगा दें। यह अब कोई साइंस-फिक्शन फिल्म की कहानी नहीं है। तकनीक ने वैज्ञानिकों को 'जीवन की किताब' को फिर से लिखने की ताकत दे दी है। हालांकि, इससे एक गंभीर सवाल भी पैदा हुआ है कि क्या यह मानवता के लिए कोई वरदान है या हम कुदरत के साथ बेहद खतरनाक खेल खेल रहे हैं।






दुनिया भर के वैज्ञानिकों का मानना है कि जीन एडिटिंग एक दोधारी तलवार है। अगर सही से इस्तेमाल हुआ तो यह हर लाइलाज बीमारी को खत्म कर सकता है, लेकिन अगर नियंत्रण खोया तो यह मानवता के अस्तित्व के लिए नया और बेहद गंभीर संकट भी बन सकता है।

### क्या है जीन एडिटिंग

दरअसल, हमारा शरीर खरबों कोशिकाओं से बना है और हर कोशिका में डीएनए होता है जैसे कि डेटा। जीन एडिटिंग इसी डेटा को बदलने की प्रक्रिया है। सीआरआईएसपीआर तकनीक कैंची की तरह काम करती है जो डीएनए के खास हिस्से को पहचानकर उसे काट सकती है। ठीक, कट-पेस्ट की तरह। अगर किसी बच्चे को विरासत में कोई गंभीर बीमारी मिलने वाली है जैसे सिकल सेल एनीमिया तो भ्रूण अवस्था में ही उस खराब जीन को ठीक कर सकते हैं। बीमारियों का अंत हो सकता है, कैंसर, एड्स और अंधापन जैसी असाध्य बीमारियों के इलाज के लिए जीन एडिटिंग को सबसे बड़ा हथियार माना जा रहा है।

### जीन एडिटिंग क्यों परिणाम क्या

- **डिजाइनर बेबी**
  बड़ी बहस इस बात पर है कि क्या भविष्य में माता-पिता अपने बच्चे की आंखों का रंग, ऊंचाई या बुद्धिमत्ता को चुनने के लिए जीन एडिटिंग कराएंगे। यह प्राकृतिक विविधता को खत्म कर सकता है।
- **अमीर-गरीब की खाई**
  यह तकनीक बहुत महंगी है। डर यह है कि भविष्य में केवल अमीर लोग ही सुपर ह्यूमन यानी ज्यादा ताकतवर और बुद्धिमान बच्चों को पैदा कर पाएंगे, जिससे समाज में एक नए किस्म का भेदभाव पैदा हो जाएगा।
- **ऑफ-टारगेट प्रभाव**
  जीन एडिटिंग अभी 100% सटीक नहीं है। अगर कैंची ने किसी गलत जीन को काट दिया तो इसके गंभीर और स्थायी दुष्परिणाम हो सकते हैं, जो आने वाली कई पीढ़ियों को प्रभावित कर सकते हैं।
- **कृषि और पर्यावरण**
  जीन एडिटिंग का इस्तेमाल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि फसलों पर भी हो रहा है। ऐसी फसलें तैयार की जा रही हैं जिन पर कीड़ों का असर न हो, इससे हमारे इकोसिस्टम का संतुलन बिगड़ सकता है।

### नैतिक सवाल, चुनौतियां

- बड़ा सवाल है कि क्या इंसानों को जीवन के ब्लूप्रिंट को बदलने का अधिकार है। कई लोग इसे ईश्वर बनना मानते हैं।
- जिस बच्चे के जीन बदले जा रहे हैं, उसकी इसमें सहमति नहीं होती। भविष्य में इससे उसे गंभीर समस्या हो सकती है।
- जब शुक्राणु या अंडे में बदलाव करते हैं तो वह वंशानुगत इतिहास का हिस्सा बन जाता है जो वापस नहीं हो सकता।

### दिलचस्प तथ्य

- पहली बार 2018 में चीन के एक वैज्ञानिक ने दुनिया के पहले जीन-एडिटेड बच्चों लुलु और नाना के जन्म का दावा किया था, जिससे दुनिया हैरान रह गई थी।
- अमेरिका की जेनिफर डौडना और फ्रांस के इमैनुएल चार्पेंटियर को 2020 में सीआरआईएसपीआर की खोज के लिए रसायन का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- सीआरआईएसपीआर तकनीक के बाद वैज्ञानिक अब ऐसे बुढ़ापे वाले जीन को ढूंढ रहे हैं जिन्हें एडिट करके इंसान की उम्र को 150 साल या उससे भी ज्यादा बढ़ाया जा सके।
- मच्छरों के खात्मे का मकसद पूरा करने की कोशिश, वैज्ञानिक ऐसे मच्छरों के जीन को एडिट कर रहे हैं जो मलेरिया नहीं फैला पाएंगे, जिससे लाखों जानें बचाई जा सकती हैं।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज रुके कार्य पूरे होने के संकेत हैं। परिवार में किसी शुभ समाचार से खुशी का माहौल बनेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**तुला** – आज रचनात्मक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी।

**वृष** – आज धैर्य और समझदारी से लिया गया निर्णय लाभ देगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं।

**वृश्चिक** – आज किसी पुराने काम में सफलता मिलने की संभावना है। घर-परिवार के मामलों में समझदारी से काम लें। नया निवेश सोच-समझकर करें।

**मिथुन** – आज भाग्य आपका साथ देगा। व्यापार में नई संभावनाएं दिखाई देंगी। बातचीत में मधुरता बनाए रखें, रिश्ते मजबूत होंगे।

**धनु** – आज ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

**कर्क** – आज मन थोड़ा भावुक रह सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतना जरूरी है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर** – आज आर्थिक स्थिति होगी। काम के दबाव के बीच खुद के लिए भी समय निकालें। परिवार का सहयोग आत्मविश्वास बढ़ाएगा।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। कार्यक्षेत्र में मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा।

**कुंभ** – आज का दिन नई शुरुआत के लिए अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाएं सफल हो सकती हैं। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** – आज का दिन व्यस्त रहेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी छोटी परेशानियों को नजरअंदाज न करें। मित्र की सलाह आपके काम आएगी।

**मीन** – आज मन में नए विचार आएंगे। किसी प्रिय व्यक्ति से मुलाकात खुशी दे सकती है। सकारात्मक सोच से हर कार्य सफल होगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 15 मई, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष- कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी 08.31 तक तत्पश्चात चतुर्दशी 16 मई 05.11 तक तत्पश्चात अमावस्या।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**-ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-अश्विनी 20.14 तक तत्पश्चात भरणी।

### सुडोकू - 149 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 5 | 8 | 9 | 6 | 4 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 | 1 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 3 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 8 | 4 | 1 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 3 | 6 |

### सुडोकू -150

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | | 3 | 4 | 5 | | | |
| 3 | 6 | | | | | | | |
| 4 | | | 8 | 7 | | | | |
| | | | | | | | | 5 |
| 7 | | | | 9 | 4 | | | |
| | | 2 | | | | | 9 | 3 |
| | | 3 | | 2 | 6 | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |

अनोखा मामला

**बगैर जानकारी दिए पति के नाम ले रखी थीं कई जीवन बीमा पॉलिसी, कमाना चाहती थी 40 लाख डॉलर**

# पति की मौत पर भावुक करने वाली किताब लिखी, खुद निकली कातिल

पार्क सिटी, एजेंसी

अमेरिका के यूटा राज्य में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां अपने पति की मौत के बाद बच्चों के लिए दुख और शोक से उबरने वाली किताब लिख कर लोगों की सहानुभूति बटोरने वाली एक महिला को ही आखिकार पति की हत्या का दोषी ठहराया गया है। अदालत ने बुधवार को उसे बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए कहा कि ऐसी अपराधी समाज के लिए बेहद खतरनाक होती है।



करीब 35 वर्षीय कूरी रिचिन्स को मार्च में अपने पति एरिक रिचिन्स की हत्या का दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, कूरी ने 2022 में पार्क सिटी स्थित घर में अपने पति के कॉकटेल में फेंटेनिल की घातक मात्रा से पांच गुना ज्यादा नशीला पदार्थ मिलाकर उसे मार डाला। जूरी ने उसे बीमा धोखाधड़ी, जालसाजी और हत्या के प्रयास समेत चार अन्य गंभीर अपराधों में भी दोषी पाया। अभियोजन पक्ष के अनुसार कूरी रिचिन्स ने अपने पति को मारने की कोशिश पहले भी की थी। अदालत में पेश साक्ष्यों के मुताबिक, उसने 'वैलेंटाइन डे' से कुछ सप्ताह पहले एरिक को फेंटेनिल मिला सैंडविच खिलाकर जहर देने की कोशिश की थी, लेकिन वह बच गया था। अदालत ने सजा सुनाते हुए कहा, ऐसे अपराध करने वाला व्यक्ति आजाद रहने के लायक नहीं है। संयोग से जिस दिन सजा सुनाई गई, उसी दिन एरिक रिचिन्स का 44वां जन्मदिन होता।

अभियोजकों ने अदालत को बताया कि कूरी करोड़ों डॉलर के कर्ज में डूबी हुई थी और किसी और के साथ भविष्य की योजना बना रही थी। उसने अपने पति की जानकारी के बिना कई जीवन बीमा पॉलिसी ली थीं और उसे यकीन था कि पति की मौत के बाद उसे 40 लाख डॉलर से अधिक की संपत्ति मिल जाएगी। गिरफ्तारी से पहले कूरी किताब का प्रचार कर रही थी, जिसमें एक बच्चे के पिता की मौत के दुख को दर्शाया गया था। एरिक के पिता यूजीन रिचिन्स ने अपने पोतों की रक्षा के लिए कूरी को बिना पैरोल के आजीवन कारावास की सजा देने का आग्रह किया था।

### बेटों ने कहा- मां जेल से बाहर आई तो हमारे लिए खतरा

पिता की मृत्यु के समय कूरी के बेटों की उम्र नौ, सात और पांच साल थी। सुनवाई के दौरान उसके तीनों बेटों के बयान भी पढ़कर सुनाए गए। बच्चों ने कहा कि अगर उनकी मां कभी जेल से बाहर आई तो वे खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करेंगे। एक बेटे ने कहा, आपने लालच में हमारे पिता को हमसे छीन लिया। बच्चों ने बताया कि जब वे अधपका खाना खाने से मना करते थे, तब रिचिन्स उन्हें उनके पालतू जानवरों को मार डालने की धमकी देती थी और युद्धग्रस्त इलाकों में भूख से तड़पते बच्चों के वीडियो दिखाती थी। उसके सबसे बड़े बेटे ने बताया कि उसकी मां नशे की हालत में उसे लगभग हर रोज कमरे में बंद कर देती थी।



विराट कोहली ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढ़ी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। उसने केकेआर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया।
–सुनील गावस्कर


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शुक्रवार, 15 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज का मुकाबला

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
लखनऊ सुपर जाइंट्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

स्थान : लखनऊ

# प्रभसिमरन का अर्धशतक, पंजाब ने मुंबई को दिया 201 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : शार्दुल ठाकुर ने धारदार गेंदबाजी कर चटकाए चार विकेट



प्रभसिमरन सिंह।

**धर्मशाला, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह के अर्धशतक के बाद शार्दुल ठाकुर की धारदार गेंदबाजी बावजूद पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आठ विकेट पर 200 रन बनाए। प्रभसिमरन (57 रन, 32 गेंद, छह चौके, चार छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा प्रियांश आर्य (22) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और कूपर कोनोली (21) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर पंजाब को ठोस मंच प्रदान किया लेकिन शारदुल (39 रन पर चार विकेट) ने बीच के ओवरों में मुंबई को जोरदार वापसी दिलाई।

दीपक चाहर ने भी 36 रन देकर दो विकेट चटकाए। अजमतुल्लाह उमरजई ने हालांकि अंत में 17 गेंद में दो चौकों और चार छक्कों से 38 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 200 रन तक पहुंचाया। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब किंग्स को प्रभसिमरन और प्रियांश आर्य (22) ने पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 50 रन जोड़कर प्रभावी शुरुआत दिलाई। प्रियांश ने चाहर पर चौके से खाता खोला जबकि प्रभसिमरन ने मुंबई की कप्तानी कर रहे जसप्रीत बुमराह पर दो चौके मारे। प्रभसिमरन हालांकि इस बीच भाग्यशाली भी रहे जब स्लिप में नमन धीर ने उनका आसान कैच टपका दिया। प्रियांश ने भी बुमराह पर दो चौके मारे लेकिन चाहर की गेंद पर बोल्ड हो गए।

प्रभसिमरन ने इस बीच शारदुल का स्वागत तीन चौकों के साथ किया। प्रभसिमरन को 28 रन के स्कोर पर दूसरा जीवनदान मिला जब कोर्बिन बॉश ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच टपका दिया।

कूपर कोनोली ने आठवें ओवर में रघु शर्मा पर पारी का पहला छक्का जड़ा और फिर विल जैक्स पर भी दो चौके मारे। प्रभसिमरन ने भी रघु पर लगातार दो छक्के जड़े और फिर बॉश पर छक्के और एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। पंजाब के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। शारदुल ने इसके बाद प्रभसिमरन और कप्तान श्रेयस अय्यर (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके पंजाब को दोहरा झटका दिया। शारदुल पर छक्का जड़ने के बाद प्रभसिमरन ने अगली गेंद पर शॉट दोहराने की कोशिश की लेकिन मिड विकेट पर बॉश को कैच दे बैठे। अय्यर ने शारदुल पर चौके से खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गए। राज बावा ने अगले ओवर में कोनोली (21) को बोल्ड करके पंजाब का स्कोर चार विकेट पर 111 रन किया। सूर्यांश शेडगे भी आठ रन बनाने के बाद शारदुल की गेंद पर बावा के हाथों लपके गए। अजमतुल्लाह उमरजई ने बॉश पर छक्का जड़ा लेकिन इस तेज गेंदबाज ने शशांक सिंह (02) को पगबाधा कर दिया।

पंजाब ने 15 ओवर में छह विकेट पर 135 रन बनाए। शारदुल ने इसके बाद मार्को यानसेन (02) को भी पगबाधा किया। पारी के 18वें ओवर में उमरजई (38) ने चाहर की लगातार गेंदों पर चौका और दो छक्के मारे लेकिन अगली गेंद पर जैक्स को कैच दे बैठे।



शार्दुल ठाकुर। एजेंसी

**पंजाब किंग्स**

**200/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो चाहर | 22 |
| प्रभसिमरन सिंह का बॉश बो शारदुल | 57 |
| कूपर कोनोली बो बावा | 21 |
| श्रेयस अय्यर बो शारदुल | 04 |
| सूर्यांश शेडगे का बावा बो शारदुल | 08 |
| शशांक सिंह पगबाधा बो बॉश | 02 |
| अजमतुल्लाह का जैक्स बो चाहर | 38 |
| मार्को यानसेन बो शारदुल | 02 |
| विष्णु विनोद नाबाद | 15 |
| जेवियर बार्टलेट नाबाद | 18 |

**अतिरिक्त** : 13, विकेट पतन : 1-50, 2-107, 3-111, 4-111, 5-123, 6-135, 7-140, 8-166 **गेंदबाजी** : चाहर 4-0-36-2, बुमराह 4-0-35-0, शार्दुल 4-0-39-4, बॉश 4-0-42-1, रघु 2-0-22-0, जैक्स 1-0-9-0, बावा 1-0-11-1

## अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 1.053 |
| 2. | गुजरात टाइटंस | 12 | 8 | 4 | 0 | 16 | 0.551 |
| 3. | सनराइजर्स हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 0 | 14 | 0.331 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 11 | 6 | 4 | 1 | 13 | 0.428 |
| 5. | चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.185 |
| 6. | राजस्थान रॉयल्स | 11 | 6 | 5 | 0 | 12 | 0.082 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 5 | 7 | 0 | 10 | -0.993 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 4 | 6 | 1 | 9 | -0.198 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.585 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 3 | 8 | 0 | 6 | -0.907 |

### ऑरेंज कैप






- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद-508 रन
- साई सुदर्शन गुजरात-501 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु -484 रन

### पर्पल कैप






- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु-22 विकेट
- कागिसो रबाडा गुजरात-21 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई-19 विकेट

## हाईलाइट



इटालवी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में एंड्री रुबलेव को हराने के बाद जश्न मनाते यानिक सिनर। एजेंसी

### सिनर ने जीता रिकॉर्ड 32वां लगातार एटीपी मास्टर्स 1000 मैच

**रोम।** इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी यानिक सिनर गुरुवार को शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रुस के आंद्रे रूबलेव को हराकर इटालवी ओपन के सेमीफानल में जगह बना ली है। आज यहां दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी सिनर ने एक नया टेनिस रिकॉर्ड तोड़ा। वह रूसी खिलाड़ी के खिलाफ जीत दर्ज एटीपी मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 32 एक मैच जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। सिनर ने इटेलियन ओपन 2026 के क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव को 6-2, 6-4 से हराया और नोवाक जोकोविच के 2011 से लगातार 31 जीत के सिलसिले को भी तोड़ा। अब सेमीफाइनल में सिनर का मुकाबला स्पेन के युवा खिलाड़ी मार्टिन लैंडालूस या पूर्व यूएस ओपन चैंपियन डेनियल मेदवेदेव से होगा।

# प्रतिष्ठा बचाने उतरेगा लखनऊ सुपर जाएंट्स

- **चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबला आज**

**लखनऊ, एजेंसी**

लचर प्रदर्शन के बावजूद प्लेआफ की दौड़ में कायम चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपना दावा बनाये रखना चाहेगी जबकि दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ के लिए यह महज प्रतिष्ठा का मुकाबला है।

चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी है जबकि लखनऊ की टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है।

अच्छी 'फिनिशिंग' नहीं होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैम्पियन चेन्नई टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की। दूसरी ओर लखनऊ को कप्तान ऋषभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज विरोधी टीमों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और चेन्नई के खिलाफ पहले चरण के मैच में तो वे 203 रन बनाकर भी हार गए।

# लगातार शून्य पर आउट होने से नर्वस था : कोहली



- **केकेआर के खिलाफ शतक लगाने पर विराट बोले-रन नहीं बनने से हो जाता हूं बैचेन**

**रायपुर, एजेंसी**

भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे। 37 वर्ष के कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की।

आरसीबी छह विकेट से जीत दर्ज करके आईपीएल की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। कोहली ने आईपीएल में नौवां शतक जड़ा और महेंद्र सिंह धोनी तथा रोहित शर्मा (279) को पछाड़कर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने बाद में प्रसारक से कहा पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था। मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं। उन्होंने कहा ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है। मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है। मैं लगातार बेहतर प्रदर्शन की कोशिश करता हूं ताकि अपना सर्वश्रेष्ठ टीम को देकर छाप छोड़ सकूं। कोहली ने स्वीकार किया कि पिछले दो मैचों में खाता नहीं खोल पाने से वह नर्वस थे लेकिन यह भी कहा कि नाकामी खिलाड़ी के विकास में भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा शतक जमाने के बाद जश्न बड़ा नहीं था क्योंकि हमें अंकों की अहमियत पता है।

# शकीरा और मैडोना विश्व कप फाइनल के हाफ-टाइम में बिखेरेंगी जलवा



मैडोना।

**मनीष श्रीवास्तव, खेल डेस्क**

**अमृत विचार** : फीफा विश्व कप फुटबॉल के फाइनल में इस बार दर्शकों को रोमांच के साथ मनोरंज का तड़का भी देखने को मिलेगा। पहली बार हाफ-टाइम शो होने जा रहा है, जिसमें शकीरा, मैडोना और के-पॉप के दिग्गज कलाकार सुपर बाउल शैली में प्रस्तुति देंगे। फाइनल 19 जुलाई को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होगा। फीफा ने गुरुवार को हाफ-टाइम शो की घोषणा कर दी है। कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन इस शो का संचालन कर रहे हैं। हालांकि फुटबॉल विश्व कप फाइनल में पहली बार होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि हाफ-टाइम कितना लंबा होगा।

**19** जुलाई को फाइनल ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में होगा

ध्यान रहे विश्व कप 11 जून को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में शुरू होगा।



इसमें 48 टीमों भाग लेंगी, जो अब तक सबसे बड़ा दल होगा। फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने पिछले साल मार्च में घोषणा की थी कि फीफा विश्व कप फाइनल में पहली बार हाफ-टाइम शो होगा। उन्होंने उस समय यह नहीं बताया कि कौन-कौन कलाकार प्रस्तुति देंगे या शो कितने समय तक चलेगा। उनका कहना है कि यह फीफा विश्व कप के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा और दुनिया के सबसे बड़े खेल आयोजन के अनुरूप एक शानदार प्रदर्शन होगा। यह कदम मियामी में 2024 कोपा अमेरिका के फाइनल के दौरान आयोजित शो की तरह ही है, जब कोलंबियाई स्टार शकीरा ने हार्ड रॉक स्टेडियम में हाफ-टाइम के दौरान प्रस्तुति दी थी। पिछले साल मेटलाइफ स्टेडियम में हुए फीफा क्लब विश्व कप के फाइनल में भी हाफ-टाइम शो हुआ था, जिसने निर्धारित 15 मिनट के ब्रेक से अधिक समय तक खेल को खींच दिया था। शकीरा का विश्व कप के साथ लंबा जुड़ाव रहा है, उन्होंने 2006 और 2014 के विश्व कप फाइनल में प्रस्तुति देने के अलावा 2010 के टूर्नामेंट के लिए 'वाका वाका' गीत का निर्माण भी किया था। विश्व कप में जीत हासिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।



शकीरा।

### खिलाड़ियों और प्रशंसकों को बेहाल कर सकती है गर्मी

विश्व कप में खिलाड़ियों को भीषण गर्मी का करना पड़ सकता है। मियामी में आयोजित होने वाले प्रत्येक मैच में तापमान निर्धारित सीमा से अधिक होने की आशंका है, जबकि मेक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम को छोड़कर बाकी सभी स्थानों पर पिछले 30 वर्षों में तापमान का स्तर बढ़ा है। शोधकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि कई मैच खिलाड़ियों और प्रशंसकों के लिए असुरक्षित होंगे। अत्यधिक गर्मी और नमी से प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। वेट बल्ब ग्लोब टेम्परेचर (डब्ल्यूबीजीटी) इस जोखिम को मापने का एक तरीका है। फीफा के नियमों के अनुसार, यदि मैच से पहले डब्ल्यूबीजीटी का स्तर 32 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो मैच के स्थगन पर विचार होना चाहिए।

**साक्षात्कार**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष बोले- 'फूट डालो और राज करो' नहीं चलेगा

# श्रीजेश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं : दिलीप टिर्की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा है कि पी आर श्रीजेश के लिये दरवाजे हमेशा खुले हैं और वह बेहतर अनुभव के साथ वापसी कर सकते हैं लेकिन भारतीय हॉकी में ''फूट डालो और राज करो'' का खेल अब बंद होना चाहिए। टिर्की ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा हॉकी इकोसिस्टम में कुछ लोग हैं जो ''फूट डालो और राज करो'' की रणनीति पर काम कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि मैं खिलाड़ी पहले हूं और खेल प्रशासक बाद में, तीन ओलंपिक और 412 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुका हूं।

उन्होंने कहा मेरे अध्यक्ष रहते हॉकी इंडिया में सारे फैसले सामूहिक रूप से लिए गए। मेरा पहला दायित्व खिलाड़ियों के प्रति है और मनप्रीत सिंह हो या श्रीजेश, मैने हमेशा खिलाड़ियों से सीधे बात की है। ये ओलंपिक कप्तान रहे हैं और भारतीय हॉकी की अनमोल धरोहरें हैं। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता श्रीजेश ने सोशल मीडिया पर बुधवार को एक तल्ख पोस्ट में आरोप लगाया था कि विदेशी कोच को तरजीह देने के लिये उन्हें जूनियर टीम के कोच के पद से हटाया गया है। यूरोप के अनुभवी कोच फ्रेडरिक सोयेज को बृहस्पतिवार को जूनियर पुरूष टीम का नया कोच बनाया गया। टिर्की ने कहा भारत के लिए खेल चुके खिलाड़ियों के लिए हॉकी इंडिया के दरवाजे हमेशा खुले हैं। हम भविष्य के बारे में सोच रहे हैं व भारतीय कोचों को बढावा देने के खेल मंत्रालय के विजन पर काम कर रहे हैं। हमारी नजरें 2032 तथा 2036 ओलंपिक पर है। इसमें श्रीजेश भारतीय सीनियर टीम के कोच हो सकते हैं पर उन्हें अभी अनुभव की जरूरत है।

उन्होंने कहा श्रीजेश का कार्यकाल खत्म होने पर हॉकी इंडिया ने तय किया था कि नया अनुभवी कोच लाया जाए क्योंकि टीम का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। यह फैसला मेरे अकेले का नहीं बल्कि सर्वसम्मति से हॉकी इंडिया का था।

भारत के महान फुलबैक और पूर्व कप्तान रहे टिर्की ने कहा कि अंडर 21 टीम काफी अहम है और इसे एक अनुभवी कोच की जरूरत है। कहा कि हॉकी इंडिया को आनन फानन की बजाय सोच समझकर कोच की नियुक्ति करनी चाहिए थी। भारतीय हॉकी में कभी ऐसा नहीं हुआ था कि खिलाड़ी को संन्यास के बाद बिना अनुभव के तुरंत कोच बना दिया गया हो। श्रीजेश ने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने के बाद खेल से संन्यास ले लिया था जिसके बाद उन्हें जूनियर टीम का कोच बनाया गया।



दिलीप टिर्की।

### सोयेज बने जूनियर पुरुष हॉकी टीम के नए कोच

**नई दिल्ली।** फ्रांस के फ्रेडरिक सोयेज को बृहस्पतिवार को भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम का नया कोच बनाया गया जो दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पी आर श्रीजेश की जगह लेंगे। पूर्व स्टार गोलकीपर श्रीजेश का अनुबंध पिछले साल चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप में कांस्य पदक जीतने के बाद खत्म हो गया था। हॉकी इंडिया ने उनके अनुबंध का नवीनीकरण नहीं किया। सोशल मीडिया पर एक तल्ख पोस्ट में श्रीजेश ने निराशा व्यक्त करते हुए बुधवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान पांच टूर्नामेंटों में पांच पदक जीतने के बावजूद उनका अनुबंध नहीं बढ़ाया गया, लेकिन हॉकी इंडिया ने तर्क दिया कि यह फैसला 2036 ओलंपिक की मेजबानी की भारत की महत्वाकांक्षाओं के अनुरूप एक टिकाऊ और दीर्घकालिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लिया गया था।

# भारत ने अंडर-15 लड़कियों की मेडल स्टैंडिंग में टॉप किया

**ताशकंद।** भारत ने एशियन बॉक्सिंग अंडर 15 चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें 9 गोल्ड, 6 सिल्वर और 12 ब्रॉन्ज़ सहित 27 शानदार मेडल जीते, और अंडर-15 लड़कियों की मेडल स्टैंडिंग में टॉप पर रहा।

अंडर-15 लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 गोल्ड, 2 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल के साथ कैंपेन में सबसे आगे रहीं, जबकि अंडर-15 लड़कों ने 2 गोल्ड, 4 सिल्वर और 7 ब्रॉन्ज़ मेडल दिए। 33किग्रा कैटेगरी में, अक्षिता ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन ओडिना युसुपोवा (उज्बेकिस्तान) से 2:3 से करीबी मुकाबले में हारकर सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा। अंजी (37) ने नूरज़ानत बेकनाज़र पर 5:0 से जबर्दस्त जीत के साथ गोल्ड जीता,

# सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर

**थाईलैंड ओपन**

**बैंकॉक, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया।

सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21-13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरुष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा।

हालांकि दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16-21, 21-11, 18-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23-21, 21-11 से मात दी।